CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 26°C

मुजफ्फरनगर, शुक्रवार 29 अगस्त 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 227 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 | 5 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बूथ की मजबूती के लिए काम करें कार्यकर्ता: अखिलेश पेज 2



पीवी सिंधु बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप के क्वार्टरफाइनल में पहुंचीं खेल टाइम्स



त्वरित सफलता के मंत्र: एक भ्रामक प्रलोभन सम्पादकीय



ट्रम्प के सलाहकार ने यूक्रेन जंग को मोदी वॉर बताया पेज 12

### समुद्र के ऊपर उड़ते समय इंडिगो फ्लाइट में गड़बड़ी

**अहमदाबाद।** सूरत से दुबई जा रही इंडिगो फ्लाइट की अहमदाबाद में इमरजेंसी लैंडिंग हुई। विमान संख्या 6ई-1507 ने गुरुवार सुबह 9:30 बजे सूरत एयरपोर्ट से उड़ान भरी। बीच में कुछ तकनीकी गड़बड़ी के कारण विमान को अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल एयरपोर्ट पर उतारना पड़ा। विमान में 150 यात्री सवार थे। जब पायलट को इंजन में कुछ दिक्कत महसूस हुई, विमान समुद्र के ऊपर था। पायलट ने तुरंत एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क किया, जिसके बाद विमान को सफलतापूर्वक अहमदाबाद में उतारा गया। इंडिगो ने बताया कि सभी यात्रियों को सुरक्षित विमान से उतारा गया।

### बांदीपोरा में घुसपैठ की कोशिश नाकाम दो आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले के गुरेज सेक्टर में सुरक्षा बलों द्वारा घुसपैठ की कोशिश नाकाम करने के बाद गुरुवार को दो अज्ञात आतंकवादी मारे गए। सेना ने यह जानकारी दी। जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा संभावित घुसपैठ की कोशिश के बारे में दी गई विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर, भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एलओसी के पास नौशेरा नर इलाके में एक संयुक्त अभियान शुरू किया। सतर्क सैनिकों ने संदिग्ध गतिविधि का पता लगाया और घुसपैठियों को चुनौती दी, जिनका जवाब उन्होंने अंधाधुंध गोलीबारी से दिया। सुरक्षा बलों ने तुरंत जवाबी कार्रवाई करते हुए दो आतंकवादियों को मार गिराया।

### उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के इस्तीफे की चर्चा

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के अपने पद से इस्तीफा देने की खबर चर्चा में है। उनका 5 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण हो चुका है। माता वैष्णो देवी यात्रा के दौरान भारी भीड़ और अव्यवस्था से श्रद्धालुओं की मौत तथा जम्मू में बाढ़ के दौरान कुप्रबंधन की पूरी ज़िम्मेदारी लेते हुए यह कदम उठाया है।

### राज्यपाल बिल लंबित रखें यह सही परंपरा नहीं, बावजूद इसके...

# राष्ट्रपति-राज्यपाल अपने फैसलों के लिए कोर्ट में जवाबदेह नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कहा कि राष्ट्रपति और राज्यपाल की विधानसभा से पास बिलों पर कार्रवाई के खिलाफ राज्य सुप्रीम कोर्ट में रिट पिटीशन दायर नहीं कर सकते।

केंद्र ने कहा कि राज्य सरकारें अनुच्छेद 32 का इस्तेमाल नहीं कर सकतीं। क्योंकि मौलिक अधिकार आम नागरिकों के लिए होते हैं, राज्यों के लिए नहीं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि राष्ट्रपति जानना चाहती हैं कि क्या राज्यों को ऐसा अधिकार है। उन्होंने यह भी कहा कि अनुच्छेद 361 के अनुसार राष्ट्रपति और राज्यपाल अपने फैसलों के लिए कोर्ट में जवाबदेह नहीं होते। केंद्र ने तर्क दिया कि कोर्ट राष्ट्रपति या राज्यपाल को कोई निर्देश नहीं दे सकते, क्योंकि उनके फैसले न्यायिक समीक्षा के दायरे में नहीं आते। वहीं, कोर्ट ने कहा कि यदि कोई राज्यपाल छह महीने तक बिल लंबित रखता है तो यह भी सही नहीं है। सीजेआई बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पांच जजों की



**राज्य सुप्रीम कोर्ट में रिट पिटीशन नहीं दे सकते: केंद्र, डेडलाइन मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई**

बेंच ने राज्य सरकारों की तरफ से भेजे बिलों पर राज्यपालों और राष्ट्रपति के साइन करने के लिए डेडलाइन लागू करने वाली याचिका पर सुनवाई की। 15 मई, 2025 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संविधान के अनुच्छेद 143 के तहत सुप्रीम कोर्ट को एक संदर्भ दिया और अनुच्छेद 200 और 201 के तहत राज्यपाल और राष्ट्रपति की शक्तियों से जुड़े 14 सवालों पर कोर्ट की राय मांगी थी। यह मामला तमिलनाडु गवर्नर ने राज्य सरकार के बीच हुए विवाद से उठा था।

### सुप्रीम कोर्ट ने पत्रकार अभिसार शर्मा को अंतरिम संरक्षण प्रदान किया



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने यूट्यूब वीडियो में असम सरकार की आलोचना करने संबंधी मामले में पत्रकार अभिसार शर्मा को चार सप्ताह के लिए गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण प्रदान किया है। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने गुरुवार को राष्ट्र की संप्रभुता को कथित रूप से खतरे में डालने और अन्य अपराधों के लिए भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों के तहत उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने संबंधी याचिका पर विचार करने से इन्कार करते हुए उन्हें गुवाहाटी उच्च न्यायालय जाने का निर्देश दिया।

# सम्भल में घटी 30 % हिंदू आबादी

## न्यायिक आयोग ने सीएम योगी को सौंपी रिपोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र में पिछले साल 24 नवम्बर को सम्भल जिले में हुई हिंसा की न्यायिक जांच की रिपोर्ट गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंप दी गई।

सम्भल हिंसा के कारणों की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग ने हिंदू जनसंख्या में कमी और जामा मस्जिद को शिव मंदिर बताकर हिंदुओं द्वारा किए गए दावे के बारे में कई निष्कर्ष निकाले हैं। न्यायिक आयोग ने योगी को 450 पृष्ठों की रिपोर्ट सौंपी है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति डीके अरोड़ा की अध्यक्षता में गठित जांच आयोग में पूर्व पुलिस महानिदेशक एके जैन और सेवानिवृत्त अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद भी सदस्य थे। रिपोर्ट सौंपते समय मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव और प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद तथा प्रमुख सचिव (संसदीय कार्य) जेपी सिंह मौजूद थे। रिपोर्ट को मंत्रिमंडल



**कब-कब हुए दंगे, 450 पन्नों में दर्ज पूरा इतिहास, बार-बार हुए दंगों के कारण सम्भल में हिंदू आबादी घटती गई, केवल 15 प्रतिशत हिंदू बचे**

की बैठक में रखा जाएगा और वहां से पारित होने के बाद इसे विधानसभा पटल पर रखा जाएगा और उसके बाद ही इसे सार्वजनिक किया जाएगा। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने संवाददाताओं को बताया कि सम्भल हिंसा की न्यायिक रिपोर्ट आज सरकार को सौंप दी गई है। उन्होंने कहा कि हम रिपोर्ट की जांच कर रहे हैं और उसके बाद कार्रवाई करेंगे। रिपोर्ट में न केवल 24 नवम्बर, 2024 को हुई हिंसा का वर्णन है, बल्कि सम्भल में हुए अन्य दंगों का भी ज़िक्र है। सूत्रों के अनुसार, रिपोर्ट में कहा गया है कि बार-बार हुए दंगों के कारण सम्भल में हिंदू आबादी घटती गई। अब वहां केवल 15 प्रतिशत हिंदू बचे हैं, बाकी पलायन कर गए हैं। आज़ादी के समय सम्भल नगर पालिका में 45 प्रतिशत हिंदू थे। यानी पिछले 78 सालों में हिंदू आबादी में 30 प्रतिशत की कमी आई है। अब तक 15 दंगे हो चुके हैं और आरोप लगे हैं कि -शेष पृष्ठ दो पर

# वैष्णो देवी हादसे में उप्र के 11 मृतकों की हुई पहचान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** जम्मू-कश्मीर में मंगलवार को वैष्णो देवी मार्ग में हुए भूस्खलन में उत्तर प्रदेश के कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। इस भूस्खलन में अब तक 34 लोगों की जान जा चुकी है।

सरकार की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस प्राकृतिक आपदा में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और अधिकारियों को राज्य में मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया। मृतकों में आगरा की भावना (12), सुनीता (35) और सेजल (2), मुजफ्फरनगर के कार्तिक

**मुजफ्फरनगर के कार्तिक, अनंत और दीपेश कुमार एवं गाजियाबाद की नीरा भी मृतकों में शामिल**

(22), अनंत (6) और दीपेश कुमार, लखनऊ की चांदनी (30), गाजियाबाद की नीरा (35) शामिल है, जबकि ममता देवी (45), राम वीरी और अंजलि (25) के घर के पते नहीं बताए गए हैं। उत्तर प्रदेश के सात घायलों में संगीता, उमंग, कमलेश, वैष्णवी, पूर्वी, गोरान और मयंक शामिल हैं। वैष्णो देवी मंदिर के मार्ग पर यह हादसा मंगलवार दोपहर तीन बजे अर्धकुंवारी मंदिर से कुछ दूर इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास हुआ था।

### आतंकी अलर्ट के बीच राहुल गांधी की यात्रा में बदलाव

**सीतामढ़ी।** आतंकी अलर्ट के बाद कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की 'वोटर अधिकार यात्रा' की सुरक्षा और कार्यक्रम में बड़ा बदलाव किया गया। सीतामढ़ी में कैंप से निकलने के बाद वे सीधे जानकी मंदिर पहुंचे। यहां उनके स्वागत के लिए कई जगह मंच बनाए गए थे, लेकिन राहुल बिना रुके सीधे मंदिर दर्शन के लिए गए। तय कार्यक्रम के अनुसार मंदिर दर्शन के बाद उनका रोड शो होना था, लेकिन सुरक्षा कारणों से उसे रद्द कर दिया गया। राहुल गांधी अब खुले गाड़ी की जगह पूरी तरह बंद गाड़ी से यात्रा कर रहे हैं। वे तय समय से एक घंटा पहले, सुबह 11 बजे ही मोतिहारी के ढाका पहुंचे। यहां रास्ते में उन्होंने गाड़ी से ही लोगों का अभिवादन किया और समर्थकों से मुलाकात की। पहुंचने के बाद वे सिटी होटल में ठहरे और शाम चार बजे यात्रा की शुरुआत आजाद चौक से करेंगे।

# पंजाब के सात जिलों में बाढ़, सेना पहुंची

**नई दिल्ली।** पंजाब में बारिश के कारण 7 जिले और 150 से ज्यादा गांव बाढ़ की चपेट में हैं। रावी-व्यास और सतलुज नदी का जलस्तर बढ़ा हुआ है। राज्य में 30 अगस्त तक सभी स्कूल बंद हैं।

राज्य के अजनाला में रेस्क्यू ऑपरेशन की जिम्मेदारी सेना ने संभाल ली है। इस दौरान एम्फीबियस गाड़ियों से लोगों को निकाला जा रहा है। इनकी

**राज्य में 30 अगस्त तक सभी स्कूल बंद**

विशेषता है कि ये जमीन और पानी दोनों पर चलने में सक्षम हैं। जम्मू-कश्मीर में बारिश से जुड़ी दुर्घटनाओं में 41 लोगों की मौत हो गई। जम्मू में झेलम और दिल्ली में यमुना खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। इसके चलते निचले इलाकों में अलर्ट जारी किया गया है।

# विरार में बिल्डिंग गिरी, 17 की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पालघर जिले के विरार में बिल्डिंग गिरने से मरने वालों की संख्या 17 हो गई है। विरार इलाके के विजय नगर में 26 अगस्त की रात 12.05 बजे लगभग 50 फ्लैटों वाला चार मंजिला रमाबाई अपार्टमेंट के 12 फ्लैट बगल में एक खाली पड़े मकान पर ढह गए। बुधवार को 12 लोगों की मौत की पुष्टि की गई थी। गुरुवार को रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान 5 लोगों के शव मिले। 9 लोग घायल हैं। हादसे के वक्त चौथी मंजिल पर एक साल की बच्ची की जन्मदिन की पार्टी चल रही थी, तभी हादसा हुआ। इसमें बच्ची, उसकी मां और कई मेहमानों की भी मौत हो गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक हादसे के वक्त बिल्डिंग में इसी बच्ची की बर्थडे पार्टी चल रही थी। पालघर की जिला कलेक्टर डा. इंदु रानी जाखड़ ने गुरुवार सुबह पुष्टि की कि इस घटना में वह बच्ची भी शामिल है, जिसका जन्मदिन उस समय मनाया जा रहा था।

# अडानी ने 1000 करोड़ का जेट खरीदा

अहमदाबाद, वार्ता

**बिलेनियर उद्योगपति** गौतम अडानी ने अमेरिकी विमान कंपनी बोइंग से 737-मैक्स 8-बीबीजे सीरीज का लग्जरियस बिजनेस जेट खरीदा है। इसकी कीमत करीब 1000 करोड़ रुपये है।

यह लंदन तक नान-स्टाप उड़ान भर सकता है, जबकि अमेरिका-कनाडा तक एक बार ईंधन भरने के बाद पहुंच सकता है।



अडानी का नया प्लेन स्विट्जरलैंड के बेसल शहर से 9 घंटे में 6300 किलोमीटर की दूरी तय कर यह गणेश चतुर्थी के दिन बुधवार सुबह 10 बजे अहमदाबाद एयरपोर्ट पर उतरा। वाटर कैनन सैल्यूट से इसका

**35 करोड़ खर्च से इंटीरियर, 5 स्टार होटल का रूप दिया**

स्वागत किया गया। रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने भी 24 अगस्त 2024 को इसी सीरीज का विमान खरीदा था। वैसे बोइंग 737 मैक्स 200-सीटर विमानों का इस्तेमाल अकासा, एयर इंडिया एक्सप्रेस, स्पाइसजेट भी करती हैं। अब उद्योगपति भी अपने निजी उपयोग के लिए इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। अडानी के बिजनेस जेट का इंटीरियर स्विट्जरलैंड में 35 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। यह अल्ट्रा-लग्जरी एयरक्राफ्ट सुइट बेडरूम, बाथरूम, प्रीमियम लाउंज, कॉन्फ्रेंस रूम जैसी सुविधाओं से लैस है और 35 हजार फीट की ऊंचाई पर उड़ते फाइव स्टार होटल के बराबर है।



## संक्षिप्त समाचार

### अब एक कॉल पर मिलेंगी परिवहन विभाग की सुविधाएं

**लखनऊ।** उप्र परिवहन विभाग ने अपने उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए नया टोल फ्री नंबर '149' जारी किया है, जिसमें विभाग से जुड़ी जानकारी और मदद मुहैया कराई जाएगी। अधिकृत सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि परिवहन विभाग ने पिछले दिनों दूरसंचार मंत्रालय से छोटा व याद रखने में आसान हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था। इस पर दूरसंचार मंत्रालय ने शॉर्ट कोड '149' स्वीकृत कर लागू कर दिया है। अब परिवहन विभाग की हेल्पलाइन दोनों नंबरों (पूर्व से संचालित टोल-फ्री 1800-1800-151) और नया '149' पर 24.7 उपलब्ध रहेगी। ड्राइविंग लाइसेंस , पंजीकरण प्रमाणपत्र (आरसी), परमिट, फिटनेस, रोड टैक्स, प्रदूषण प्रमाणपत्र, बीएच- सीरीज़ पंजीकरण, ई-वी सब्सिडी, आरवीएसएफ (स्क्रैप), एटीएस, एडीटीसी, ई-चालान, ई-डीएआर तथा संबंधित ऑनलाइन पोर्टलों/ सेवाओं की जानकारी, स्थिति और शिकायत-निवारण '149' या 1800-1800-151 पर कर सकते हैं।

### कांग्रेस गली-गली वाली नहीं गाली वाली पार्टी बनी

**नई दिल्ली।** बिहार के दरभंगा में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा पीएम मोदी के लिए संबोधित किए गए शब्दों पर भाजपा ने गुरुवार को आपत्ति दर्ज कराते हुए कांग्रेस को गाली देने वाली पार्टी बताया है। संबित पात्रा ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी स्वर्गीय माता जी के लिए जिन शब्दों का प्रयोग किया उसने लोकतंत्र को शर्मसार कर दिया है।

# बड़े श्रम सुधारों की ओर बढ़ रहा उत्तर प्रदेश: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा: ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को और सशक्त बनाने के लिए नए कदम उठाना समय की मांग

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को और सशक्त बनाने के लिए नए कदम उठाना समय की मांग है और औद्योगिक विकास के साथ श्रमिकों की सुरक्षा और सुविधा की गारंटी सुनिश्चित करना भी जरुरी है।

योगी ने गुरुवार को यहां एक उच्च स्तरीय बैठक में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'श्रमेव जयते' के भाव को आत्मसात करते हुए हमें ऐसे सुधार करने होंगे, जो उद्यमियों और श्रमिकोंद्ध दोनों के लिए लाभकारी सिद्ध हों। मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य सरकार शीघ्र ही 'सुगम्य व्यापार (प्राविधानों का संशोधन) विधेयक, 2025' लाने जा रही है। इसके अंतर्गत आबकारी अधिनियम, शीरा अधिनियम, वृक्ष संरक्षण अधिनियम, राजस्व संहिता, गन्ना अधिनियम, भूगर्भ जल अधिनियम, नगर निगम अधिनियम, प्लास्टिक कचरा अधिनियम, सिनेमा अधिनियम तथा क्षेत्र व जिला पंचायत अधिनियम सहित कई कानूनों को अधिक व्यावहारिक स्वरूप दिया जाएगा। इनमें जहां पहले कारावास की सज़ा का प्रावधान था, वहां अब अधिक आर्थिक दंड व प्रशासनिक कार्रवाई को वरीयता देने की योजना है। नए प्रावधानों पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अनावश्यक दंडात्मक प्रावधानों को समाप्त कर, उनकी जगह पारदर्शी और न्यायसंगत व्यवस्था लागू करना समय की मांग है। बैठक में बताया गया कि इस विधेयक पर संबंधित 14 विभागों से राय ली गई है। अधिकांश विभाग सहमत हैं, जबकि कुछ ने आपत्तियां दर्ज कराई हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि आपत्तियों और सुझावों पर गंभीरता से विचार करते हुए विधेयक को ऐसा स्वरूप दिया जाए, जो उद्योग और श्रमिकों के हितों में संतुलित हो। बैठक में श्रम कानूनों के सरलीकरण पर भी चर्चा हुई।

### सुधारों की श्रृंखला में 'निवेश मित्र 3.0' पर भी विचार-विमर्श हुआ

प्रस्तावों में फैक्ट्री लाइसेंस की अवधि बढ़ाने, दुकानों व प्रतिष्ठानों के नियमों में व्यावहारिक बदलाव करने और महिलाओं को अधिक अवसर उपलब्ध कराने जैसे कदम शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि निरीक्षण व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के लिए स्व-सत्यापन और थर्ड पार्टी ऑडिट की प्रणाली अपनाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इन सुधारों से जहां उद्योगों का बोझ कम होगा, वहीं श्रमिकों का हित भी सुरक्षित होगा। सुधारों की श्रृंखला में 'निवेश मित्र 3.0' पर भी विचार-विमर्श हुआ। इसके तहत निवेशकों की आवेदन व अनुमोदन प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल और सुगम बनाया जाएगा। कॉमन एप्लिकेशन फॉर्म, पैन-आधारित पहचान, स्मार्ट डैशबोर्ड, बहुभाषी सहायता और एआई चैटबॉट जैसी सुविधाएं जोड़ी जाएंगी।

### उप्र में अब तीन किमी के अंदर होगा स्कूलों का विलय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में उच्च प्राथमिक विद्यालयों के विलय को लेकर बड़ी खबर है। अब तीन किमी के अंदर आने वाले स्कूलों को मर्ज किया जाएगा। अभी तक एक किमी के अंदर के स्कूलों को मर्ज किया जा रहा था। इसके लिए शासन ने शिक्षा मंत्रालय के आदेश का अनुपालन करने के लिए संबंधित को निर्देश जारी कर दिए हैं। अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने पत्र जारी करते लिखा कि 16 जून, 2025 को जारी निर्देश के क्रम में अपर्याप्त छात्र नामांकन वाले विद्यालयों को नजदीक के विद्यालयों के साथ पेयर किया जाए। इस दौरान स्थानीय परिस्थितियों एवं आवश्यकताओं को ध्यान में रखें। उन्होंने आगे कहा कि छोटे एवं कम संसाधनों वाले विद्यालयों को बड़े विद्यालयों के साथ जोड़ा जाए।

# बूथ की मजबूती के लिए काम करें कार्यकर्ता: अखिलेश

लखनऊ, वार्ता



समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बूथ की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा की साजिश से सावधान रहना है।

यादव ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि उत्तर प्रदेश के भविष्य का चुनाव है। भाजपा लोकतंत्र और संविधान के लिए खतरा है। लोकतंत्र के खिलाफ लोकतंत्र तभी सुरक्षित रहेगा, जब भाजपा सत्ता से बाहर जाएगी। पार्टी को हर बूथ पर बीएलए बनाना है। बीएलए लिस्ट पर कार्यकर्ता कार्य करते रहें। बूथ पर काम करते रहना है। बूथ को मजबूत करना है। पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं को बहुत काम करना होगा। वोट बनवाना, वोट बचाना, वोट पड़वाना और वोट गिनवाना हर काम में सक्रिय रूप से शामिल होना होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा है। हर विभाग, हर कार्य में भ्रष्टाचार हो रहा है। प्रदेश में अवैध प्लाटिंग का धंधा जोरों पर है। भाजपा के लोग गरीबों की जमीन, तालाब और अन्य सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा कर रहे है। भाजपा भूमाफिया पार्टी बन गयी है। प्रदेश में कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। कानून-व्यवस्था पर जीरो टालरेंस का दावा जीरो हो चुका है।

# आयात शुल्क को लेकर केजरीवाल का केंद्र पर निशाना

नई दिल्ली, वार्ता



■ कहा: मोदी ने अमेरिकी कपास पर आयात शुल्क हटाकर किसानों को दिया धोखा: केजरीवाल

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका से आने वाली कपास पर आयात शुल्क हटाकर किसानों के साथ बड़ा धोखा दिया है।

केजरीवाल ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि अमेरिका से जो कपास भारत आता है उस पर 11 प्रतिशत सीमा शुल्क लगाई जाती थी जिसे मोदी सरकार ने हटा दिया। उन्होंने कहा कि यह किसानों के साथ धोखा है। पहले जब 11 प्रतिशत शुल्क लगाया जाता था तब उसके मुकाबले भारतीय कपास सस्ती पड़ती थी, लेकिन शुल्क हटाने के बाद भारतीय कपास के मुकाबले अमेरिकी कपास सस्ती मिलेगी। शुल्क हटाने के बाद अमेरिकी कपास भारतीय कपास के मुकाबले 15 से 20 रुपए प्रति किलो तक सस्ती हो जाएगी इससे भारतीय किसानों का माल नहीं बिकेगा। यह किसानों के साथ बड़ा धोखा है। यह शुल्क फिलहाल 40 दिनों के लिए हटाई गई है, जबकि हमारे किसानों का कपास तैयार होकर अक्टूबर तक बाजार में आएगा।

## 2024-25 में उप्र से यूएस को 36850 करोड़ का हुआ निर्यात

# एमएसएमई उद्योग को बचाने की कवायद तेज

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सरकार को छूट देने के साथ ही मार्किट के विकल्पों पर विचार करने का सुझाव दिया गया

**लखनऊ।** अमेरिका की तरफ से भारत पर लगाए गए 50 फीसद टैरिफ (25 फीसद टैरिफ 25 फीसद पेनाल्टी) को लेकर एमएसएमई उद्योग को बचाने की दिशा में सरकार सभी विकल्पों पर ध्यान दे रही है। इसमें एमएसएमई विभाग की तरफ से सरकार को छूट देने के साथ ही मार्किट के विकल्पों पर विचार करने का सुझाव दिया गया है।

टैरिफ को लेकर भारत अमेरिका की तनातनी के पूर्व वर्ष 2024.25 में अकेले उप्र से 36850 करोड़ रुपए यानी 4.20 विलियन यूएस डॉलर का निर्यात किया गया था। जिसमें डेयरी प्रोडक्ट से लेकर लेदर, टेक्सटाइल, कार्पेट, जेम्स एंड ज्वेलरी, आयरन एंड स्टील, इलेक्ट्रॉनिक, आटोमोबाइल पार्ट्स और फर्नीचर शामिल है। जिनमे सबसे ज्यादा हिस्सेदारी को देखा जाए, तो 487.45 मिलियन यूएस डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक आइटम, 445.81 मिलियन डॉलर के कपड़े, 396.87 मिलियन डॉलर के कार्पेट और 322.11 मिलियन डॉलर के स्टील और आयरन शामिल है।

वहीं भारत द्वारा यूएस को किए जा रहे निर्यात पर नजर डालें, तो 2023.24 में कुल 91.2 विलियन यूएस डॉलर का निर्यात किया गया था। जबकि द्विपक्षीय वस्तु व्यापार के तहत यह आंकड़ा 134 विलियन यूएस डॉलर का था। इनमें इलेक्ट्रॉनिक मशीनरी से लेकर जेम्स एंड ज्वेलरी, फार्मास्युटिकल, इंडस्ट्रियल मशीनरी, मिनरल्स ऑयल, आयरन स्टील, वेहिकल, आर्गेनिक केमिकल्स सहित कपड़े शामिल हैं। वही टैरिफ लगने के बाद एमएसएमई विभाग के मुताबिक टेक्सटाइल एंड गारमेंट पर 60 से 65 प्रतिशत, मीट, डेयरी, पोल्ट्री प्रोडक्ट पर 54.50 प्रतिशत, लेदर गुडस एंड फुटवियर पर 52.5 प्रतिशत से 59.5 प्रतिशत, कार्पेट्स पर 53.70 प्रतिशत, इंजीनियरिंग गुड्स पर 50 से 55 प्रतिशत, आयरन एंड स्टील पर 50 से 53 प्रतिशत, जेम्स एंड ज्वेलरी पर 50 से 63.5 प्रतिशत टैक्स बढ़ गया है।

### एमएसएमई कारोबारियों की मांग, कर में छूट दे सरकार

**लखनऊ।** उप्र में एमएसएमई उद्योग से जुड़े कारोबारियों का कहना है कि उद्योग को बचाने के लिए सरकार को टैक्स में छूट देने के साथ ही बाजार के अन्य विकल्पों पर ध्यान देना चाहिए। मुरादाबाद कारखानेदार एसोसिएशन के चेयरमैन आजम अंसारी बताते हैं कि कोरोना के बाद से ही पीतल व मेटल उद्योग मुहाने पर खड़ा था। 2000 करोड़ रुपए की इंडस्ट्री आज आधी रह गई है। उनका कहना है कि पहले हम मशीनीकरण से जूझ रहे थे और अब टैरिफ से। जो माल हम 100 रुपए में बेचते हैं, चाइना उसे 25 रुपए में बेचता है। ऐसे में हमारा समान तो पहले से ही मंहगा था और अब और महंगा हो जाएगा। इसमें सरकार को चाहिए कि विदेशी मुद्रा पर जो ड्रा बेट 20 फीसद लगता था, उसे सरकार चार फीसद कर देना चाहिए। साथ ही अन्य छूट भी देने के विकल्पों पर विचार करना चाहिए।



सेंसेक्स 82000.71
निफ्टी 25083.75



सोना रु. 93700
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार

# लगातार दूसरे दिन लुढ़के शेयर बाजार, सेंसेक्स 706 अंक टूटा

मुंबई, वार्ता



अमेरिका में भारतीय उत्पादों पर आयात शुल्क 25 प्रतिशत और बढ़ने से घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को निवेशक बिकवाली रहे और सेंसेक्स में 700 अंक से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 705.97 अंक (0.87 प्रतिशत) लुढ़ककर 80,080.57 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 211.15 अंक यानी 0.85 प्रतिशत टूटकर 24,500.90 अंक पर आ गया। बाजार में लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में बिकवाली रही। दो दिन में सेंसेक्स 1,555 अंक और निफ्टी-50 467 अंक उतर चुका है।

सेंसेक्स 39.88 अंक लुढ़ककर 80,754.66 अंक पर खुला, लेकिन इसके बाद इसकी गिरवाट बढ़ती गई। अंतिम घंटे के कारोबार में बिकवाली और बढ़ गई, जिससे सूचकांक 80,013.02 अंक तक उतरने के बाद 80,080.57 अंक अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की 30 में से 23 कंपनियों के शेयर लाल निशान में बंद हुए। एचसीएल टेक्नोलॉजीज में सबसे अधिक 2.85 प्रतिशत की गिरावट रही। इंफोसिस का शेयर 1.95 प्रतिशत, पावर ग्रिड का 1.93, टीसीएस का 1.89 और एचडीएफसी बैंक का 1.55 प्रतिशत टूट गया। हिंदुस्तान यूनिलिवर, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा में भी एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, ट्रेंट, सनफार्मा, इटरनल, भारतीय स्टेट बैंक, एनटीपीसी और आईटीसी से शेयर भी उतर गए। टाइटन में सबसे अधिक 1.22 प्रतिशत की तेजी रही।

### हीरा तराशने के उद्योग को 30 प्रतिशत राजस्व नुकसान की आशंका

**मुंबई।** अमेरिका में भारतीय उत्पादों पर बुधवार से 25 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क लागू होने से भारत में हीरा तराशने के काम में लगे उद्योग के राजस्व में चालू वित्त वर्ष में 28 से 30 प्रतिशत गिरावट आने की आशंका है। बाजार अध्ययन एवं साख निर्धारण एजेंसी क्रिसिल ने गुरुवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि पिछले वित्त वर्ष में प्राकृतिक हीरों को तराशने वाले उद्योग का राजस्व 16 अरब डॉलर रहा था, लेकिन अमेरिका में 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगने के बाद अब इसके करीब 30 प्रतिशत घटकर 12.50 अरब डॉलर के आसपास रहने की संभावना है। पहले ही यह उद्योग कीमतों में कमी और अमेरिका तथा चीन में मांग में गिरावट की मार झेल रहा है, जिस कारण पिछले तीन वित्त वर्ष में इसका राजस्व करीब 40 प्रतिशत घट गया है। अमेरिका ने अगस्त के पहले सप्ताह में भारतीय उत्पादों पर 25 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया था।

### अमेरिका टैरिफ से कांच उद्योग प्रभावित, करोड़ों के ऑर्डर निरस्त

**फिरोजाबाद।** भारत से निर्यात किए जाने वाले माल पर 50 प्रतिशत का टैरिफ लागू किए जाने के अमेरिका के फैसले से फिरोजाबाद का कांच उद्योग प्रभावित हुआ है और निर्यात करने वाले एक्सपोर्ट यूनिट की करोड़ों रुपए की रकम भी फंस गई है। अब एक्सपोर्ट्स द्वारा नए मार्केट की तलाश के प्रयास शुरू कर दिए गए है। फिरोजाबाद में कांच उत्पाद भारी मात्रा में विदेश में निर्यात किया जाता है यहां लगभग 200 एक्सपोर्टर है जो पूरी दुनिया में उनकी मांग के अनुसार विभिन्न प्रकार के उत्पाद तैयार कर उनको डेकोरेट कर सप्लाई करते हैं। विशेष रूप से विदेश में नव वर्ष और क्रिसमस पर विशेष आइटमों की डिमांड रहती है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**सम्भल में ...** हिंदुओं का जबरन धर्म परिवर्तन कराया गया। रिपोर्ट में हरिहर मंदिर के ऐतिहासिक अस्तित्व के प्रमाण मिलने का जिक्र है। बताया जाता है कि सम्भल में अब तक 15 दंगे हो चुके हैं। 1978 के दंगों के बाद हिंदुओं की संख्या घटती गई। हिंदुओं का जबरन धर्म परिवर्तन कराया गया। मुसलमान हिंदुओं को डरा-धमकाकर उनकी संपत्ति हड़प लेते थे। हिंदू मौत या पिटाई के डर से इस्लाम अपनाने को राज़ी हो जाते थे। सम्भल में अभी भी सैकड़ों हिंदू संपत्तियां हैं, लेकिन उनके हिंदू मालिक वहां नहीं जाते। नतीजतन, कुछ पर लोगों ने कब्जा कर लिया है। लोगों ने आयोग को बताया कि पहले सम्भल में एक शिव मंदिर हुआ करता था और वे सोमवार और सावन के महीने में पूजा-अर्चना करते थे। अब वहां एक मस्जिद बना दी गई है। जहां पहले हिंदुओं का कुआं हुआ करता था, वहां मुसलमानों ने उस कुएं को बंद करके एक चबूतरा बना दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि षड्यंत्रकारियों को पता था कि वहां एक सर्वेक्षण होना है। प्रशासन ने सम्भल जामा मस्जिद के प्रबंधन को इसकी सूचना दी थी। संभवत: सर्वेक्षण की खबर वहां से लीक हुई और भीड़ जमा हो गई। आयोग ने 200 से ज्यादा लोगों के बयान दर्ज किए। इनमें वे लोग भी शामिल हैं, जो 1978 के दंगों के दौरान गवाह थे। आयोग के सदस्य और पूर्व डीजीपी अरविंद कुमार जैन ने कहा कि हमने हर बिंदु पर गौर किया है।














**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।





**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय, जानसठ तहसील, जानसठ जिला मु0 नगर।**

वाद सं0- 9415 सन् 2025

1. कु0 कात्यायनी पुत्री रविन्द्र सिंह गोरायन, 2- कु0 वैष्णवी पुत्री रविन्द्र सिंह गोरायन, निवासीगण ग्राम शाहपुर परगना भू0स0 तहसील, जानसठ जिला मु0नगर हाल निवासी बी-1 शान्ति निकेतन अपार्टमेंट फेज 2 शिवपुरी कालौनी नगवा लंका वाराणसी 221005 .... **वादीगण**

**बनाम**

1-मोनिका सिंह पुत्री रविन्द्र सिंह निवासी ग्राम शाहपुर परगना भू0स0 तहसील जानसठ जिला मु0नगर हाल निवासी जी0-19 अरविन्दो कालोनी काशी विश्वविद्यालय वाराणसी। 2- ग्राम पंचायत समाना उर्फ रामराज/ भूमि प्रबन्धक समिति ग्राम समाना परगना भू0स0 तहसील जानसठ जिला मु0नगर द्वारा ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत समाना उर्फ रामराज परगना भू0स0 तहसील जानसठ जिला मु0नगर। ..... **प्रतिवादीगण**

अन्तर्गत धारा 116 उ0प्र0रा0 सं0 2006 ग्राम- शाहपुर परगना भू0स0 तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर

वादी ने आपके विरूद्ध भूमि विभाजन के लिए वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 02.09.2025 को दिन में 10 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वंय या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है। जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नो का उत्तर दे सके। जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। न्यायालय में आपकी उपसंजाति के लिए जो दिन नियत किया गया है। वह इस वाद के अन्तिम निपटारे के लिए नियत दिन है। इसलिए आपको उस दिन अपने उन सब साक्ष्यों को या उन सब दस्तावेजो को पेश करने के लिए तैयार रहना चाहिये जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते है। आपको सूचित किया जाता है यदि आप ऊपर बताई गयी तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होंगे। तब वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह समन प्रकाशन आज तारीख 25.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**न्यायालय उपजिलाधिकारी जानसठ, तहसील जानसठ, जिला मुजफ्फरनगर।**

**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय, जानसठ तहसील जानसठ जिला मु0 नगर।**

वाद सं0- 8696 सन् 2025

1- शशिव्यास गोरायन पत्नी स्व0 श्री रविन्द्र सिंह गोरायन निवासी ग्राम शाहपुर परगना भू0स0 तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर हाल निवासी बी-1 शान्ति निकेतन अपार्टमेंट फेज 2 शिवपुरी कालोनी नगवा लंका वाराणसी 221005 ......**वादी**

**बनाम**

1- मोनिका सिंह पुत्री रविन्द्र सिंह निवासी जी0-19 अरविन्दो कालोनी बी0एच0यू0 लंका वाराणसी हाल निवासी ग्राम शाहपुर परगना भू0स0 तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर। 2- कु0 कात्यायनी, 3- कु0 वैष्णवी पुत्रियाँ रविन्द्र सिंह गोरायन निवासीगण ग्राम शाहपुर परगना भू0स0 तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर हाल निवासी बी-1 शान्ति निकेतन अपार्टमेंट फेज 2 शिवपुरी कालोनी नगवा लंका वाराणसी 221005, 4- ग्राम पंचायत जलालपुर नीला/भूमि प्रबन्ध समिति ग्राम जलालपुर नीला द्वारा ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत जलालपुर नीला परगना भू0स0 तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर। ....... **प्रतिवादीगण**

अन्तर्गत धारा 116 उ0प्र0रा0सं0 2006 ग्राम - जग्गू जलालपुर परगना भू0स0 तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर।

वादी ने आपके विरूद्ध भूमि विभाजन के लिए वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 02.09.2025 को दिन में 10 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वंय या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है। जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नो का उत्तर दे सके। जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। न्यायालय में आपकी उपसंजाति के लिए जो दिन नियत किया गया है। वह इस वाद के अन्तिम निपटारे के लिए नियत दिन है। इसलिए आपको उस दिन अपने उन सब साक्ष्यों को या उन सब दस्तावेजो को पेश करने के लिए तैयार रहना चाहिये जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते है। आपको सूचित किया जाता है यदि आप ऊपर बताई गयी तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे। तब वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह समन प्रकाशन आज तारीख 25.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**न्यायालय उपजिलाधिकारी जानसठ तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर।**


# वैष्णो देवी भू-स्खलन में दो मासूम भाइयों समेत पांच की मौत

## अब तक 6 लोगों की गई जान व कई के गंभीर होने से भारी शोक











**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जम्मू-कश्मीर के माता धाम वैष्णो देवी में हुई भयंकर भू-स्खलन की भयावह घटना से मुजफ्फरनगर गहरा शोक छाया हुआ है। अभी नगरवासी व परिवार के लोग घर के इकलौत कार्तिक कश्यप की मौत के शोक में डूबे हुए थे कि पांच लोगों की मौत की खबर ने लोगों को रोने पर मजबूर कर दिया। जिसने भी माता वैष्णों देवी के दर्शन करने गये 6 लोगों की मौत की खबर सुनी तो लोग अपने आंसू रोक नही पाये और परिवार का तो मानो सब कुछ लुट गया उनका रोना व उनका गमजदा चेहरा देखकर लोगों के दिल भर आये। मरने वाले मासूम बच्चों सहित मां-बेटी भी शामिल बताई गई है। कई लोग गंभीर रूप से घायल हैं और करीब दो दर्जन से ज्यादा लोग अभी तक फंसे हुए हैं। इनमें से कुछ लापता बताये जा रहे हैं। इन परिवारों के लोग खबर मिलते ही अपनों तक पहुंचने के लिए रवाना हो गये।

26 अगस्त को जम्मू कश्मीर के अर्धकुमारी में मां वैष्णो देवी की यात्रा पर गये लोगों के साथ हादसा हो गया। अर्धकुमारी पर भूस्खलन हो गया। जिसमें कई दर्जन श्रद्धालु मलबे में दब गये। अब तक जो खबर आ रही है उसमे करीब 3 दर्जन लोगों की मौत का आकडा बताया जा रहा है। पहले ही दिन शहर के रामलीला टिल्ला निवासी सिविल इंजीनियर मिंटू कश्यप और उनके परिवार के चार लोग प्रभावित हुए, इनमें उनकी पत्नी संगीता, पुत्री उमंग, पुत्र कार्तिक और साले की लड़की वैष्णवी शामिल रहे। कार्तिक उनका इकलौता पुत्र था। इस हादसे की खबर से जनपद में शोक का माहौल बना हुआ था कि इस गम हो दूसरी खबर ने और गहरा कर दिया।

बुधवार की देर रात जम्मू कश्मीर से मुख्यालय पर खबर आई कि वहां मुजफ्फरनगर के पांच अन्य लोगों की भी मौत हो गई है। इस खबर ने पूरी हलचल मचा दी। पुलिस प्रशासन के अफसरों ने भी छानबीन की। खबर मिली है कि शहर के वार्ड संख्या 21 के अन्तर्गत आने वाले मौहल्ला दक्षिणी रामपुरी शाहबुद्दीनपुर रोड के करीब दो दर्जन लोग वहां पर फंसे हुए हैं, जिनमें से पांच लोगों की मौत हुई है। वार्ड सभासद भाजपा नेता रजत धीमान ने बताया कि रामपुरी डबल टंकी के पास दो गलियों में निवास करने वाले प्रजापति समाज के शनि 8, ममतेश 48, रामबीरी 49, अंजली 21, आकांक्षा 15, अजय कुमार 35, खुशी 16, नेकित 13, डोली 30, धरमवीर 55, विदान 10, वैभव 10, पूरवी 7, अवनी 6, राखी 30, मोनिका 33, अनु 5, खुशी 2, संगीता 30, दीपेश 7, अनंत 9, पूरवी 6 सहित करीब 24 लोग 25 अगस्त की शाम माता वैष्णो देवी की यात्रा पर ट्रेन से एक साथ रवाना हुए थे। इन श्रद्धालुओं के दल का नेतृत्व समाज के 55 वर्षीय धरमवीर कर रहे थे। वो खुद भी अपनी बेटी और अन्य परि. जनों को साथ लेकर गये थे। बुधवार की देर रात करीब 11 बजे जम्मू कश्मीर से धरमवीर के परिजनों के पास एक फोन आया, जिसमें हादसे में उनके घायल होने और इस दल में शामिल पांच लोगों रामबीरी 49 पत्नी इन्दरपाल और अंजली 22 पुत्री इन्दरपाल, ममतेश 48 पत्नी रविन्द्र सिंह, अनंत कुमार 9 और दीपेश कुमार 7 पुत्रगण अजय प्रजापति की मौत की खबर दी गई है। बताया गया कि इस सूचना में कहा गया है कि ये पांचों हादसे के दिन 26 अगस्त से ही लापता हैं, आपदा टीम के सदस्य लगातार इनको तलाश कर रहे हैं, लेकिन पता नहीं चल पाया। इन पांचों के मरने की खबर से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। गुरूवार सवेरे इन परिवारों के सदस्य जम्मू कश्मीर के लिए रवाना हो गये थे। इस हादसे में मुजफ्फरनगर शहर के छह लोगों के मरने की खबर अब तक आ चुकी है। रामपुरी के जिन पांच लोगों के मरने की खबर आई हैं, वो सभी मजदूर परिवारों से सम्बंध रखते थे। सभासद रजत धीमान ने बताया कि उन्होंने सभी प्रभावितों की सूची मंत्री कपिल देव अग्रवाल को उपलब्ध करा दी थी। बताया कि मंत्री कपिल देव ने जम्मू कश्मीर के राज्यपाल मनोज सिन्हा को उक्त सूची भेजी है और उनसे प्रभावित की मदद कराने का आग्रह किया है।

# दो मासूम बेटों को खोकर सुध खो बैठी मां

**शाह टाइम्स सेवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** वैष्णो देवी भूस्खलन की भयावह घटना में कई परिवार उजड़ गये हैं। दक्षिणी रामपुरी के रहने वाले अजय कुमार प्रजापति मजदूरी कर परिवार का पेट पालते है। वह एक छोटी सी गली में अपने परिवार के साथ पालन पोषण कर रहे है। 35 वर्षीय अजय प्रजापति 25 अगस्त को धर्मवीर प्रजापति के साथ वैष्णो देवी के दर्शन को निकले थे। घर पर वह अपने पिता देशराज को छोडकर गये थे। इस दौरान उनके साथ उनकी 33 वर्षीय पत्नी मोनिका, बेटा अनंत 9 वर्ष व दीपांशु उम्र 7 वर्ष व 6 वर्ष की पुत्री पूर्वी थी।लेकिन वह एक दर्दनाक हादसे का शिकार हो गये। इस खबर ने दादा देशराज को झकझोर कर रख दिया। उनका कहना है कि उन्हे इस दुखद घटना की खबर 11 बजे धर्मवीर के परिवार ने दी। उन्हे बताया गया कि अजय, मोनिका और पूरवी उनके पास हैं, दीपांशु और अनंत की मौत हो गई, उनका कुछ पता नहीं चल पाया। अजय और पूरवी के दोनों पैर भी इस घटना में बुरी तरह घायल हो गये और उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। बहु मोनिका ने ही मलबे में दबी पूरवी को अपने हाथों से मलबा हटाकर निकाला। दोनों बेटों को खोने के कारण वो सुध खो बैठी है। वहीं पता चला है कि रविन्द ईंट भटे पर बुग्गी चलाकर मजदूरी करता है। ममतेश अपनी पुत्री आकांक्षा 15 के साथ गई थी। उसकी मौत की खबर है। ममतेश की सात पुत्रियां हैं। आकांक्षा के बारे में भी कोई खबर नहीं मिली है। ममतेश के सामने घर में रहने वाले इन्दरपाल की पत्नी रामबीरी 49 और उनकी पुत्री अंजली 22 की भी मौत की खबर है। अंजली के भाई विवेक प्रजापति ने बताया कि रात्रि 11 बजे से वो जाग रहे हैं। मन परेशान है। उनकी बहन अंजली ने इंटर तक शिक्षा ग्रहण की और अब वो परिवार को सहारा देने के लिए शाहबुदीनपुर में स्थित रेशुपाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कक्षा नौ के बच्चों को शिक्षा देने के लिए टीचर के रूप में नौकरी कर रही थी।

## मृतकों के परिजनों को चार लाख देगी सरकार

**मुजफ्फरनगर।** माता वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर हुए भूस्खलन की दुखद घटना में मृतकों के प्रति गहरा शोक व्यक्त करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के परिजनों को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने की घोषणा की है। नगर विधायक एवं मंत्री कपिल देव अग्रवाल व पूर्व केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान पीड़ित परिवार को सात्वना देते हुए बताया कि यह सच है कि इस सहायता राशि से मृतक हमारे बीच वापस नहीं आ सकते, लेकिन इस कदम से उनके परिजनों को कठिन समय में आर्थिक सहयोग अवश्य मिलेगा। राज्य सरकार हर पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और हर संभव मदद प्रदान करेगी। कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने हमेशा की तरह इस संकट की घड़ी में भी मानवीय संवे. दनाओं को सर्वोपरि रखते हुए त्वरित निर्णय लिया है।



**मुजफ्फरनगर:पीड़ित परिवार को सात्वना देते पूर्व केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान।**

# 150 वर्ष पुराने मंदिर में तोड़फोड़ से रोष

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी क्षेत्र के गांव कूकड़ा-कूकडी में कुछ सामाजिक तत्वों ने 150 साल पुराने ऐतिहासिक शिव मंदिर में तोड़फोड़ की घटना से क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश बना हुआ है। यहां पहुंचे श्रद्धालुओं ने रोष प्रकट किया। मौके पर पहुंची नई मंडी पुलिस ने भीड़ को कार्यवाही का आश्वासर्न दिया और आस-पास लगी सीसीटीवी फुटेज खंगाली पुलिस ने इस मामले को दर्ज करते हुए असामाजिक तत्वों की तलाश शुरू कर दी है।

बृहस्पतिवार को मुजफ्फरनगर के थाना नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के कूकडा कूकडी रोड पर स्थित करीब 150 साल पुराने ऐतिहासिक शिव मंदिर में तोड़फोड़ किए जाने का मामला सामने आया है। बीती रात असामा. जिक तत्वों ने मंदिर में घुसकर शिवलिंग को खंडित कर दिया। बृहस्पतिवार की सवेरे मंदिर में हुई तोड़फोड़ की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकठा हो गए। मामले की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची थाना नई मंडी कोतवाली पुलिस ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि मंदिर में शिवलिंग की पुणे स्थापना कराई जाएगी और दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

पुलिस घटना स्थल की जांच पड़ताल करने के बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेज की जांच कर तोड़फोड़ करने वालों का पता लगाने में जुटी हुई है। प्रशासन ने मामले को संवेदनशील मानते हुए फिलहाल इलाके में पुलिस बल की तैनाती कर दी है।

# विवाहिता को प्रताड़ित करने वाले ससुरालजनों पर मुकदमा दर्ज

**मोरना।** विवाहिता ने पति सहित ससुराल पक्ष पर अतिरिक्त दहेज न देने पर प्रताड़ना, मारपीट और हत्या का प्रयास करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव जटवाडा निवासी आरजू ने बताया की उसकी शादी दो वर्ष पूर्व सलाउद्दीन निवासी गांव भलेडी, थाना जानसठ के साथ हुई थी। शादी में लाखों का खर्च कर जेवरात व घरेलू सामान दिया गया।इसके बावजूद पति सलाउद्दीन, ससुर शहाबुद्दीन, सास सायरा, चाचिया सास वसीला व ननंद अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। आरजू ने बताया की दहेज की मांग पूरी न होने पर पति व ससुरालजनो ने उसके साथ मारपीट कर हत्या का प्रयास किया। व आरजू को घर से निकाल दिया। पीड़िता की शिकायत पर संज्ञान लेकर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।



**मुजफ्फरनगर: घटना के बाद गमजदा पीड़ित परिवार।**

# वैष्णो देवी आपदा में 6 श्रद्धालुओं की मौत की खबर पर पीड़ित परिवारों के बीच पहुंचे निशांत मलिक



**मुजफ्फरनगर।** जम्मू -कश्मीर स्थित वैष्णो देवी आपदा प्रकरण में रामपुरी मोहल्ले के 6 लोगों की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार, मोहल्ले से 23 लोग एक साथ यात्रा पर गए थे, जिनमें से 6 श्रद्धालुओं के निधन की पुष्टि हुई है। इस खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

सांसद हरेंद्र मलिक की अनुपस्थिति में उनके पुत्र निशांत मलिक ने पीड़ित परिवारों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। वहीं, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राकेश शर्मा भी शोकग्रस्त परिवारों के बीच पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी। इस दौरान छोटू बालियान, अमित कुमार,राजकिशोर शर्मा भी पीड़ित परिवार से मिले इस दर्दनाक हादसे ने मुजफ्फरनगर जनपद को गमगीन कर दिया है। पीड़ित परिवारों के घरों में मातम पसरा हुआ है और पूरा शहर इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ा है।

# राजीव के सपने को पूरा करना हम सब की जिम्मेदारी : नरवाल



**मुज़फ़्फ़रनगर।** कांग्रेस के फंटल संगठन राजीव गांधी पंचायत राज संगठन की बैठक में प्रदेश प्रभारी डॉ. बिजेंद्र नरवाल ने पश्चिमी जोन के आगामी सर्वोदय संकल्प शिविर के आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने राजीव गांधी पंचायत राज संगठन को बूथ स्तर तक मज़बूत बनाने और कांग्रेस विचारधारा से जुड़े अधिक से अधिक लोगों को पार्टी की मुख्यधारा से जोड़ने पर भी जोर दिया।

गुरुवार को वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कमल मित्तल के टिकैत विहार स्थित आवास पर आयोजित बैठक में नरवाल मुख्य अतिथि के रूप बोल रहे थे उन्होंने कहा कि हराजीव गांधी जी ने पंचायतों को मज़बूती देकर लोकतंत्र को गांव-गांव तक पहुँचाने का जो सपना देखा था, उसे पूरा करना हर कांग्रेस कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है।वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कमल मित्तल ने कहा कि कांग्रेस संगठन की मज़बूती ही जनता की समस्याओं के समाधान का रास्ता खोल सकती है। यहां प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप त्यागी, पुर्व मंत्री दीपक कुमार,सलमान सईद, युवा कांग्रेस महासचिव आकिब राना, पूर्व ज़िला अध्यक्ष सुबोध शर्मा, अरविंद कुमार, गुफ़रान काज़मी, मुस्लिम चौहान (हरियाणा), अजय त्यागी, संजय, फ़रदीन ख़ान सहित राजीव गांधी पंचायत राज संगठन के पश्चिमी जोन के 15 जनपदों में से सात जनपदों के जिला अध्यक्ष सहित कार्यकर्ता और पदाधिकारी मोजूद रहे।

# धर्म परिवर्तन व धोखाधड़ी के मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** शाहपुर थाना पुलिस ने ऐसे पांच शातिर लोगों को गिरफ्तार किया है जिन पर धर्म परिवर्तन व धोखाधडी के आरोप है। पुलिस ने इसी मामले में एक ओर आरोपी जो नाबालिग बताया गया है, उसको बाल कल्याण समिति को सौंपा है।

पुलिस लाईन के सभाकक्ष मे आयोजित प्रेस वार्ता के दौान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी से एक मारुति अर्टिगा कार, एक महिंद्रा अर्जुन ट्रैक्टर और घटना में प्रयुक्त उस्तरा बरामद हुआ है। पीड़ित ने 27 अगस्त 2025 को शाहपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया था कि गांव के कुछ लोग पिछले तीन वर्षों से पीड़ित को मान. सिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। आरोप है कि उन्हें जबरन खतना करवा कर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव डाला गया और धोखाधड़ी के जरिए उनकी संपत्ति हड़पी गई।

पीड़ित की शिकायत में कहा गया कि उसके ट्रैक्टर और अर्टिगा कार हड़प लिए गए, 100 गज का प्लॉट और लगभग 50 लाख रुपये की जमीन फर्जी तरीके से अपने नाम करवा ली गई। इसके अलावा, 1 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की जमीन बेचकर रकम भी हड़प ली गई।शिकायत मिलने के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल और क्षेत्राधिकारी बुढ़ाना गजेन्द्रपाल सिंह के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई। 28 अगस्त को पुलिस ने आरोपियों यामीन, गुलजार, इकराम, हाफिज शहनवाज और नाई मुर्शीद को गिरफ्तार किया।



**मुजफ्फरनगर:पत्रकारों को जानकारी देते एसएसपी व अन्य।**

# मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली में जीवनरक्षक सर्जरी से कैंसर को दी मात

**मुज़फ्फरनगर।** मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, वैशाली के डॉक्टरों ने मुज़फ्फरनगर की 40 वर्षीय महिला का सफलतापूर्वक इलाज किया, जिन्हें स्टेज प बॉर्डरलाइन ओवे. रियन टङूमर था। काम्प्लेक्स सर्जरी के ज़रिए उनका उपचार इस प्रकार किया गया कि उन्हें कीमोथैरेपी या रेडिएशन की आवश्यकता नहीं पड़ी और वे स्वस्थ होकर सामान्य जीवन की ओर लौट सकीं। यह मामला दर्शाता है कि समय पर बीमारी का पता लगाना और सर्जरी से गंभीर बीमारियों में भी सकारात्मक परिणाम संभव हैं।

मरीज़, सुशीला, दो बच्चों की माँ हैं, जिन्हें समय से पहले मेनोपॉज़ हो गया था और चार महीने से असामान्य रक्तस्राव की समस्या थी। 40 वर्ष से कम आयु में मेनोपॉज़ होना दुर्लभ है और केवल 1ः महिलाओं में ही ऐसा होता है। उन्हें पेट दर्द, आंत या मूत्राशय की आदतों में बदलाव, या कोई गांठ महसूस नहीं हुई थी, जिससे यह स्थिति आसानी से अनदेखी हो सकती थी। लोकल गायनेकोलॉजिस्ट की सलाह पर उन्होंने डॉ. स्वस्ति, डायरेक्टर, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी (गायनेकोलॉजी), मैक्स हॉस्पिटल वैशाली से मुज़फ्फरनगर में आयोजित ओपीडी के दौरान परामर्श लिया और आगे की जाँच हेतु मैक्स हॉस्पिटल पहुँचीं। जाँच में पता चला कि उनके अंडाशय (ओवरीज़) में एक बड़ा टङूमर (लगभग फुटबॉल के आकार का , 17 ञ्14.5 12 सेमी) है, साथ ही गॉल ब्लैडर में पथरी और एब्डोमिनल फ्लुइड्स का भी पता चला। मामले पर टिप्पणी करते हुए मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली, के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी ढ्ढगायनेकोलॉजीऋ विभाग की डायरेक्टर, डॉ. स्वस्ति ने बताया कि, ह्सबसे बड़ी चुनौती टङूमर को पेट के भीतर बिना फटे सुरक्षित निकालना था। विस्तृत मूल्यांकन और परामर्श के बाद हमने चार घंटे की काम्प्लेक्स सर्जरी की, जिसमें गर्भाशय (यूटरस), अंडाशय (ओवरीज़), फैलोपियन टङूब, पित्ताशय ढ्ढगॉल



ब्लैडर) और आसपास के टिशूस को हटाया गया ताकि पूर्ण रूप से कैंसर मुक्त हो सके। कैंसर का समय पर पता चलने और उपचार से मरीज़ को कीमोथैरेपी या रेडिएशन की आवश्यकता नहीं पड़ी और वे शीघ्र स्वस्थ हो गईं। मरीज़ को 24 घंटे के भीतर आईसीयू से बाहर ले जाया गया और पाँचवें दिन उन्हें स्वस्थ अवस्था में हॉस्पिटल से छुटी दे दी गई।

डॉ. स्वस्ति ने बताया कि, ह्यह मामला बताता है कि असामान्य रक्तस्राव, विशेषकर समय से पहले मेनोपॉज़ के दौरान, कभी भी नज़रअंदाज़ नहीं करना चाहिए। जागरूकता, समय पर निदान और उपचार ओवेरियन कैंसर में सफलता की कुंजी हैं। लंबे समय की रिकवरी के लिए नियमित फॉलो-अप बेहद ज़रूरी है। मरीज़ का फॉलो-अप पहले दो वर्षों तक हर तीन महीने, अगले दो वर्षों तक हर छह महीने और उसके बाद साल में एक बार किया जाएगा।

# वोट चोरी के विरुद्ध समाजवादी पार्टी का संघर्ष देश की जरूरत : राजकुमार भाटी

**मुजफ्फरनगर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव उन लोगों के अधिकारों की लड़ाई ईमानदारी से लड़ रहे हैं जिनको भाजपा ने केवल वोट लेकर सत्ता तो हासिल की लेकिन उनको राजनीतिक हिस्सेदारी व अधिकार नहीं दिए उनको पीडीए के रूप में हिस्सेदारी सम्मान समाजवादी पार्टी दे रही है। यह विचार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता अब्दुल्ला राणा के आवास सुजड़ू पर सपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात करते हुए प्रकट किए।

सपा राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी सपा शिक्षक एम एल सी प्रत्याशी मेरठ खंड नितिन तोमर के साथ सपा नेता अब्दुल्ला राणा के आवास पर पहुंचे थे।

सपा प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव की कथित भाजपा की जीत वोट चोरी की कलंकित पटकथा है। समाजवादी पार्टी वोट की लूट को बर्दाश्त नहीं करेगी इसके लिए मतदाता पूरे देश में समाजवादी पार्टी व इंडिया गठबंधन के साथ खड़े हुए हैं। उन्होंने शिक्षक विधान परिषद चुनाव में समाजवादी पार्टी प्रत्याशी नितिन तोमर के लिए समर्थन की अपील की। सपा नेता अब्दुल्ला राणा ने कहा कि वोट चोरी के विरुद्ध जनता का आक्रोश समा. जवादी पार्टी के आंदोलन में बदल रहा है तथा वोट चोरी को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।सपा राष्ट्रीय प्रवक्ता राज. कुमार भाटी पूर्व सांसद कादिर राणा, वरिष्ठ सपा नेता प्रमोद त्यागी एडवोकेट सपा राष्ट्रीय सचिव राज. कुमार यादव सपा प्रदेश सचिव



विनय पाल के आवास पर भी पहुंचे। इस दौरान सपा शिक्षक विधान परिषद प्रत्याशी नितिन तोमर सपा जिला मीडिया प्रभारी साजिद हसन,सपा नेता कुंवर देवेंद्र सिंह, सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सतीश गुर्जर, विधानसभा अध्यक्ष संजीव आर्य,प्रदेश सचिव सपा अधिवक्ता सभा देवेंद्र टाइगर एडवोकेट,सपा नेता डॉ इसरार अल्वी, वी,के, यादव, सुमित पंवार बारी, नासिर खान,इमरान राणा प्रधान, हाजी इसरार, कामरेड अब्बास, शाहवेज नंबरदार,अरशद अली,फरमान अल्वी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# काटका में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

## मृतक महिला के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा काटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानसठ।** थाना क्षेत्र के गांव काटका में विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उसी के कमरे में बेड पर पड़ा मिला। पहले तो ससुराल पक्ष एवं मृतक के परिजनों में आपसी बात. चीत होती रही बाद में दोपहर को पुलिस को हत्या की सूचना दी गई सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, पुलिस ने मौका मुआयना कर शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भिजवाया है। पुलिस घटना की जांच पड़ताल करने में जुटी है।

बृहस्पतिवार की दोपहर को पुलिस को क्षेत्र के गांव काटका में महिला की हत्या किए जाने की सूचना मृतक महिला के परिजनों द्वारा दी गई, हत्या की सूचना पर पुलिस आनन फानन में घटना की ओर दौड़ पड़ी।

पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से मौका मुआयना किया इस दौरान ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई। इस बीच मृतक महिला के परिजनों ने ससुरालयों पर महिला की हत्या करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। परिजनों ने बताया कि चार माह पहले ही जानसठ भलेडी चार भाई कॉलोनी निवासी मृतक मुस्कान की शादी काटका निवासी ओबामा से हुई थी। मृतक मुस्कान की यह दूसरी शादी थी इससे पहले उसकी शादी खतौली निवासी रिजवान के साथ हुई थी जिसके दो बच्चे 7 वर्षीय लड़की आयात और 3 वर्षीय आयन है जो मृतक मुस्कान के साथ ही रहते थे। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव शर्मा ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है अभी तहरीर प्राप्त नहीं हुई हैपीएम रिपोर्ट के आधार पर ही कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## विद्योतमा कन्या पीजी कॉलेज में नशा मुक्ति भारत एवं प्राकृतिक आपदा पर हुआ कार्यक्रम

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** गंगधाडी स्थित विद्योतमा कन्या पीजी कॉलेज में गुरुवार को नशा मुक्ति भारत तथा प्राकृतिक आपदा विषय पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रबंधक संजीव कुमार शर्मा ने किया। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी समाज की मजबूत नींव है और उन्हें हर प्रकार के नशे से दूर रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में छात्राओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

बीएससी पाँचवें सेमेस्टर की गौरी व कलश ने प्राख्रतिक आपदाओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए। वहीं बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा शायमा ने नशा मुक्त भारत विषय पर बोलते हुए बताया कि किस प्रकार व्यक्ति को नशे से मुक्त किया जा सकता है। राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी सुलक्षणा आर्य ने छात्राओं को संबो. धित करते हुए कहा कि अगर युवा पीढ़ी का मानसिक स्तर स्वस्थ रखना है तो उन्हें हर प्रकार के नशे से दूर रहना होगा। वहीं महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. कविता वर्मा ने छात्राओं से प्राकृतिक आपदाओं से बचाव हेतु वृक्षारोपण पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विशेष सहयोग देने वालों में डॉ. रश्मि, अनीता, साधना सोम, कोमल, कुमारी स्नेहा, प्रियंका, दीपशिखा, उमा मिश्रा व लायबा के नाम उल्लेखनीय रहे। कार्यक्रम में छात्राओं के उत्साह ने यह संदेश दिया कि यदि युवा पीढ़ी जागरूक हो जाए तो नशा मुक्ति और प्राकृतिक आपदाओं से बचाव दोनों ही संभव हैं।

## सतेन्द्र पाल के पीडीए महापंचायत की आज भी हो रही चर्चा

**बुढ़ाना।** बीती 17 अगस्त को बुढ़ाना कस्बे में हुई पीडीए जन महापंचायत की सफलता से शाहपुर कस्बे मे आजाद समाज पार्टी का फ्लाप कार्यकर्ता सम्मेलन कोसों दूर रह गया। जिसके चलते एक पूर्व विधायक की जबरदस्त किरकिरी हो रही है कि उनके आग्रह के बावजूद भी आसपा के कार्यकर्ता सम्मेलन में मन के मुताबिक भीड़ नहीं जुट पाई। अब काफी लोग बीती 17 अगस्त की बुढ़ाना में समा. जवादी पार्टी की सत्येंद्र पाल के नेतृत्व में हुई पीडीए जन महापंचायत की चर्चा करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव के प्रत्याशी को मन रुपी पलड़े में तोलकर देख रहे हैं कि इन दोनों दावेदारों में जनता के बीच किस भावी उम्मीदवार का पलड़ा भारी है। वैसे सत्येंद्र पाल ही इस सीट पर इन पूर्व विधायक के मुकाबले मजबूत दिखाई पड़ रहे हैं।

# कब्रिस्तान में कब्र खोदने की शिकायत पर भड़का रोष

**मोरना।** गुरुवार की सुबह सवेरे भूमि को अपनी बताकर एक व्यक्ति द्वारा कब्रिस्तान मे कब्र खोदने की शिकायत की गयी जिसके बाद रोष व्याप्त हो गया।मुस्लिम समाज के सेंकड़ो व्यक्ति कब्रिस्तान मे इकट्ठा हो गये। सूचना पर पहुंची राजस्व विभाग की टीम व पुलिस ने शान्ति व्यवस्था बहाल कर मामले का निपटारा किया।तनाव की आशंका को लेकर प्रशासन अलर्ट हो गया। भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी के मोहल्ला गोटकी मे बुधवार की रात 65 वर्षीय शराफ़त अब्बासी पुत्र फत्तू का निधन हो गया था। गुरुवार की सुबह सवेरे अंतिम संस्कार की तैयारी चल रही थी। मनका वाला नामक कब्रिस्तान मे शव को दफनाने के लिए कब्र को खोदा जा रहा था।कस्बे के ही व्यक्ति द्वारा कब्रिस्तान की भूमि को अपनी बताकर उसमे अवैध रूप से कब्र खोदने की शिकायत पुलिस को गयी।शिकायतकर्ता द्वारा कब्र खोदने का विरोध करने से रोष व्याप्त हो गया। मुफ्ती मौ.फरीद,आशु, कौसर, शादाब, शेर अली, अमजद,प्रवेज़, मुन्ना, मुशररफ, फुरकान, सिराजू, साबूदीन, इकराम आदि ने बताया की कब्रिस्तान की अपनी भूमि मे सेंकड़ो वर्ष पुरानी कब्र हैं। शिकायतकर्ता बार बार प्रशासन को भर्मित कर शान्ति सौहार्द को बिगाड़ने का प्रयास करता रहता है।वहीं सूचना पर पुलिस ने घटना की जानकारी की और मौके पर राजस्व विभाग की टीम को बुलाया।निरीक्षक सुनील शर्मा, हलका लेखपाल मनोज कुमार ने बताया की लगभग छरूबीघा भूमि कब्रिस्तान की है। शिकायतकर्ता की 42 बीघा भूमि की पेमाईश पूर्व मे की जा चुकी है।जो मौके पर पूरी है।जिसके बाद मृतक का अंतिम संस्कार किया गया।

## पूर्व प्रमुख ने किया मां भगवती जागरण का उद्घाटन

**बुढ़ाना।** पूर्व प्रमुख और राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता विनोद मलिक ने बीती बुधवार की देर रात गांव फतेहपुर नीमखेडी में पहुंचकर माता भगवती जी के जागरण का फीता काटकर और ज्योति जलाकर अपने कर कमलों द्वारा उद्घाटन किया। इस दौरान शामली रालोद के पूर्व जिला अध्यक्ष मुकेश सैनी, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष डाक्टर सुधीर सैनी, पूर्व सांसद राजपाल सैनी, सपा के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद त्यागी, सहकारी बैंकों के सभापति ठाकुर रामनाथ सिंह, गांव कुरालसी के पूर्व प्रधान मामचन्द ठाकुर, हर्षित सैनी कैप्टन बडसू, डा. सुमित सैनी झांखेडी, ग्राम प्रधान सराय सुनील सैनी, सोनू कुमार जय भारत इलेक्ट्रॉनिक शोरूम शामली, सपा पूर्व जिला अध्यक्ष श्याम लाल बच्ची सैनी, प्रमेश सैनी पूर्व चेयरमैन शाहपुर, नरेश सैनी, सत्यपाल सैनी, डाक्टर देवेन्द्र सैनी , राजेश सैनी चरण सिंह सैनी बालाजी आदि मौजूद रहे।

# युवती को गन्ने के खेत में खींचकर दुष्कर्म का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** जंगल से घांस लेकर घर लौट रही मां- बेटी का पीछा कर बाइक सवार युवकों ने युवती को गन्ने के खेत मे खींचकर ज़बरदस्ती की। जिसके बाद दोनों ने साहस दिखाते हुए शोर मचाया और आरो. पियों को ग्रामीणों की सहायता से पकड़ लिया।पुलिस ने घटना पर त्वरित संज्ञान लेकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने थाने पर दी तहरीर मे बताया की गुरुवार की शाम वह अपनी 15 वर्षीय बेटी के संग जंगल से घांस की गठरी सिर पर उठाये घर लौट रही थी की अचानक पीछे से आये दो बाईक सवार युवकों ने पुत्री को ज़बरदस्ती गन्ने के खेत मे खींच लिया और ज़बरदस्ती शुरू कर दी। तभी महिला ने एक युवक को दबोच लिया दूसरे युवक को युवती ने दबोच कर शोर मचा दिया जिसपर आस पास के खेतो मे काम कर रहे ग्रामीण उधर दौड़े और दोनों युवकों को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। पकड़े गये युवकों की पहचान नईम व आजम निवासी गांव तेजलहेड़ा थाना छपार के रूप मे हुई घटना के बाद बड़ी संख्या मे ग्रामीण थाने पर पहुंचे और कार्रवाई की मांग की।

क्षेत्राधिकारी देववृत वाजपेयी ने बताया की दोनों आरोपियों नईम व आजम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# मजलिस में करबला के शहीदों को याद किया

**जानसठ।** शिया सोगवारो द्वारा तीन रविअव्वल के मौक़े पर मजलिस का आयोजन करबला के शहीदो को पुरसा पेश किया गया। इस मौक़े पर अलम, ज़ुलजुनाह व ताबूत बरामद किया गया। शिया सोगवारो द्बारा कस्बे के मुख्य मार्ग से मातमी जुलूस भी निकाला गया।

कस्बा स्थित मौहल्ला जुमा कदम ए रसूल इमामबारगाह मे बुधवार की दोपहर शिया सोगवारो द्बारा आयोजित पुरसा शहिदाने करबला मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना सै"यद रहीस अहमद जारचवी ने कहा, कि इमाम हुसैन और उनके इक्हातर साथियो द्बारा आज से 1447 साल पहले करबला मे पेश की गई शहादत इंसानियत के लिए थी इमाम हुसैन की शहादत हमे नाइंसाफ़ी के खिलाफ़ लड़ने का होसला देती है। मजलिस के बाद शिया सोगवारो द्बारा अलम, ज़ुलजुनाह व ताबूत बरामद किया गया इसके बाद अंजुमनो द्बारा मातमी जुलूस कस्बे के मौहल्ला मंगलबाज़ार, खुशीराम चौराहा से होता हुआ रात्रि मे सै"यद अबदुल्ला खां की कोठी पर पहुचां जहाँ पर अंजुमन शैदाए हुसैनी मेमन सादात जिला बिजनोर के साहिब ए ब्याज़ जनाब महमूद असगर, अंजुमन शमीम ए ईमान सिरसी ज़िला मुरादाबाद के साहिब ए ब्याज़ जनाब मुबीन नवाब व उनके हमनवा, अंजुमन अल अब्बासिया खरिवा जलालपुर ज़िला मेरठ के साहिब ए ब्याज़ जनाब कुमैल अब्बास, शाहआलम,अरशद, गुडडू भाई, अंजुमन काज़मी जौली सादात के साहिब ए ब्याज मौलाना ज़की काज़मी व गुलज़ार काज़मी, अंजुमन मेहदिया बिहारी सादात के साहिब ए ब्याज़ जनाब ख़ुर्रम वसीम, अंजुमन दस्ता अब्बासिया पेदी सादात ज़िला बिजनोर के साहिब ए ब्याज जनाब शीश व सरूर रिज़्बी, अंजुमन अल मुर्तज़ा कुंदरकी सादात ज़िला मुरादाबाद के साहिब ए ब्याज़ जनाब शैली अब्बास काज़मी, अंजुमन इमामिया ज़िला मेरठ के साहिब ए ब्याज़ जनाब वाजिद अली गप्पू व साहिल जाफरी ने नोहाख़्वानी व सीनाज़नी कर करबला के शहीदों को पुरसा पेश किया।। अलवीदाई नौहा पढ़कर 18 बनी हाशिम के ताबूत व ज़ुलजुनाह बरामद किया गया जिसे देखकर शिया सोगवार फूट फूट कर रोने लगे। गुजरात के अहमदाबाद से आये नोहाख़ान अली अकबर अमीन ने भी अपने मकसूस अंदाज़ मे नोहा पढ़कर करबला के शहीदो को पुरसा पेश किया। इसके बाद ज़नजीरो का मातम किया गया। सोज़ख़ानी जनाब असगर मेहदी बंब्लू, निज़ामत अहमद रज़ा बिजनोरी व नक़ाबत मौलाना जोन काज़मी जौली सादात द्बारा की गईं। इस दौरान पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष भाजपा नेता प्रवेन्द्र भड़ाना, दानिश अली खां, इमरान अली खां, अहमद अली खां, हसन अली खां, जमाल मेहदीं, ज़ीशान भाई, शन्नू, मुनीस रज़ा, ततहीर जैदी, आसिफ सदर, इंकलाब मोदी, कामरान काज़मी, शाहआलम ज़ैदी मोजूद रहें।।

# प्रशिक्षण में स्थानीय मानकों को समझने में होने वाली कठिनाइयों को समझाया

**बुढ़ाना।** आज बृहस्पतिवार के दिन बुढ़ाना ब्लाक संसाधन केंद्र की खंड शिक्षा अधिकारी किरण यादव की अध्यक्षता में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान तथा एनसीईआरटी पाठड पुस्तकों पर आधारित शिक्षक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम एआरपी नरेश कुमार, संजीव कुमार, रवि शंकर, अमीर अहमद एवं क्षमा जांगिड़ के द्वारा प्रशिक्षण की शुरुआत की गई। सर्वप्रथम प्रार्थना सभा की गई। इसके पश्चात दिवस दो के प्रतिवे. दन के पश्चात दिवस तीन के सत्र प्रारंभ हुए। प्रथम सत्र में अकादमिक की योजना और निपुण भारत के संशोधित लक्षण का अवलोकन करना, सत्र दो में गणित की कक्षा में प्रभावी शिक्षण प्रक्रिया, चार ब्लॉक एवं जीआरआर पर प्रकाश डाला। शिक्षक संदर्शिका के साथ प्रिंट रिच सामग्री का प्रभावी उपयोग कैसे कर सकते हैं पर चर्चा करना सत्र चार में प्रक्रियात्मक प्रवाह क्यों, क्या और कैसे, सत्र 5 में गणित अवधारणा स्थानीय मान को समझने में होने वाली कठिनाइयों पर कार्य करना, सत्र 6 मे कक्षा में गणितीय संक्रिया जोड़ सिखाने के चरणों पर कार्य करना एवं सत्र 7 में कक्षा में गणित में संक्रिया घटाव सीखने की चर्चा पर कार्य कैसे किया जाता है पर विस्तृत चर्चा की गई। सभी एआरपी द्वारा प्रशिक्षण को बड़ी मेहनत के साथ दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में महबूब अली, ताहिर हसन, रफीकत पंवार, पाक़ीज़ा, गरिमा पंवार, पंकज, रोहिणी, रीना, किरण



बाला, रश्मि वशिष्ठ, मानसी शर्मा, दीपा, रविंद्र कुमार, सुधीर कुमार, मुरसलीन खान, अर्चना चौहान, उर्वशी शर्मा, रूबी सिंह, शानू कुमारी, दीपाली, रचना कटारिया, अनुराधा, मीनाकी श्वेता, सिद्धार्थ, सोनिया, पूनम, अंजलि, रेनू, रेखा, पारुल बंसल, शक्ति सिंह और चंद्रपाल सहित अन्य कई और प्रतिभागियों ने भी प्रतिभाग किया।

# छात्रा विधि ने कुश्ती में पाया प्रथम स्थान

**बुढ़ाना।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बुढ़ाना की होनहार छात्रा विधि ने विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए 42 किलोग्राम भार वर्ग मे कुश्ती में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। छात्रा विधि की इस उपलब्धि से ना केवल विद्यालय परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल बना है। विद्यालय परिवार ने इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा है कि हमारे स्कूल की होनहार छात्रा विधि ने अपनी मेहनत, लगन और संघर्ष से यह मुकाम हासिल किया है।

उनकी जीत ने विद्यालय का भी मान-सम्मान बढ़ाया है। अब विधि आगामी प्रांतीय स्तर की प्रतियोगिता जो 30 अगस्त को आयोजित होगी में विद्यालय की तरफ से प्रतिनिधित्व करेंगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकेश कुमार शर्मा ने छात्रा विधि की सराहना करते हुए कहा कि इस विद्यालय की बेटियाँ हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं।

उन्होंने विधि को प्रांत स्तर पर भी शानदार सफलता प्राप्त करने की अग्रिम हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और कहा है कि विधि जैसी छात्राएँ अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। बताया जाता हे कि आठ विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता में 42 किलो भार में विधि ने कुश्ती में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है।

विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता 3 जिलों को मिलाकर ये प्रतियोगिता सहारनपुर सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित की गई थी। जिसमें विधि ने विभाग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुकेश कुमार शर्मा प्रधानाचार्य ने विधि को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर बधाई दी है। अब विधि को प्रांत की प्रतियोगिता में दिनांक 30 अगस्त को हापुड़ में भाग लेना है। आशा करते है कि विधि वहां पर भी अपना परचम लहरायेंगी।

**सार्वजनिक सूचना**

मैंने अपना नाम विजय कुमार से बदलकर विजय कुमार गोयल रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

Vijay Kumar Goel S/o
Anand Prakash Goel
R/o 72/259, Agarsain Vihar
Jansath Road,
Muzaffarnagar (UP) 251001

## प्रत्येक वर्ग का सम्मान करना जानती है कांग्रेस : सलमान सईद

**मोरना।** ब्लॉक् संगठन सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत कांग्रेस पाटह्र की एक सभा का आयोजन मोरना मे किया गया जिसमें पाटह्र की नीतियों के बारे बताते हुए संगठन विस्तार पर बल दिया गया। मोरना मे जानसठ मार्ग पर स्थित शकील अंसारी के आवास पर आयोजित सभा मे कांग्रेस नेता सलमान सईद ने कहा की आज देश मे अस्थिरता का माहौल है,व्यापारी अधिकारियो की तानाशाही से भयभीत है।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र साजिद व उसकी पत्नी श्रीमती फरीदा व दूसरा पुत्र वाजिद व उसकी पत्नी श्रीमती आसमा मेरे व मेरे अन्य परिवार के सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है तथा मेरे साथ मारपीट करते है तथा गलत संगत में पड़ गए हैं। इसलिए मैंने इनसे सम्बन्ध विच्छेद कर इन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे अन्य परिवार के सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेन देन के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**इकराम पुत्र रहमूदीन
निवासी- ग्राम मुरादपुरा बघरा
थाना तितावी,
जिला मुजफ्फरनगर।**

# दशलक्षण महापर्व प्रथम दिवस उत्तम क्षमा के रूप में मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के ग्राम अटाली में स्थित श्री 1008 पर्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आज बृहस्पतिवार के दिन प्रथम दिवस उत्तम क्षमा के रूप में बड़ी ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस पर्व के शुभ अवसर पर जैन समाज के सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने सर्वप्रथम झंडारोहण कर भगवान का अघभिषेक किया। फिर इसके बाद विश्व शांति के लिए शांति धारा का आयोजन किया गया। यहां जैन श्रद्धालुओं ने नित्य नियम पूजन कर रिद्धि सिद्धि भक्तांबर महामंडल विधान किया और महामंडल विधान पर 48 श्रीफल भी अर्पित किए। पंडित मनोज जैन ने बताया कि जैन धर्म में पर्युषण पर्व साल में तीन बार मनाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रथम दिवस उत्तम क्षमा के रूप में मनाते हैं।

संसार में प्रत्येक मानव प्राणी के लिए उत्तम क्षमा बहुत बडा शस्त्र है। इस मौके पर राजेंद्र जैन, हेमचंद जैन, शुभम जैन और अदिति जैन आदि मौजूद रहे। दूसरी और बुढ़ाना कस्बे में स्थित श्री 1008 चन्दप्रभ दिगंबर जैन बडा मंदिर मोहल्ला शाहवाडा में पर्युषण महापर्व का पहला दिन उत्तम क्षमा धर्म के रूप में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर भक्तांबर विधान का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में संदीप जैन, नरेंद्र जैन, अनुज जैन, डॉक्टर पवन जैन, ज्ञान सागर महिला मंडल की अध्यक्षा रेखा जैन, सुषमा जैन और रघ्शिम जैन सहित दर्जनों की संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी देखने को मिली।

# गुरु नाम के सरोवर में स्नान करने से शुद्ध होता है मन : आचार्य संत कंवरपाल ब्रह्मचारी

**मुजफ्फरनगर।** अखिल भारतीय संत शिरोमणि सतगुरु रविदास मिशन के तत्वाधान में गुरु गद्दी ऊन में सतगुरु स्वामी समनदास जी महाराज को साक्षी मानकर मासिक सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग का शुभारंभ संत शिरा. मणि सतगुरु रविदास जी महाराज, स्वामी ज्ञानभिक्षुक दास जी महाराज व सतगुरु स्वामी समनदास जी महाराज के श्रीचरणों में आरती वंदना से किया गया।

सत्संग में उमड़ी अनुयायियों की भीड़ को प्रवचन के माध्यम से निहाल करते हुए गुरु गद्दी ऊन के व्यवस्थापक आचार्य संत कंवरपाल ब्रह्मचारी जी महाराज ने कहा कि साधु होकर जो माया में वशीभूत हुए है वह दिखावा मात्र है,

ऐसे व्यक्ति षडडंत्रकारी होते है जिनसे समाज को सचेत रहना होगा क्योंकि बिना भाव के भक्ति संभव नहीं है इसलिए द्वेष करने वाले मनुष्य के कर्म निष्फल हो जाते है। गुरुनाम के अमृत के सरोवर में स्नान करने से मन का शुद्धिकरण होता है। संत या साधु के हृदय के छल में नहीं होना चाहिए उसके लिए सभी मनुष्य समान होते है लेकिन वर्तमान समय में कुछ साधु गुरु मर्यादा को तार तार कर अनेकों षडडंत्र रचते हुए षडडंत्रकारी हो रहे है लेकिन उन्हें याद रखना चाहिए कि सतगुरु हर जगह मौजूद है और उनके दरबार में सभी के कर्मों का हिसाब होता हैं। उन्होंने सभी से संतो महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलने की बात कही। सत्संग में एसडी गौतम पत्रकार ने गुरु गद्दी ऊन में आगामी 27 अक्टूबर 2025 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय संत समागम को सफल बनाने की बात कही। इस अवसर पर बालक अर्जुन सूर्यवंशी, गुरुचरण कटारिया ने भी विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन महात्मा



प्रेमदास ने किया। इस दौरान महात्मा समुद्रदास, महा. सतबीर दास, महा. गुलाब दास, महा. धीरदास, महा. महेंद्र दास, महा. चरणदास, महा. सतनाम दास, महा. राजपाल दास, महा. राजबीर दास, महा. बिहारी दास, महा. रामवीरदास, महा. टिंकू दास जलमाना, विनोद दास, नित. राम, गुरमेल दास, रोहताश, मोतीलाल चौहान, संदीप कटारिया चंवरवंशी, अनूप दास, संदीप दास, रामपाल सिंह, सतबीर, धर्मवीर हथछोया, सागर समनदासिया, ओमप्रकाश, जयपाल, परवीन, बलवान चौहान, सुभाष, योगेंद्र रविदासिया, वंश, सुंदर रविदासिया व राकेश धानवा समेत सैकड़ों अनुयाई मौजूद रहे।

## जब अपने पर पड़ी तो चिल्लाने लगे :त्यागी

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना के प्रमुख सीमेंट व्यवसाई और समाजसेवी प्रताप नारायण त्यागी ने मोनू की मौत के बाद शुरु हुई राज. निति को लेकर दुख जाहिर करने के बाद अब एक और बयान जारी करते हुए कहा कि एक ही स्थान पर अलग अलग घटनाओं पर दो अलग अलग सिद्धांत प्रतिपादित नही हो सकते हैं। पुलिस की गोलियों कोई अलग अलग कार्य नहीं करती हैं। पैर में लगी गोलियों से निकला खून भी हिन्दू मुस्लिम नहीं होता है। एक ही रंग का होता है।कल कुछ लोग पुलिस के खिलाफ अपना रोष व्यक्त कर रहे थे कि पुलिस ने घर से उठाकर फर्जी मुठभेड़ में मेरे भतीजे के पैर में गोली मार दी। घटना की सत्यता क्या है ये विषय हमारा नहीं है। पुलिस प्रशासन ही देख रहा है। अब घटना के दूसरे पहलू पर आते हैं। एक सप्ताह पहले कर्बला रोड बुढ़ाना पर भी एक मारपीट की आकस्मिक घटना घटित हुई थी। पुलिस ने घर से उठाकर फर्जी मुठभेड़ में दो व्यक्तियों के पैरों में गोली मार दी थी। दोनों घटनाएं फर्जी मुठभेड़ की तरफ इशारा करती हैं लेकिन यहां विशेष मान. सिकता के लोगों के चश्मे अलग अलग हो गए लगते हैं। इसलिए की वो मुस्लिम थे। ये ही लोग अपनी विख्रत सोच के तहत पुलिस के समर्थन में नारेबाजी कर रहे थे। हिन्दू मुस्लिम की बात कर रहे थे लेकिन अब खुद पर गुजरी तो स्थितियां बदल गई। विचार बदल गए। ऐसा नहीं होना चाहिए। ख्रष्टि एक रखिए। पुलिस ज्यादतियों के खिलाफ संघर्ष में समर्थन जरूर मिलेगा बशर्ते समाज में लकीरें ने खींची जाएं

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र विशाल अरोडा व पुत्रवधू अन्जना मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने में नही है। आये दिन मेरे व मेरे व मेरे परिवार के साथ लडाई झगडा व गाली-गलौच करते रहते है। इस कारण मै व मेरा परिवार विशाल अरोडा व पुत्रवधू अन्जना व उसके बच्चों से कोई सम्बन्ध वास्ता रखना नही चाहता है तथा मै विशाल अरोडा व पुत्रवधू अन्जना को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। आज के बाद इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए मै व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा। ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**मनोज कुमार पुत्र स्व.श्री कुन्दन लाल निवासी म.न.-89/90
पटेलनगर थाना नई मंडी तहसील
सदर जिला मुजफ्फरनगर**

# गांव शेखपुरा में पुलिस ने दोनों पक्षों से की वार्ता

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** ग्राम शेखपुरा स्थित मस्जिद और मदरसे को लेकर चल रहे विवाद का समाधान मंगलवार को पुलिस की पहल पर हो गया। थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार ने दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाकर वार्ता कराई। वार्ता के दौरान आपसी सहमति से जिम्मेदारी तय कर विवाद को समाप्त कर दिया गया।बैठक में निर्णय लिया गया कि मस्जिद की जिम्मेदारी मौ. यामीन और मदरसे की जिम्मेदारी मौलाना फरहान द्वारा 5 सितम्बर 2025 तक हिसाब-किताब देकर मुक्त कर दी जाएगी। इसके बाद मस्जिद व मदरसे की नई जिम्मेदारी मौ. साजिद और अकील अहमद को सौंपी जाएगी। गवाहों की मौजूदगी में यह तय किया गया कि मौ. यासीन और मौलाना फरहान तीन अन्य ग्रामीणों के साथ मिलकर दोनों स्थलों का हिसाब-किताब नए जिम्मेदारों को सौंपेंगे। इस मौके पर मौ. इरशाद, मौ. साजिद, अकील अहमद, नसीम खान, अरशद मलिक, अशरफ अंसारी, मौ. अली, मौ. आबिद समेत कमेटी के अन्य लोग मौजूद रहे। थाना कोतवाली खतौली में हुए इस समझौते पर दोनों पक्ष राजी हो गए। समझौते के बाद सभी लोगों ने खतौली पुलिस की सराहना करते हुए थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार का धन्यवाद किया।

## जैन स्थानक में संवत्सरी पर्व मनाया गया

**शाहपुर।** कस्बे के जैन स्थानक मे चल रहे आठ दिवसीय अध्यात्मिक शिविर का हुआ समापन। विगत 10 वर्षो से लगातार लगते आ रहे आठ दिवसीय शिविर का सफल समापन हुआ। यह शिविर जैन समाज के पर्युषण पर्व मे हर वर्ष लगता आ रहा है। शिविर जैन संत श्री सुदर्शन लाल जी महाराज के सुशिष्य संत श्री नरेश मुनी जी महाराज व गुरुदेव श्री राजेंद्र मुनी जी महाराज के आशीर्वाद व प्रेरणा से लगता है। शिविर मे जैन ग्रंथ अनंतगड़ सूत्र का अध्ययनन किया गया। पर्युषण पर्व के आख़री दिन को संवत्सरी पर्व के रूप मे मनाया जाता है। जिसमे समाज से जुड़े अनेको अनुयायीयों ने त्याग व्रत उपवास आदि किये। जिसमे पोषध व्रत करने वाले संजीव जैन, शगुन जैन, अमन जैन, नितिन जैन, कमलेश जैन, नीतू जैन, अन्नू जैन, अनिता जैन, आदि सैकड़ो लोगो ने उपवास किये।

# खतौली में धरना स्थल बनाने की उठी मांग

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** नगर खतौली में आए दिन धरना-प्रदर्शन और जाम लगने से आम जनमानस परेशान हो चुका है। किसान संगठनों और राजनीतिक दलों द्वारा अपनी मांगों को लेकर तहसील परिसर, सड़कों और हाइवे पर धरना-प्रदर्शन करने से नगरवासियों समेत वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस प्रकार लखनऊ और दिल्ली जैसे महानगरों में धरना-प्रदर्शन के लिए अलग स्थल निर्धारित किए गए हैं, उसी तरह खतौली में भी एक स्थायी धरना स्थल बनाया जाना चाहिए। ऐसा होने से न केवल आमजन को राहत मिलेगी बल्कि प्रशासन और सरकारी मशीनरी पर भी अनावश्यक दबाव नहीं पड़ेगा। नगरवासियों का कहना है कि आए दिन सड़क जाम, ट्रेनों को रोकने और




तहसील परिसर में धरने से पारिवारिक और सामाजिक कार्य प्रभावित हो जाते हैं। कई बार एंबुलेंस और जरूरी सेवाएं भी जाम में फंसकर रह जाती हैं, जिससे गंभीर हालात पैदा हो जाते हैं। सामा. जिक कार्यकर्ताओं और व्यापारियों ने भी प्रशासन से गुहार लगाई है कि जल्द से जल्द खतौली में एक निर्धारित धरना स्थल बनाया जाए, ताकि लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाने वाले लोग अपनी मांगें रख सकें और आम जनजीवन भी प्रभावित न हो।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र शाहरूख व उसकी पत्नी गुलनाज मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने में नही है। आये दिन मेरे व मेरे परिवार के साथ लडाई झगडा व गाली-गलौच करते रहते है। इस कारण मै व मेरा परिवार शाहरूख व उसकी पत्नी गुलनाज व उसके बच्चों से कोई सम्बन्ध वास्ता रखना नही चाहता है तथा मै शाहरूख व उसकी पत्नी गुलनाज व उसके दोनों बच्चों को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। आज के बाद इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए मै व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा। ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**अब्बास पुत्र महमूद
निवासी कस्बा व थाना शाहपुर
जिला मुजफ्फरनगर**

# आर्यपुरी भूड़ में ताबड़तोड़ फायरिंग से दहशत

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नगर के आर्यपुरी भूड़ इलाके में बीती रात अज्ञात बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग कर सनसनी फैला दी। तीन बाइकों पर सवार होकर आए छह हमलावरों ने एक मकान पर गोलियां बरसाईं। गोलियों की तड़तड़ाहट से पूरा मोहल्ला दहशत में घरों से बाहर निकल आया।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

अशोक कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी आर्यपुरी भूड़ ने बताया कि रात करीब 12रू30 बजे वह परिवार के साथ सो रहे थे। अचानक गोलियों की आवाज से नींद खुली। बाहर आने पर देखा तो मकान की दीवार पर दो गोलियों के निशान बने थे। मौके से 315 बोर और 312 बोर के कई खोखे भी मिले। घटना से लोगों में हड़कंप मच गया। मोहल्ले के लोग डर से सहमे हुए हैं। पीड़ित के पिता ओमप्रकाश (70), जो आर्मी से रिटायर्ड एक्स सर्विस मैन हैं, ने बताया कि उनकी किसी से कोई रंजिश नहीं है। वह पत्नी के साथ घर में रहते हैं, जबकि दोनों बेटे आर्मी में नौकरी करते हुए बाहर डड्रूटी पर तैनात हैं।पुलिस ने मौके से खोखे कब्जे में लेकर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। समाचार लिखे जाने तक पीड़ित की और से पुलिस को तहरीर नही दी गई थी।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**खतौली।** बुधवार की देर रात गंगनहर कांवड़ पटरी मार्ग पर हुए सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही मृतक के घर कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार तगान निवासी अंकित पुत्र राजेंद्र देर रात अपनी बाइक से गंगनहर कांवड़ पटरी मार्ग से गुजर रहा था। इसी दौरान उसकी भिड़ंत एक पेटीज वाले के ठेले से हो गई। टक्कर लगते ही अंकित सड़क पर गिर पड़ा और उसके सिर में गंभीर चोटें आ गईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अंकित को खतौली सीएचसी में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने उसे गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां गुरुवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।अचानक हुए इस हादसे से मृतक के परिवार में मातम छा गया।

# एसडीएम से की मुलाकात



**शाहपुर।** कस्बे के सर्राफ एवं वरिष्ठ प्रमुख समाजसेवी कमल वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता उमेश मित्तल, शाह टाइम्स पत्रकार भाग्य शर्मा, श्री बालाजी धाम मंदिर से जुड़े अतुल सिंघल ने एसडीएम बुढ़ाना अपूर्वा यादव को तहसील मुख्यालय पर बुके देकर सम्मानित किया एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान अपूर्वा यादव ने आभार व्यक्त किया।

ज्ञात हो कि जनता मे लोकप्रिय एवं कानून का सख्ती से पालन कराने वाली तथा ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले फरियादियों की बात सुनने वाली है एसडीएम।

# गैंगस्टर व हिस्ट्रीशीटर पुलिस मुठभेड़ में घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** स्थानीय पुलिस ने बुढाना कोतवाली के एक हिस्ट्रीशीटर और गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे एक गौकश को मुठभेड़ में गोली मारकर पकड़ लिया जबकि उसका एक साथी भाग जाने में सफल रहा। पुलिस टीम ने फरार हुए बदमाश को काम्बिंग के दौरान पकड़ना भी चाहा लेकिन वह ईंख के रास्ते फरार होने में कामयाब हो गया।

एसपी देहात ने घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस टीम का हौंसला बढाया और पुलिस टीम को शाबाशी दी। उक्त घायल बदमाश को हस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना पुलिस को आज बृहस्पतिवार की अल सुबह किसी खास मुखबिर से एक सटीक सूचना यह मिली कि दो बदमाश खतौली मार्ग के पास किसी घटना की रैकी के लिए संदिग्ध रूप से खड़े हुए हैं। इनमें से एक बदमाश तो बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर है और गैंगस्टर एक्ट में भी निरुद्ध है।

तब उमरपुर पुलिस चौकी के नये प्रभारी दीपक कुमार ने इसकी सूचना बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्र को दी तो उन्होंने तुरंत एक टीम गठित करते हुए खुद भी मौके पर पहुंचकर खतौली वाया बुढ़ाना मार्ग पर दो बदमाशों को मौका पाकर घेर लिया और उनको फिल्मी स्टाइल मे सरेंडर करने को कहा तो दोनों बदमाशों ने पुलिस से अपने आपको घिरा हुआ पाकर पुलिस टीम पर गोली चला दी लेकिन अपने संसाधनों से पहले से ही लैस पुलिस टीम के एक कांस्टेबल ने अपने आपको फुर्ती से बचाते हुए बदमाशों पर गोली चला दी। जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लग गयी और वह वहीं पर गिर पड़ा जबकि उसका एक साथी ईंख के रास्ते आंखों से ओझल हो गया। पुलिस ने घायल बदमाश को कब्जे में कर फरार बदमाश की तलाश में काम्बिंग की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। घायल बदमाश ने अपना नाम दीनू उर्फ दीन मौहम्मद पुत्र यूनुस निवासी लुहसाना रोड बुढाना और फरार साथी का नाम सरताज पुत्र नवाब निवासी गांव बुढीना खुर्द थाना तितावी बताया। पुलिस के अनुसार घायल बदमाश पर पहले से ही गौकशी के 12 से भी ज्यादा मामले दर्ज हैं। मुठभेड़स्थल पर सीओ गजेंद्र पाल सिंह और एसपी देहात भी पहुंचे। जिन्होंने कोतवाल आनंद देव मिश्र से मुठभेड़ की पूरी जानकारी ली। पुलिघ्स ने मौके से एक तमंचा, कारतूस, खोखा व बाइक भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार 21 अगस्त को जो मुठभेड़ बुढ़ाना क्षेत्र में हुई थी उसमें यह आरोपी फरार हो गया था।

# व्यापारियों व उद्यमियों को सरकार दे राहत पैकेज

**मुजफ्फरनगर।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष संजय मित्तल के नेतृत्व में आज सैकड़ो व्यापारियों ने अमेरिका सरकार द्वारा की गई 50 प्रति. टैक्स वृद्धि टैरिफ के विरोध में कलेक्ट्रेट पहुंचकर व्यापार मंडल के सैकड़ो व्यापारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन सोपा संजय मित्तल ने कहा कि अमेरिका द्वारा 50 प्रति. की टैरिफ लगाने के कारण व्यापारियों उद्यमियों व श्रमिकों को भारी आर्थिक नुकसान होगा व्यापारी व उद्योग मंदी की चपेट में न आए उनका अस्तित्व सुरक्षित रहे इसके लिए हमारी सरकार से मांग है कि व्यापारियों, उद्यमियों व श्रमिकों को राहत पैकेज की घोषणा की जाए तथा जगह-जगह प्रचार करके स्वदेशी अपनाओ विदेशी भगाओ की मुहिम जोर शोर से चलानी चाहिए विशेष तौर पर अमेरिकी उत्पादों जैसे इंजी. नियरिंग का सामान ड्रग्स, इलेक्ट्रिक, ज्वेलरी रतन,कालीन, केमिकल, बर्तन, कोका-कोला, पेप्सी, लिम्का, शैंपू, सर्फ, आदि हजारो वस्तुओ का बहिष्कार करना चाहिए इसके बाद व्यापारी इकट्ठा होकर शिव चौक पहुंचकर व्यापारियों ने अमेरिका के उत्पादो की होली जलाकर जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया प्रदर्शन में मुख्य रूप से महेश चौहान, राजेंद्र सिंघल, नीरज बंसल, जयपाल शर्मा, प्रमोद त्यागी, अनिल तायल, दीपक गोयल, पुनीत सिंघल, धारा सिंह पाल, लवी गोयल, अमित राय जैन, नरेश अरोड़ा, अमजद सैफी, मनोज



पुंडीर, संजय वर्मा, राजेश गोयल, मनोज शर्मा, राजीव गुप्ता, अविरल मित्तल, विनोद वर्मा, परमिंदर धीमान, नितिन जैन, प्रवीण धीमान, बंटी गाबा, अनिल तायल, विकास आहूजा, उज्जवल मित्तल, संजय गोयल, मोहम्मद तारिक, आदि उपस्थित रहे।

# प्रमुख समाजसेवी को गणमान्य व्यक्तियों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**मोरना।** मोरना के प्रमुख समा. जसेवी स्वर्गीय चौधरी भंवर सिंह की शोक सभा मे गणमान्य व्यक्तियों द्वारा उनके चित्र सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी व उनकी सामाजिक जीवन पर प्रकाश डाला गया।

मोरना मे बिहारगढ़ मार्ग पर रालोद विधान सभा अध्यक्ष डॉ. अमित ठाकरान के आवास पर उनके पिता स्व.चौ. भंवर सिंह की श्रद्धांजलि सभा मे रालोद जिलाध्यक्ष संदीप मलिक ने कहा की चौ. भंवर सिंह चरण सिंह वादी और समर्पित किसान कार्यकर्ता थे। किसानो व आमजन की समस्याओं को मुखर रूप से रखने का कार्य उन्होंने किया। भाजपा नेता अमित राठी ने कहा की स्व. भंवर सिंह ज़मीन से जुड़े समा. जसेवी थे। सुन्दर गुर्जर ने कहा की वह महर्षि शुकदेव इंटर कॉलिज की प्रबंध कमेटी मे उपाध्यक्ष के पद पर रहे।

वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल,विधायक मिथलेश पाल,ब्लॉक् प्रमुख अनिल राठी, अजीत राठी, वरुण सहरावत,वेदवीर सिंह, प्रभात तोमर,योगेश शर्मा,मिन्टू राठी, पंकज माहेश्वरी, यूनित ठाकरान, पवन प्रधान,देवेन्द्र प्रधान, विकास मुखिया सहित परिजनों व परिचितो व क्षेत्र के अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना की गयी व उनके चित्र सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी।साथ ही ज्येष्ठ पुत्र डॉ अमित ठाकरान को उपस्थितजनो द्वारा पगड़ी पहनाई गयी।

## संक्षिप्त समाचार

### गंगा बैराज पुल की मरम्मत का कार्य पूरा, शनिवार से शुरू होगी वाहनों की आवाजाही

**मीरापुर।** दिल्ली पौड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित गंगा बैराज पुल के मरम्मत कार्य में बड़ी प्रगति हुई है। पुल के गेट नंबर 21 पर बेयरिंग बदलने का कार्य पूरा कर लिया गया है। चारों खराब बेयरिंगों को सफलतापूर्वक हटा कर नए बेयरिंग लगाए गए हैं। अब केवल गेट नंबर 28 के खराब पेडस्टल की मरम्मत शेष है। अधिका. रियों के अनुसार यह कार्य एक से दो दिनों में पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद पुल पर वाहनों की आवाजाही शुरू हो जाएगी।मरम्मत कार्य के दौरान तकनीकी विशेषज्ञों ने गेट नंबर 20 और 21 पर विशेष तकनीक अपनाई। फाटकों के स्लैब को जैक की सहायता से ऊपर उठाकर गैप कम किया गया। इसके बाद गार्डर के नीचे नए पेडस्टल स्थापित किए गए। चारों बेयरिंगों में से बदलने के कार्य पुरा कर लिया गया है। इस तरह गेट 21 की मरम्मत पूरी तरह संपन्न हो गई है। एनएचएआई के सहायक अभियंता आशीष शर्मा ने जानकारी दी कि पुल का मुख्य कार्य अब लगभग समाप्त हो चुका है। तकनीकी निरीक्षण के बाद शनिवार से पुल पर वाहनों का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। फिलहाल भारी वाहनों को छोड़कर सभी प्रकार के वाहनों को पुल से गुजरने की अनुमति दी जाएगी। एक सप्ताह बाद स्थिति की समीक्षा कर भारी वाहनों के संचालन की भी अनुमति दी जाएगी। एनएचएआई ने बताया कि पुल के सुरक्षित संचालन के लिए सभी आवश्यक तकनीकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### रसूलपुर गढी में अज्ञात रूप से पत्थरबाजी के कारण दहशत का माहौल

**मीरापुर।** ग्राम रसूलपुर गढी में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा घरो में पत्थर फेंके जाने के कारण एक महिला गम्भीर रूप से घायल हो गई। जिसको उपचार के लिए सीएचसी जानसठ में भेजा गया है। घायल महिला के पुत्र ने थाने में अज्ञात लोगो के विरूद्ध तहरीर दी है। मीरापुर थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर गढी में कुछ दिनो से नसीम पुत्र रशीद के घर के आसपास लोगो में दहशत फेलाने के लिए खेतो की ओर से घरो में ईंट पत्थर फेंके जा रहे थे। जिसके कारण कई बार लोगो को हल्की फुल्की चोटे भी आई। गुरूवार की दोपहर नसीम की मां घर के आंगन में कुछ घरेलू कार्य कर रही थी। उसी दौरान खेतो की ओर से एक ईंट उसके सिर में आ लगी जिस कारण वह गम्भीर रूप से घायल हो गई। परिजनो ने घायल महिला को उपचार के लिए सीएचसी जानसठ में भर्ती कराया है। पीडित महिला के बेटे नसीम ने थाने में अज्ञात रूप से दहशत फेलाने वाले लोगो के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।?

### सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

**छपार।** बरला - बसेडा मार्ग पर एक अज्ञात वाहन ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार युवक गंभीर घायल हो गया। पुलिस घायल को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। गांव रेत्ता नगला निवासी संजीत बृहस्पतिवार को बाइक से बरला बसेडा मार्ग पर जंगल में किसी से मिलने जा रहा था जब वह मांडला मार्ग के निकट पहुंचा तो पीछे से आये अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार युवक गंभीर घायल हो गया किसी राहगीर ने डायल 112 को सूचना दी पुलिस ने मौके पर पहुंच कर अपनी गाड़ी में उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया ओर अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई। एमआई क्रिकेट के ग्रांउड की चमक बढ़ेगी?

### अग्निवीर भर्ती में दौड़े अमरोहा व रामपुर के युवा

**मुजफ्फरनगर।** अग्निवीर भर्ती रैली में युवाओं का जोश निरंतर देखने को मिल रहा है। आज अमरोहा व रामपुर के युवाओं ने हिस्सा लिया।1171 युवाओं ने दौड़ और अन्य प्रक्रिया में हिस्सा लिया। चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम मैदान में आयोजित अग्निवीर भर्ती के अवसर पर सैन्य भर्ती अधिकारियों ने रैली स्थल का दौरा कर संपूर्ण व्यवस्था का निरीक्षण किया। भर्ती रैली को सुचारू रूप रो संपन्न कराने के लिए आर्मी भर्तीकार्यालय (ए.आर.ओ.) मेरठ में स्थानीय सैन्य प्राभिकरण और नागरित प्रशासन के सहयोग ने व्यापक एवं सुव्यवस्थित प्रबंध किए हैं। इसमें किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी की कोई संभावना नहीं है। उन्हों ने उम्मीदवारों को कोवनी देते हुए कहा कि वे किसी भी दलाल या एजेंट के बहकावे में न आएं। यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति संपर्क करता है तो तुरंत भर्ती संगठन को सूचित करे।

### कोच राहिल ने राष्ट्रीय खिलाड़ियों को कस्बे में आने का दिया निमंत्रण

**बुढ़ाना।** कस्बे के कांधला रोड पर बने एमआई क्रिकेट के ग्रांउड में छोटे छोटे बच्चों को मोबाइल और फास्ट फूड से दूर रखकर स्वास्थ्य सबंधित जानकारी देकर 80 बच्चों को क्रिकेट का जुनून भरने वाले कोच राहिल सिद्दीकी ने दो दिन पहले लखनऊ जाकर अन्तर्राष्ट्रीय खिलाडियों से मुलाकात कर उनको अपने ग्राउंड में बुलाने का न्योता दिया ताकि बच्चों को क्रिकेट की बारीकी बातें सीखने को मिले। उन्होंने बताया कि उन्होंने राष्ट्रीय क्रिकेटर समीर रिजवी, प्रवीन कुमार, अन्तर्राष्ट्रीय एम्पायर अनिल चौधरी और आदर्श सिंह टी 20 प्लेयर से दो दिन पहले ही उत्तर प्रदेश की राजधानी मे मुलाकात की और उनको बुढ़ाना कस्बे में आने का भी न्योता दिया।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को घर से निकाला

**खतौली।** रतनपुरी थाना क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न करने पर विवाा. हता को ससुरालियों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।गुलफशा पुत्री अफरोज निवासी रतनपुरी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका निकाह करीब एक वर्ष पूर्व प्रवेज पुत्र यासीन निवासी खिवई, थाना सरूरपुर द्धम रठत्र्ञ के साथ हुआ था। परिजनों ने निकाह में करीब 10 लाख रुपये खर्च कर 51 हजार रुपये नकद, एक हीरो होंडा मोटरसाइकिल, सोने-चांदी के जेवर और घरेलू सामान दिया था। इसके बावजूद ससुराल पक्ष दिए गए दहेज से संतुष्ट नहीं थे और लगातार 2 लाख रुपये नकद व एक स्विफ्ट कार की मांग करने लगे। पीड़िता का आरोप है कि अतिरिक्त दहेज न मिलने पर पति प्रवेज, ससुर यासीन, सास जाफरी, नंदोई इरशाद निवासी गव हैडा द्धजिला बागपतत्र्ञ, नसीम निवासी झूण्डपुर द्धथाना दोघट, जिला बागपतत्र्ञ, नंद राहिल, सोनिया पत्नी नसीम और परवीन पुत्री यासीन उसे तंग करने लगे। आरोप है कि 9 जून की शाम करीब 6 बजे ससुराल वाले उसे गाड़ी में बैठाकर ग्राम टोडा ले गए और वहां गांव के किनारे उतारकर मारपीट की। साथ ही धमकी दी कि जब तक 2 लाख रुपये और कार लेकर नहीं आएगी, उसे घर में नहीं रखेंगे। शोर मचाने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो ससुराल वाले गाड़ी से भाग गए। इसके बाद विवाहिता ने घर पहुंचकर पूरी घटना अपने पिता और भाई को बताई।

# जनपदीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

**मुज़फ़्फ़रनगर।** आज डीएवी इंटर कॉलेज, मुज़फ़्फ़रनगर के विशाल खेल मैदान में जनपदीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन श्रीमती सविता सिंह, प्रधानाचार्य, झांसी की रानी इंटर कॉलेज, मुज़फ़्फ़रनगर द्वारा किया गया। इस अवसर पर कैप्टन बबीता राणा ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि ह्खेलों से अनुशासन, एकता और आत्मब्विास का विकास होता है। विद्यार्थी जीवन में खेल उतने ही आवश्यक हैं जितनी शिक्षा।कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. राहुल कुशवाहा ने खिलाड़ियों को खेल भावना और परिश्रम की महत्ता पर प्रकाश डाला तथा उन्हें निरंतर अभ्यास और लगन के लिए प्रेरित



किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में प्रधानाचार्य श्री प्रमोद कुमार, सत्यकाम तोमर, डॉ. राहुल कुशवाहा, कैप्टन बबीता राणा, रचना रावत, समीर कुमार, अक्षय कुमार, प्रियंका शर्मा तथा श्रीमती रीना यादव का विशेष सहयोग रहा। आयोजकों ने उनके योगदान के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न विद्यालयों से आए खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खिलाड़ियों के जोशीले खेल प्रदर्शन को देखकर दर्शकों ने खूब तालियाँ बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राएँ ख्र तनु, माही, शाजिया, सदिया, शिवानी, कोमल, बरखा, खुशी और इंदु का चयन किया गया है। ये सभी छात्राएँ आगामी 30 अगस्त 2025 को सहारनपुर मंडल में आयोजित मंडल प्रतियोगिता में जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगी।

# तेल बनाने की फैक्ट्री पकड़ी

**छपार।** गॉव खुडडा में जिला कृषि अधिकारी ने टीम के साथ छापा मारकर यूरिया से तेल बनाने की अवैध फैक्ट्री पकड़ी और उसमें किसानों को अनुदानित यूरिया के कट्टे व अन्य उपकरण बरामद कर साकिब को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया।थाने में जिला कृषि अधिकारी राहुल तेवतिया की ओर से एक नामजद व कुछ अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया। बुधवार को गांव खुडडा में वर्षो से अवैध रूप से किसानों को मिलने वाला अनुदानित यूरिया से डीईएफ बनाने का धंधा जोरों शोरों से चल रहा था किसी ने जिला कृषि अधिकारी को फोन से सूचना दी जिस पर जिला कृषि टीम सहित पुलिस को लेकर मौके पर पहुंचे पहुंचे ओर वहां से भारी मात्रा में यूरिया खाद के कट्टे व अन्य उपकरण बरामद किये। वहां पर मौजूद खुडडा निवासी साकिब को भी पकड कर पुलिस को सौंप दिया।

# अव्यवस्थाओं को लेकर पीएनबी बैंक में भाकियू संघर्ष मोर्चा के कार्यकर्ताओं का हंगामा

**जानसठ ।** स्थानीय पंजाब नेशनल बैंक की शाखा में उपभोक्ताओं का आए दिन किसी न किसी बात को लेकर विवाद बना रहता है। दलालों के माध्यम से बैंक कर्मियों पर श्वित लेकर लोन देने का आरोप लगाते हुए किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया।

पूर्व में भी बैंक में कई उपभोक्ताओं के साथ बैंक कर्मी अभद्र व्यवहार कर चुके हैं जिसकी शिकायत बैंक के उच्च अधिकारियों से की जा चुकी है।

बृहस्पतिवार को पंजाब नेशनल बैंक की शाखा पर किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा के चेतन कुमार, कपिल प्रधान, वेदपाल, मेनपाल, युसूफ आदि कार्यकर्ताओं ने बैंक में प्राइवेट व्यक्ति को देखकर हंगामा काटा यूनियन के कार्यकर्ताओं का आरोप है, कि शाखा पर तैनात ब्रांच मैनेजर और अन्य कर्मचारी प्राइवेट लोगो के हाथों उपभोक्ताओं का शोषण करने में लगे हैं यूनियन कार्यकर्ता चेतन ने आरोप लगाया, कि यहां श्वित लेकर किसानों का शोषण हो रहा है जो कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यूनियन कार्यकर्ताओं का कहना है, कि बैंक कर्मचारी व प्राइवेट लोग मिलकर आए दिन किसानों व खाता धारको से अभद्र व्यवहार करते हैं। इस दौरान कार्यकर्ताओं की बैंक कर्मियों से तीखी नोंक झोंक हुई। 2 दिन पूर्व भी उपभोक्ता सत्येंद्र कुमार के साथ बैंक कर्मचारियों ने यूपीआई चलने से मना करते हुए खाता बंद करने को कहा जिसकी शिकायत उपभोक्ता ने शिकायत रजिस्टर में दर्ज की एवं उच्च अधिकारियों को भी शिकायत भेज कर कार्रवाई करने की मांग की है।

# जिला उद्योग बंधु की बैठक का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी श्री उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु की बैठक फेडरेशन ऑफ मुज़फ़्फ़रनगर कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के फेडरेशन हाल में आयोजित हुई।

बैठक में जिलाधिकारी को उपयुक्त उद्योग ने विगत बैठक में हुई कार्रवाई से अवगत कराया। इसके पश्चात श्री आशीष गर्ग ने बैठक को आगे की कार्यवाही हेतु जिला उद्योग केंद्र की उपायुक्त श्रीमती जैस्मिन फौजदार को हैंडओवर किया।बैठक में जिलाधिकारी ने बिजली विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि देश वर्तमान में अंतर्राष्ट्रीय टैरिफ की चुनौती से जूझ रहा है,उद्योगों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए ताकि उत्पादन कार्य प्रभावित न हों। यदि किसी इकाई से शिकायत प्राप्त होती है तो उसका तुरंत समाधान किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि विद्युत विभाग के अधिकारी उनके साथ अलग से बैठक कर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें।

फेडरेशन अध्यक्ष नीलकमल पुरी ने कहा कि सितंबर-अक्टूबर में कोल्हू संचालित होने के कारण प्रदूषण का स्तर बढ़ता है, जिसका ठीकरा उद्योगों पर फोड़ा जाता है, जबकि उद्योगों में प्रदूषण रोकने के सभी उपकरण लगे हुए हैं। इस पर जिलाधिकारी ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देश दिए कि उचित कदम उठाकर प्रदूषण पर नियंत्रण किया जाए और दोषी इकाइयों पर तत्काल कार्यवाही हो।आईआईए चेयरमैन अमित जैन ने कहा कि मुजफ्फरनगर के उद्यमी राष्ट्रहित में पूरी तरह समर्पित हैं, किंतु कुछ अधिकारी सरकार की भावना के विपरीत कार्य कर उद्यमियों का शोषण कर रहे हैं, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने आश्वा. सन दिया कि उद्यमियों को हर संभव सहायता दी जाएगी और किसी को भी अनावश्यक रूप से परेशान नहीं किया जाएगा। बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारी एवं उद्यमी अवनी मित्तल (उपाध्यक्ष), राकेश जैन (उपाध्यक्ष), अंकित संगल (पूर्व अध्यक्ष), अंकुर गर्ग (पूर्व), के.एल. अग्रवाल (पूर्व सचिव), अरविंद गुप्ता दीपक मित्तल, जगमो. हन गोयल,सोमप्रकाश कुच्छल, मनोज पुंडीर, राकेश ढींगरा रहे।

# सीओ सदर का कार्यकाल अपराधियों के लिए बन रहा भोकाल

**सादिक त्यागी**

**चरथावल।** देश प्रदेश मे भाजपा की सरकार बनने पर जहाँ देशवासियो को अनेको बड़ी बड़ी समस्याओ से निजात मिली हैस और आम जनता बड़ी राहत महसूस कर रही है वही अब भी कुछ समस्याओ से देशवासी अब भी परेशान है और सरकार आम जनता की इन परेशानियों को दूर करने का भरपूर प्रयास कर रही है स पहले की सरकारों मे जहाँ देश के अन्नदाता किसानो को अपने खेतो पर रात्रि मे पानी आदि चलाने के लिए जाने मे बड़ी परेशानी होती थी और किसानो को खेतो पर जाना रात्रि मे चीनी मिलो मे गन्ना डालने के लिए जाना भी बड़ा दुभर कार्य था लूट, राहजनी, डकैती आदि अपराधों का सामना आम जनता को करना पड़ता था पूर्व की सरकारों मे तो अनेको बार किसानो सहित आम जनमानस को दीनदहाड़े लूट का शिकार होना पड़ता थास लेकिन प्रदेश मे योगी आदित्यनाथ की सरकार बनने पर जहाँ प्रदेशवा. सियो को अपराध से मुक्ति मिली है वही अब भी कुछ अपराधों युवा पीढ़ी सहित समाज के लिए घातक बने हुए थे जैसे नशाखोरी, जुआ, सट्टे आदि अपराधों से युवा वर्ग पूरी तरह बर्बाद हो रहा है और तो और युवा वर्ग मे नशे की प्रतिदिन लत बढ़ती जा रही है और नशे के कारण युवा अपनी जवानी अपने हाथो से बर्बाद कर रहा हैस बल्कि युवा वर्ग इस लत से दिगभृमित होकर अपने लक्ष्य से ही भटक रहा है और वह शिक्षा के बजाए नशे के चककर मे अपने जीवन को दूसरी दिशा मे ले जा रहा है सयही हाल दूसरी लतो का है जिससे पैसे की चकाचोंद के चलते जुए की दलदल मे फसता जा रहा है और अधिक पैसे पाने के चककर मे अपने कीमती सामानो को बेचकर सट्टे मे लगा रहा है स और अपने जरूरतों को भी पूरा करने के चककर मे स्कूलों की फीस तक को सट्टे मे लुटा रहे हैस और सीओ सदर डॉक्टर रविशंकर की के कार्यकाल से चर्चित सटाकिंग वसीम जैसे भी भूमिगत हो गए है और क्षेत्रवासियो को बहुत बड़ी समस्या से निजात मिली है सऔर क्षेत्रवासी सीओ सदर का आभार व्यक्त कर रहे है और उन्हें सीओ के कार्यकाल मे बहुत बड़ी समस्या से निजात मिल गयी है जिससे युवा पीढ़ी अपने लक्ष्य की और बढ़ती जा रही है स और पढ़ाई की और बढ़ रही है जिससे की पढ़कर युवा पीढ़ी अपने लक्ष्य की और बढ़ती दिख रही है स थाना प्रभारी जसवीर सिंह की ईमानदार छवि के चलते आम जनता पुलिस की मित्र बन रही है और अपराध पर पूरी तरह रोक लग रही है सीओ की कार्यशेली के चलते आपस के विवाद भी आपस मे ही निपटते नजर आ रहे है जिससे जिम्मेदार व्यक्ति भी सराहना कर रहे है और आपसी विवादों मे भी कमी होती नजर आ रही है

# ऑल इंडिया मोमिन अंसारी समाज सभी बिरादरियों का सम्मान करेगा:ताहिर हुसैन

**पुरकाजी।** मिली जानकारी के अनुसार 7 सितंबर को मुजफ्फरनगर जनसठ रोड के ग्रीन वेंकट हॉल में आयोजित होने वाले ऑल इंडिया मोमिन अंसारी समाज के महासम्मेलन को सफल बनाने के लिए ऑल इंडिया मोमिन अंसारी समाज के राष्ट्रीय वरिष्ठ महासचिव ताहिर हुसैन अंसारी ने कस्बे में जुल्फुकार अंसारी के आवास पर बैठक का आयोजन किया जिसकी अध्यक्षता ताहिर हुसैन अंसारी एवं संचालन तनवीर आलम अंसारी द्वारा किया गया वक्ताओं ने महासम्मेलन मैं ज्यादा से ज्यादा पहुंच कर महासम्मेलन को सफल बनाने की अपील की बैठक को संबोधित करते हुए ताहिर हुसैन अंसारी ने बताया कि मुजफ्फरनगर के जानसठ रोड पर ग्रीन फार्म हाउस पर ऑल इंडिया मोमिन अंसारी समाज का कौमी एकता



सम्मेलन 7 सितंबर को होने जा रहा है जिसमें सभी बिरादरियों व सामा. जिक संगठनों को बुलाकर सम्मानित किया जाएगा जो लोग निस्वार्थ अपने समाज के उत्थान के लिए समाज में फैली बुराइयों को दूर करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं उनका संगठन द्वारा सम्मान किया जाएगा महासम्मेलन मे मुख्य अतिथि मोहम्मद अनीस अंसारी रिटायर आईएएस लखनऊ शामिल रहेंगे बैठक में मुख्य रूप से मोहम्मद जफरियाब सलीम अहमद तनवीर आलम हाजी नजमुद्दीन शादीन प्रधान अंसारी मोहम्मद जुल्फिकार अफसार अंसारी दानिश अंसारी नफीस अंसारी आदि शामिल रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मुठभेड़ में पकड़े गए दो बदमाश, एक को लगी गोली

शाह टाइम्स संवाददाता

**झिंझाना।** कैराना रोड पर मुखबिर की सूचना पर कस्बे में फायरिंग की घटना में वांछित चल रहे हिस्ट्रीशीटर बदमाश की घेराबंदी के दौरान पुलिस से मुठभेड़ हो गई। जिसमें एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया, जबकि भाग रहे दूसरे बदमाश को पुलिस ने दबोच लिया। घायल बदमाश को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया। बदमाशों पर कई मुकदमे दर्ज हैं।

कोतवाली प्रभारी जितेन्द्र कुमार शर्मा को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि कैराना रोड पर कस्बे के मोहल्ला शहमुबारिक में फायरिंग कर दहशत फैलाने में वांछित चल रहे हिस्ट्रीशीटर बदमाश आफताब उर्फ ताबू निवासी कैराना अपने एक साथी के साथ किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं।

जिसके बाद कोतवाली प्रभारी जितेन्द्र कुमार शर्मा ने टीम के साथ




बदमाशों की गिरफ्तारी हेतु घेराबंदी की ओर बदमाशों को आत्मसमर्पण के लिए ललकारा, जिसके बाद बदमाशों ने अपने आपको घिरता देख पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश आफताब उर्फ ताबू गोली लगने से घायल हो गया, वहीं भागने का प्रयास कर रहे दूसरे बदमाश फैसल को भी पुलिस ने दबोच लिया। जिनके कब्जे से पुलिस ने दो अवैध तमंचों के साथ कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने घायल बदमाश को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया। सीओ अमरदीप मौर्य ने बताया कि बदमाशों पर कई संगीन धाराओं में मामले दर्ज हैं। पुलिस ने दोनों बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालानी कार्रवाई की है। मुठभेड़ के कुछ देर बाद अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह भी घटना स्थल पर पहुंचे।

## दो छात्राओं की फोटो खींचकर व्हाट्सएप पर की वायरल

**कांधला।** गुरूवार को पीडित महिला का कहना हें कि उसकी दो बेटियां कक्षा 10 और 11 में पढ़ाई करती हैं। रोजाना की तरह जब वह कॉलेज जा रही थीं, तभी गांव के ही तीन युवक पीछे-पीछे आए और मोबाइल से उनकी फोटो खींच ली। आरोप है कि युवकों ने उन तस्वीरों को व्हाट्सएप पर भी शेयर कर दिया। जब छात्राओं ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने अश्लील हरकत करते हुए छेड़छाड़ की और रास्ते में लगातार परेशान करने लगे। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने गांव इस्लामपुर घसौली निवासी मनीष,अंकित और शेट्टी के विरुद्ध छेड़छाड़ और आईटी एक्ट की धाराओं में अभियोग दर्ज कर लिया। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपी अंकित, व सेठी को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया बाकी फरार आरोपी की तलाश की जा रही है जल्दी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बकाया गन्ना भुगतान की मांग पूरी न हुई तो प्लांट बंद करने की दी धमकी

शाह टाइम्स संवाददाता

**ऊन।** किसानों ने गन्ना बकाया भुगतान की मांग को लेकर सहकारी गन्ना विकास समिति पर धरना प्रदर्शन किया उन्होंने बकाया भुगतान न देने पर चीनी मिल के इथेनॉल प्लांट को बंद करने की चेतावनी दी है।

किसानों ने सहकारी गन्ना विकास समिति के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी के नेतृत्व में समिति कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया किसानो की मांग है कि गन्ने का बकाया भुगतान तत्काल दिलाया जाए, स्मार्ट मीटर न लगाया जाए तथा मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार किसानों को 10 घंटे विद्युत आपूर्ति की जाए ।धरने पर किसानों के बीच गन्ना समिति के सचिव अजीत कुमार सिंह भी पहुंचे उन्होंने बताया कि ऊन चीनी मिल को गन्ना भुगतान के बारे में पत्र भेजा गया है लेकिन किसानों ने संपूर्ण भुगतान तत्काल देने की मांग की तथा मांग पूरी न होने पर चीनी मिल के एथेनॉल प्लांट को बंद करने की चेतावनी दी है। बता दे कि उन चीनी मिल द्वारा अभी तक किसानों को गत वर्ष का 1 मार्च तक का ही भुगतान किया है धरना प्रदर्शन में अजय खाटियान, गुलबीर सापला,रविंद्र मुंडेट,योगेश, मोनू,नीरज पहलवान, कुलदीप चौधरी, नदीम,अजय चौधरी, सोमपाल, सुभाष, अमजद, गयास पठान,शाबाज,सचिन, गोलू प्रधान आदि शामिल रहे।



## प्रॉपर्टी के लिए भाई बने जान के दुश्मन

शाह टाइम्स संवाददाता

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला रायजादगान निवासी एक व्यक्ति ने अपने तीन भाइयों पर पीड़ित को बार-बार दुकान खाली कराने के नाम पर परेशान करने व झूठे मुकदमे में फसाने का षडडंत्र रचने सहित मारपीट करने का आरोप लगाया है पुलिस ने पीड़ित को जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। गुरुवार को मोहल्ला रायजादगान निवासी राजा ने बताया कि पीड़ित की दुकान कस्बे के दिल्ली बस अड्डे पर है जो नगर पालिका के अधीन आती है। पीड़ित का आरा.प है कि उसके तीन भाई लगातार पीड़ित को बार-बार दुकान खाली कराने के नाम पर परेशान करते हैं। आरोपियों ने कई बार पीड़ित व उसके परिवार के साथ मारपीट कर चुके हैं और आरोपी लगातार पीड़ित उसके परिवार को झूठे मुकदमे में फसाने का षडडंत्र रचते रहते हैं। पूर्व में भी उसके भाइयों ने मारपीट करते हुए पीड़ित को झूठे मुकदमे में फसाने का षडडंत्र रचा था पीड़ित ने किसी तरह वीडियो बनाकर अपने भाइयों के झूठ का पर्दाफास किया था। पीड़ित ने गुरुवार को थाने पर पहुंचकर अपने तीनों भाइयों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## अवैध कब्जा करने का आरोप

**शामली।** थानाभवन क्षेत्र के गांव अहमदपुर निवासी सुशील कुमार पुत्र गोविन्दराम निवासी ग्राम अहमदपुर ने बताया कि पत्नी बबीता लगभग 15 वर्षों से काफी बीमार चल रही है। गांव में भूमि में कुछ साझे की जमीन है। तीन भाई सुशील कुमार, प्रवीन कुमार व अशोक कुमार हिस्सेदार है। पत्नी की बीमारी की वजह से आर्थिक स्थिति काफी कमजोर हो गई थ। बैंकों का काफी कर्ज होने के चलते अपने हिस्से की जमीन में से पांच बीघा जमीन अपने पडौसी के रिश्तेदार को बेच दी। जिसमें दोंनो भाईयों की रजामंदी ली थी, लेकिन इसके बावजूद भी मेरे दोनों भाईयों ने इस जमीन में आपत्ति लगा दी और कब्जा देने से इन्कार दिया। पिताजी के नाम से 100-100 गज के दो प्लाट है। उन पर भी दोनों भाईयों ने जबरदस्ती से कब्जा कर लिया है।

## डेढ़ साल से लापता बेटा-बहू को ढूंढ रही दुखियारी मां



शाह टाइम्स संवाददाता

**कांधला।** कस्बे की नई बस्ती निवासी महिला रिहाना पत्नी शादिन की जिंदगी पिछले डेढ़ साल से अंधेरे में डूबी हुई है। पीड़िता ने बताया कि करीब डेढ़ वर्ष पहले उसकी पुत्रवधू उसके बेटे सद्दाम को साथ लेकर अचानक कहीं चली गई थी। उस दिन के बाद से ना तो बेटे का कोई अता-पता मिला और न ही बहू का। परिजनों ने रिश्तेदारों,जान-पहचान और आसपास के इलाकों में खूब तलाश की, लेकिन दोनों का कोई सुराग नहीं मिला। पीड़ित महिला का कहना है कि वह पिछले डेढ़ साल से थाना पुलिस के चक्कर काट रही है। हर बार पुलिस से गुहार लगाती है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई।

गुरुवार को भी महिला थाने पहुंची और फूट-फूटकर फरियाद की कि उसके लापता बेटे और बहू को खोज निकाल कर घर लाया जाए। पीड़िता का कहना है कि बेटे के बिना उसका घर-आंगन सूना हो गया है। हर दिन वह दरवाजे पर बैठकर टकटकी लगाए रहती है कि शायद बेटा और बहू लौट आएं। दुखियारी मां की आंखों में आंसू और दिल में उम्मीद अभी भी बाकी है। पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने आश्वासन दिया कि मामले की गंभीरता से जांच कर लापता बेटे और बहू की तलाश की जाएगी।

# जिला सैनिक बंधु की बैठक, शिकायतों के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धु की बैठक आयोजित की गई। बैठक में भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं एवं शिकायतों पर विस्तार से चर्चा की गई।

डीएम ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि भूतपूर्व सैनिकों की शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में सैनिक बन्धु की ज्यादातर शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित हैं। डीएम ने अधिकारियों को नियमानुसार समयबद्ध निस्तारण करने के कड़े निर्देश दिए। डीएम ने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रत्एक बैठक से 15 दिन पूर्व एक समीक्षा बैठक अवश्य आयोजित कराई जाए, जिससे शिकायतों का निस्तारण और अधिक त्वरित गति से हो सके। बैठक में एसडीएम शामली अर्चना शर्मा,






एसडीएम न्यायिक हामिद हुसैन, वरिष्ठ कोषाधिकारी धीरज कुमार, तहसीलदार मनोज कुमार, कर्नल अजय सिंह मौजूद रहे।

# निर्वाचन क्षेत्र मतदेय स्थलों के निर्धारण पर बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में मेरठ खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के मतदेय स्थलों के निर्धारण को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। डीएम ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशों के क्रम में मतदेय



स्थलों का पुनर्गठन किया जा रहा है। जिन भवनों की स्थिति जर्जर है, बाढ़ से क्षतिग्रस्त हैं या अन्य अपरिहार्य कारणों से उपयुक्त नहीं हैं, उनके स्थान पर नए मतदेय स्थल निर्धारित किए जाएंगे। बैठक में पूर्व में स्थापित मतदेय स्थलों की सूची तथा प्रस्तावित परिवर्तनों की सूची सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई गई। जिलाधिकारी ने बताया कि यदि किसी राजनीतिक दल को किसी मतदेय स्थल में परिवर्तन संबंधी सुझाव देना है तो वे 4 सितम्बर तक जिला निर्वाचन कार्यालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। बताया कि मेरठ खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में कुल 1668 मतदाता और कुल 6 मतदेय स्थल हैं। वहीं मेरठ खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में कुल 9467 मतदाता हैं। अब तक यहां 13 मतदेय स्थल थे, जिनमें 3 और जोड़े जाने का प्रस्ताव है। इस प्रकार कुल मतदेय स्थल की संख्या 16 हो जाएगी।

## एक नजर

### गणेश चतुर्थी महोत्सव में पारस भारद्वाज रहे यजमान



शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** रघुनाथ मंदिर सभा, पंजाबी कॉलोनी, शामली द्वारा गणेश चतुर्थी के अवसर पर प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी गणेश जी की प्रतिमा की स्थापना की गई। रात्रि में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में पंडित नकुल शर्मा द्वारा पूजा-अर्चना वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सम्पन्न हुई। इस अवसर पर मुख्य यजमान के रूप में पारस भारद्वाज, जिला मंत्री भाजपा युवा मोर्चा, अपने परिवार सहित उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने उत्साह और श्रद्धा के साथ गणपति बप्पा का स्वागत किया और वातावरण भक्तिमय बना रहा। मंदिर सभा के पदाधिकारियों ने बताया कि आगामी पांच दिनों तक प्रतिदिन आरती, भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर मंदिर अध्यक्ष अशोक ठकराल, सुभाष चुग,यशपाल ठकराल,राधेश्याम भारती,संगीता अरोड़ा,शम्मी सेठ,अमित अरोड़ा,कमल नरूला,अमित भारती एवं कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और इस अवसर पर धार्मिक एवं सामाजिक एकता का सुंदर संदेश देखने को मिला।

### मुकदमे व जुर्माने के खिलाफ धरना जारी



शाह टाइम्स संवाददाता

**ऊन।** विद्युत विभाग के द्वारा किए गए मुकदमे व जुर्माने को लेकर शहीद भगत सिंह युवा समिति के कार्यकर्ताओं ने तहसील कार्यालय पर धरना जारी रहा। वीरवार को धरने में काफी संख्या में क्षेत्र के लोगों ने भाग लिया सभी ने पुलिस व विद्युत विभाग द्वारा की गई कार्रवाई पर रोष व्यक्त किया किसानों ने कहा कि समिति के अध्यक्ष को पुलिस द्वारा झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल भेजा गया है कार्यकर्ताओं का कहना है कि जब तक विद्युत विभाग समझौते के अनुसार मुकदमे व जुर्माने के नोटिस वापस नहीं लेता तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। धरना प्रदर्शन मे सत्यवान, सतेंद्र चिकारा,अरविंद,ओमवीर,निरंकार, अमित,जसबीर सुरेंद्र,ऋषिपाल, काला, सुशील कुमार,नीटू आदि शामिल रहे।

### अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया, पुलिस और पैरामिलिट्री ने किया फ्लैग मार्च

शाह टाइम्स संवाददाता

**कांधला।** एसपी के आदेश पर कस्बे में गुरुवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान की कमान थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने संभाली। इस दौरान पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स के जवान सड़कों पर उतरे और नगर में फ्लैग मार्च निकालकर कानून-व्यवस्था का सख्त संद.श दिया।नगर के मुख्य बाजार, चौक-चौराहों, रेलवे मार्ग,दिल्ली बस अड्डा, और व्यस्त मार्गों पर जहां-जहां अवैध कब्जे व अतिक्रमण दिखाई दिए, पुलिस ने मौके पर ही सख्ती दिखाते हुए हटवा दिए। दुकानदारों को हिदायत दी गई कि सड़कों पर अतिक्रमण कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने चेतावनी देते हुए कहा कि कस्बे और क्षेत्र की जनता की सुविधा के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। यदि किसी ने दोबारा सड़क या सार्वजनिक स्थान पर अवैध कब्जा कर अतिक्रमण तो किया तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।भारी पुलिस बल और पैरामिलिट्री फोर्स की मौजूदगी से कस्बे में अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। वहीं आम लोगों और राहगीरों ने राहत महसूस की कि अब सड़कों पर भीड़भाड़ और जाम से छुटकारा मिलेगा।

# यमुना बांध के कटाव का जायजा लेने पहुंचे विधायक नाहिद हसन

शाह टाइम्स संवाददाता

**चौसाना।** चौसाना क्षेत्र के ग्राम भड़ी में यमुना नदी के बांध पर हो रहे लगातार कटाव ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। ग्रामीणों का कहना है कि हर बरसात के मौसम में यमुना का पानी बांध को कमजोर कर देता है, जिससे खेतों और बस्तियों तक पानी घुसने का खतरा बना रहता है। इसी समस्या को लेकर मंगलवार को कैराना विधायक नाहिद हसन स्वयं मौके पर पहुंचे और स्थिति का गहन निरीक्षण किया।

विधायक नाहिद हसन ने बांध के कटावग्रस्त हिस्सों का स्थलीय निरीक्षण किया और ग्रामीणों से बात. चीत की। ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि यदि समय रहते मजबूत व्यवस्था नहीं की गई तो आगामी बरसात में बड़ा खतरा उत्पन्न हो सकता है। उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों से बांध की



मरम्मत और सुरक्षा को लेकर मांग उठती रही है, लेकिन ठोस कदम अब तक नहीं उठाए गए।

निरीक्षण के दौरान विधायक ने मौके पर ही प्रशासनिक अधिकारियों से फोन पर वार्ता की और कटाव रो. कने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

विधायक ने कहा, हग्रामीणों की सुरक्षा और उनकी खेती को नुकसान से बचाना हमारी जिम्मेदारी है। मैं



व्यक्तिगत रूप से इस मामले को उच्चाधिकारियों के सामने रखूंगा और जल्द ही कटाव रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।ह

ग्रामीणों ने विधायक के दौरे पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यदि प्रशासन समय रहते पुख्ता कदम उठाए तो हर साल उन्हें आने वाली दिक्कतों से निजात मिल सकती है।

ग्राम प्रधान और स्थानीय लोगों ने भी इस दौरान विधायक को बांध की जर्जर स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि कटाव से न केवल कृषि भूमि को नुकसान हो रहा है बल्कि गांव की सुरक्षा पर भी खतरा मंडरा रहा है।

विधायक ने भरोसा दिलाया कि आगामी दिनों में विभागीय टीम भेजकर बांध की तकनीकी जांच कराई जाएगी और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराकर समस्या का स्थाई समाधान किया जाएगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे जिन्होंने विधायक से बांध को मजबूत करने की मांग दोहराई।

## गल्ले में हाथ डालकर चोरी की कोशिश

शाह टाइम्स संवाददाता

**कांधला।** थाना क्षेत्र की नई बस्ती देहात, बिजलीघर के समीप में नशेड़ी युवक द्वारा दिनदहाड़े एक परचून की दुकान से चोरी की कोशिश की गई। पीडित दुकानदार के अनुसार आरोपी युवक दुकान के गल्ले में हाथ डालकर रूपए उड़ाने ही वाला था कि दुकानदार ने उसे पकड़ लिया। लेकिन धक्का-मुक्की के बीच आरोपी मौके से फरार हो गया। पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

कस्बे की नई बस्ती बिजली घर के समीप बॉबी सैनी ने बताया कि पीड़ित ने अपने मकान के समीप परचून की दुकान कर रखी है गुरुवार की दोपहर को अचानक से एक नशेड़ी युवक दुकान में घुस गया और गले में चोरी करने लगा शोर मचाने पर आरोपी फरार हो गया। दुकानदार का कहना है कि कस्बे में नशे का कारोबार खुलेआम फल-फूल रहा है। आए दिन नशेड़ी दुक.ानों और राहगीरों को निशाना बना रहे हैं। दुकानदार का कहना है कि कैमरे में सब कुछ साफ दिख रहा है, लेकिन नशेड़ियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि अब वे दिनदहाड़े गल्ले पर हाथ डाल रहे हैं। अगर पुलिस ने समय रहते कदम नहीं उठाए तो हालात और बिगड़ जाएंगे।पीडित दुकानदार ने घटना से संबंध वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए पुलिस से शिकायत कर पुलिस प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# उत्तम क्षमा धर्म पर मुनिराज विव्रत सागर का प्रवचन

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** शहर के जैन धर्मशाला में गुरूवार को दसलक्षण महापर्व का शुभारंभ धूमधाम से हुआ। प्रथम दिन मुनि 108 विव्रत सागर ने अपने प्रवचन में उत्तम क्षमा धर्म पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि दसलक्षण पर्व केवल बाहरी अनुष्ठानों या व्रत-उपवास तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि आत्मा के आंतरिक स्वभाव से जुड़कर मनाना चाहिए।

श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए जैन मुनि ने कहा कहा के दसलक्षण महापर्व पर भोजन का त्याग ही साधना नहीं है। यदि ऐसा होता तो फुटपाथ पर बैठा भिखारी



सबसे बड़ा साधक होता। साधना का वास्तविक स्वरूप आत्मा से जुड़ना है। मुनिराज ने क्रोध को तीन श्रेणियों में विभाजित करते हुए समझाया। पहला, जो लोग अवसर न मिलने के कारण क्रोध नहीं करते और सोचते हैं कि उन्हें क्रोध आता ही नहीं।

दूसरा, जो छोटी-छोटी बातों पर



क्रोधित होकर तुरंत शांत हो जाते हैं। तीसरा, जो क्रोध को भीतर दबाकर रखते हैं और वर्षों तक रिश्ते खराब कर लेते हैं। यही सबसे खतरनाक क्रोध है। उन्होंने कहा कि उत्तम क्षमा का अर्थ केवल दूसरों को माफ करना नहीं है, बल्कि यह आत्मा का सहज स्वभाव है, जिसमें क्रोध, मान, माया और लोभ उत्पन्न ही नहीं होते। आत्मा समुद्र की तरह है, जिस पर कोई विकार टिक नहीं सकता। मुनिराज ने कहा कि क्रोध को दबाना चिंगारी को रोली के ढेर से ढकने जैसा है, जो बाद में आग बन जाता है। सबसे पहले यह स्वीकार करना जरूरी है कि हहां, मुझे क्रोध आता है। तभी उसका त्याग संभव है। आज की समस्त धार्मिक क्रियाएं भोपाल से पधारे बाल ब्रह्मचारी शोभित के निर्देशन में हुई। वहीं, भक्ति संगीत की प्रस्तुति भोपाल से आए जिनेंद्र जैन ने दी।

# सभासद पति पर दबंगों का जानलेवा हमला, किया लहूलुहान

शाह टाइम्स संवाददाता

**कांधला।** कस्बा निवासी सभासद पति के साथ कई अज्ञात युवकों ने जाति सूचक शब्द कहते हुए धारदार हथियारों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया पीड़ित सभासद पति ने थाने पहुंचकर तहरीर दी है पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। कस्बे की नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 3 के सभासद पति अनिल बोहरा ने कस्बे के रेलवे मार्ग दोनों नहरे के बीच बो.हरा शूज हाउस के नाम से दुकान खोल रखी है। पीड़ित का आरोप है किसकी दुकान के ऊपर एक जिम स्थित है जिस पर दर्जनों युवा जिम करने के लिए आते हैं।गुरुवार की



दोपहर बाद वह अपनी दुकान पर बैठा हुआ था आरोप है कि तभी जिम से उतरकर आए चार से पांच अज्ञात युवक पीड़ित के साथ जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज करने लगे। पीड़ित के द्वारा विरोध करने पर आरोपियों ने उसकी दुकान में तोड़फोड़ कर दी और धारदार हथियारों से जानलेवा हमला करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया। शोर शराबा होने पर पड़ोसी दुकानदार मौके पर आ गए।आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

पीड़ित सभासद पति ने अज्ञात हमलावरों के विरुद्ध थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने घायल सभासद पति का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद कार्रवाई का आश्वासन देते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरक्षक सतीश कुमार का कहना है कि घायल सभासद पति का मेडिकल परीक्षण करा दिया है तहरीर प्राप्त हुई है आरोपियों की तलाश की जा रही है जल्दी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## पटाखों पर प्रतिबंध

**शामली।** उत्तर प्रदेश सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में पटाखों के विनिर्माण, संग्रहण, विक्रय आनलाईन विक्रय सहित एवं उपयोग पर प्रतिबंध लगाया है। यह प्रतिबंध मेरठ, गाजियाबाद, गौतम बुद्ध नगर नोएडा, बुलंदशहर, हापुड़, बागपत, शामली, मुजफ्फर नगर जिलों में प्रभावी होगा। यदि कोई व्यक्ति या संस्था इन जिलों में पटाखों के विनिर्माण, संग्रहण, विक्रय आनलाईन विक्रय सहित एवं उपयोग करता हुआ पाया जाता है, तो उसे पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 की धारा-15 के तहत निम्नलिखित दंड का सामना करना पड़ सकता है पांच साल तक की कारावास की सजा, एक लाख रूपए तक का जुर्माना, दोनों, इसके अलावा, यदि यह विफलता या उल्लंघन जारी रहता है, तो पहले ऐसे विफलता या उल्लंघन के लिए सजा सुनाए जाने के बाद हर दिन के लिए पांच हजार रूपए तक का अतिरिक्त जुर्माना लगाया जाएगा।



# महिलाओं को दिया रोजगार प्रशिक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**कांधला।** अफकार इंडिया फाउंडेशन ने कस्बे में महिलाओं के लिए रोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में फाउंडेशन की मेहरूनिशा सैफी व पूनम ने महिलाओं को सिलाई-कढ़ाई की बारीकियां सिखाई और काम शुरू करने के जरूरी सामान व सावधानियों की जानकारी दी। मेहरूनिशा ने महिलाओं को अपने संघर्ष की कहानी बताते हुए कहा कि उन्होंने 30 हजार रूपए से काम शुरू किया था, जिसमें तीन सिलाई मशीन खरीदीं। कड़ी मेहनत से आठ लाख रूपए का कर्ज चुकाने के बाद आज वह मोटर वाली नई मशीनों के साथ कई महिलाओं को रोजगार दे रही हैं।गाव आल्दी निवासी उद्यमी इमराना ने महिलाओं को आम का अचार बनाकर दिखाया और समझाया कि बाजार के अचार में रसायन मिलाए जाते हैं जो सेहत के लिए हानिकारक होते हैं। उन्होंने कहा कि घर का बना अचार और मसाले सुरक्षित रहते हैं। सरकार भी स्किल डेवलपमेंट व एनआरएलएम जैसी योजनाओं से मार्केटिंग में मदद करती है और ट्रेड फेयर के जरिए बिक्री के मौके देती है।कार्यक्रम का संचालन यासमीन ने किया कार्यक्रम में दर्जनों महिला और पुरुष मौजूद रहे।

# चेतावनी बिंदु से नीचे आया यमुना का बहाव

शाह टाइम्स संवाददाता



**कैराना।** एक दिन पूर्व चेतावनी बिंदु के करीब पहुंचे यमुना के जलस्तर में 38 सेंटीमीटर की गिरावट दर्ज की गई है, जिसके चलते तटवर्ती क्षेत्र के बाशिंदों ने राहत महसूस की है। वहीं, हथिनीकुंड बैराज से 36,328 क्यूसेक पानी यमुना नदी में प्रवाहित किया गया है। पहाड़ी व मैदानी क्षेत्रों में हो रही भारी बारिश के चलते हथिनीकुंड बैराज से यमुना नदी में पानी छोड़े जाने का सिल.सिला निरन्तर जारी है। बैराज से अत्यधिक मात्रा में पानी छोड़े जाने के कारण विगत बुधवार को कैराना में यमुना का जलस्तर 230।32 मीटर पर पहुंच गया था, जो चेतावनी बिंदु से मात्र 68 सेंटीमीटर नीचे था। अचानक बढ़े जलस्तर से तटवर्ती क्षेत्र के लोगो की धड़कनें तेज हो गई थी। हालांकि गुरुवार को प्रात: आठ बजे यमुना का जलस्तर 38 सेंटीमीटर घटकर 229।94 मीटर पर आ गया। यमुना का जलस्तर घटने से तटवर्ती क्षेत्र के बाशिंदों ने राहत महसूस की है। वहीं, हथिनीकुंड बैराज से 36,328 क्यूसेक पानी यमुना नदी में डिस्चार्ज किया गया। उधर, ड्रेनेज विभाग के अवर अभियंता आशु कुमार ने बताया कि यमुना के जलस्तर में 38 सेंटीमीटर की गिरावट आई है। हथिनीकुंड बैराज से अधि.कतम 36,328 क्यूसेक पानी यमुना में प्रवाहित किया गया है।

## नालियों का निर्माण न होने से परेशान व्यापारियों ने स्वयं उठाया बीड़ा

# पैसा इकट्ठा कर नाले का निर्माण कराया

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** शहर के मंडी जवाहरगंज में नालियों का निर्माण न होने से परेशान व्यापारियों ने स्वयं ही नाले का निर्माण कराने का फैसला लिया है।

बुधवार को व्यापारियों ने पैसा एकत्रित कर नाले का निर्माण कराया और नगर पालिका पर बार बार शिकायत करने के बावजूद विकास कार्य न कराने का आरोप लगाया है।

शहर के मंडी जवाहरगंज में मूलभूत सुविधाओं का आभाव है। लंबे समय से यहां सडक और नालियों का निर्माण न होने से दुक.ानदारों और व्यापारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गुरूवार



को परेशान व्यापारियों ने नगर पालि.का पर विकास कार्य न कराए जाने का आरोप लगाते हुए नाली का निर्माण स्वयं के खर्च से शुरू किया। उन्होने बताया कि नालियों का निर्माण न होने से यहां आने जाने वाले लोगों, ग्राहकों, दुकानदारों व वाहन चालकों को परेशानियां हो रही है। कई बार वाहन नाले में फंस जाते है और उनको निकालना भी मुश्किल होता है। कई बार चेयरमैन अरविन्द संगल व ईओ को बुलाकर समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन उन्होने कोई सुध नही ली। जिससे वह परेशान है। अब थकहारकर व्यापारियों ने एक दूसरे से पैसा इकटठा लिया और नाली का निर्माण कार्य शुरू कराया। इससे पूर्व भी शहर के मौहल्ला पंसारियान, नई बस्ती के लोग भी अपने निजी खर्च से नाली का निर्माण करा चुके है। जिससे साफ जाहिर होता है कि नगर पालिका का विकास कार्यो की ओर कोई ध्यान नही है।

## एक नजर

### सीडीओ ने ली जिला पोषण समिति की बैठक



शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने विभागीय कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश के साथ ही जिन कार्यक्रमों में खामियां मिली उसमें सुधार के कड़े निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने ब्लॉकवार पोषाहार वितरण के संबंध में समीक्षा करते हुए समय से पोषाहार वितरण के निर्देश दिए।विभागीय कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए सीडीओ ने मेजरिंग एफिशिएंसी,होम विजिट,सेम ओर मेम बच्चों आदि की समीक्षा करते हुए दिनांक 15 जुलाई 2025 से 30 सितंबर 2025 तक संभव अभियान 5।0 चल रहा है की सफलता को लेकर दिशा-निर्देश दिए। समीक्षा में सभी आंगनबाडी कार्यकत्री को वीएचएसएनडी सत्र पर सभी मेजरिंग डिवाईस लेकर जाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कुपोषित बच्चों को आरबीएसकेध्कार्यक्रम विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग आपस में समन्वय करते हुए एनआरसी में भर्ती कराने के निर्देश दिए।सीडीओ ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री को गर्भवती,धात्री महिलाओं के घर नियमित भ्रमण कर आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा स्वच्छता आहार एवं समुचित खान पान की जानकारी दिए जाने हेतु निर्देशित किया।बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी यामिनी रंजन, समस्त खंड विकास अधिकारी, समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी व मुख्य सेविका उपस्थित रहीं।

### एसपी ने ली एसआई व प्रभारी निरीक्षक की बैठक



**झिंझाना।** शामली एसपी रामसेवक गौतम ने शाम के समय थाने पहुंचे। उन्होंने थाने के सभी एसआई तथा थाना प्रभारी निरीक्षक के साथ बैठक की। बैठक में लंबित विवेचनाओं की समीक्षा को गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करने के निर्देश दिए। बृहस्पतिवार की शाम को शामली एसपी रामसेवक गौतम थाने पहुंचे तथा थाने के सभी एसआई और थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार शर्मा के साथ लंबित विवेचना की समीक्षा बैठक की। उन्होंने बैठक में लंबित विवेचनाओं को गुणवत्ता पूर्वक तत्परता के साथ निस्तारण करने, आईजीआरएस से आई शिकायतों के निपटारा करने, सभी वारंटी की तत्काल गिरफ्तारी तथा प्रभावी गश्त करते हुए अपराधियों पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में थाने के सभी दरोगा उपस्थित रहे।

# चेयरमैन अरविन्द संगल ने कैरम चैम्पियन ट्रॉफी का किया उद्घाटन

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** गुरूवार को क्रीडा भारती एवं जिला खेल विभाग शामली द्वारा आयोजित सात दिवसीय क्रीडा प्रतियोगिता के अर्न्तगत कैरम चेम्पियनशिप का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल ने किया।

गुरूवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर क्रीडा भारती एवं जिला खेल विभाग शामली द्वारा शहर के दिल्ली रोड स्थित राम रहीम बारात घर में आयोजित कैरम चेम्पियन ट्राफी के अवसर पर



चेयरमैन अरविन्द संगल ने कहा कि कैरम एक दिमाग का खेल है। इसे दो, तीन या चार खिलाड़ी खेल सकते हैं। इसके लिए एक कैरम बोर्ड और नौ-नौ काली और पीली गोटियां तथा एक लाल रंग की रानी गोटी होती है। एक स्ट्राइकर होता है जिससे मारकर गोटियों को कैरम बोर्ड के चारों कोनों पर बने छिद्रों में से किसी एक में धकेलना होता है।

जिला उपक्रीडा अधिकारी अश्वनी त्यागी ने बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर क्रीडा भारती एवं जिला खेल विभाग शामली द्वारा जिले में सात दिवसीय खेलों का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता में जिला मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर व शामली यानि चार जिलों से 32 खिलाड़ियों ने भाग लिया। विजय खिलाडी को क्रीडा भारती द्वारा सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन क्रीडा भारती से मुकेश चौधरी एवं आजम खां ने किया। मौके पर सन्दीप पंवार, नितिन वर्मा, जितेन्द्र सिंह, तपन मलिक, अश्वनी त्यागी, जाहिद ठेकेदार, मौ। फरीद, आरिफ हसन, शाहजमां, जुनैद, फतेह हसन, नाजिम हसन, तसलीम खान आदि मौजूद रहे।

# सुन्ना में गरीब महिला प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित, अपात्रों की बल्ले-बल्ले

## पीड़ित महिला पक्का मकान बनवाने के लिए काट रही चक्कर

शाह टाइम्स संवाददाता

**कांधला।** प्रधानमंत्री आवास योजना का मकसद गरीब और बेघर परिवारों को पक्की छत उपलब्ध कराना है, लेकिन हकीकत इससे उलट नजर आ रही है। विकास खंड क्षेत्र के ग्राम सुन्ना निवासी गरीब महिला कुसुम लता पत्नी रविचंद का परिवार पात्र होने के बावजूद आवास योजना का लाभ पाने से वंचित है। परिवार का आरोप है पिछले 15 साल से अधिकारियों के चक्कर लगा रहा है, लेकिन अब तक उन्हें पक्का मकान नहीं मिला है।पीड़ित महिला ने बताया कि कई बार ग्राम प्रधान से लेकर वरिष्ठ अधिकारियों तक गुहार लगाई गई, लेकिन नतीजा शून्य रहा। दो साल पहले बरसात में कच्चे कमरे ढह जाने के बाद से पूरा परिवार छप्पर और फूस के घर में रहने को मजबूर है। बरसात में छत टपकती रहती है



जबकि गर्मी और सर्दी के मौसम में भी परिवार को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।महिला ने कहा कि वह और उनके पति दोनों काला पीलिया जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं। राशन कार्ड से उन्हें सिर्फ 20 किलो अनाज मिलता है, लेकिन रहने के लिए छत अब तक नसीब नहीं हुई। परिवार का कहना है कि जब भी अधिकारी से मिलने जाते हैं तो एक ही जवाब मिलता है,साइट नहीं चल रही।

ग्रामीण अभय, सुरेश, नरेश, शकील, वाजिद सहित आदि का आरोप है कि दूसरी ओर गांव और क्षेत्र के प्रभावशाली एवं संपन्न लोग, जिनके पास पहले से पक्के मकान, चौपहिया वाहन और जमीन-जायदाद है, वही लोग प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ ले रहे हैं। आलिशान मकानों में रहने वाले अमीर लोग गरीब बनकर सरकारी योजनाओं का फायदा उठा रहे हैं जबकि असली हकदार परिवार दर-दर भटक रहा है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस योजना की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक पात्र गरीब परिवारों को लाभ पहुंचाया जाए, ताकि उन्हें भी सम्मानजनक जीवन जीने के लिए पक्की छत मिल सके।



## रोवर्स-रेंजर्स को वितरित किए गए पुरस्कार व प्रमाण-पत्र

**कैराना।** कस्बे के विजय सिंह पथिक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरुवार को रोवर्स-रेंजर के पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉ। योगेन्द्रपाल सिंह एवं आयोजन रेंजर्स प्रभारी डॉ। नीतू त्यागी एवं रोवर्स प्रभारी डॉ। मुकेश ने किया। टेंट निर्माण प्रतियोगिता में पंजाब टोली ने प्रथम, हरियाणा व उत्तराखंड ने द्वितीय एवं जम्मू कश्मीर ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। सभी रोवर्स-रेंजर्स को सांत्वना स्वरूप मेडल से भी सम्मानित किया गया। वहीं, बेस्ट-आउट-ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में नेहा ने प्रथम पुरस्कार जीता। प्राचार्य ने बच्चों को आगे भी परिश्रम करने एवं अनुशासित रहने के लिए प्रेरित किया। डॉ। नीतू त्यागी ने रोवर्स-रेंजर्स की रचनात्मकता के लिए प्रोत्साहित किया तथा डॉ। मुकेश ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बच्चों को आशीर्वाद दिया।कार्यक्रम में मीडिया प्रभारी डॉ। राकेश कुमार का सराहनीय योगदान रहा। वहीं, मसीचरण ने कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोग किया।

## नहीं लगा यमुना में डूबे युवक का सुराग

**कैराना।** विगत शनिवार को राजस्थान राज्य के जनपद जयपुर की तहसील शाहपुरा के गांव गोविंदपुरा बासडी निवासी रामेश्वर मीणाद्ध26ऋ सेल्फी लेते वक्त पैर फिसलकर यमुना में समा गया था। युवक अपने दोस्तों के साथ में अमावस्या का भोग चढ़ाने के लिए यमुना नदी पर आया था। हादसे के बाद से ही युवक की तलाश में सर्च अभियान शुरू कर दिया गया था। तीन दिन तक प्राइवेट गोताखोर युवक की तलाश में यमुना में सर्च अभियान चलाते रहे, लेकिन कोई सफलता हासिल नही हुई। इसके बाद, सोमवार को गाजियाबाद से नेशनल डिजास्टर रिस्पांस फोर्स की आठ सदस्ईय टीम ने भी यमुना नदी पर पहुंचकर डूबे युवक की तलाश में सर्च अभियान चलाया था। दो दिन तक सर्च अभियान चलाने के बावजूद कोई सफलता नही मिली, जिसके बाद मंगलवार को एनडीआरएफ की टीम भी वापिस गाजियाबाद लौट गई। यमुना में बह रहे अत्यधिक पानी के चलते सर्च अभियान के दौरान सफलता हासिल नही हुई है। वहीं, नायब तहसीलदार सतीश यादव का कहना है कि यमुना में डूबे युवक की तलाश में कई दिनों तक सर्च अभियान चलाया गया, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद कोई सफलता हाथ नही लग सकी है। यमुना में बह रहे अत्यधिक पानी ने भी सर्च अभियान को प्रभावित किया है।

**नोटिस/सूचना**

मुकदमा नंबर 558

नाम अब्दुर्रहमान पुत्र लुकमान निवासी आजाद मार्कीट कस्बा बड़ौत जिला बागपत तुमको सूचित किया जाता है कि तुम्हारी पत्नी जरीन पुत्री इरफान प्रेम नगर शामली ने तुम्हारे खिलाफ एक मआमला महकमा-ए-शरिया जिला मेरठ में दाखिल किया है कि तुमने कई सालों से अपनी पत्नी के हुकूक अदा ही नहीं किए हैं और ना ही उसके खर्च का कोई इंतजाम किया है। इस सिलसिले में तुम्हारे घर के पते पर तीन नोटिस बजरिया डाक और एक नोटिस दस्ती भेजा गया, लेकिन ना वसूल हुए और लेने से इन्कार कर दिया। अब इस अखबारी और आखिरी नोटिस के जरिये तुमको सूचित किया जाता है कि इस अखबार के प्रकाशित होने के एक माह के अंदर जवाबदेही करो, अगर तुमने कोई तवज्जो नहीं की, तो तुम्हारे तान्नुत की वजह से मुकदमे का शरई फैसला कर दिया जाएगा। जिसके बाद तुमको किसी भी तरह की चारा जोई का हक नहीं होगा और ना ही कोई उज्र काबिले कुबूल होगा।

**मौलाना खुरशीद अहमद कासमी**
**जनरल सेक्रेट्री**
**महकमा-ए-शरिया, जिला मेरठ**

# गणेश महोत्सव के दूसरे दिन डमरू वादन आरती का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** शहर के पुरानी सब्जी मंडी स्थित मां शाकुंभरी देवी मंदिर आठे वाला में गणेश सेवा मंडल द्वारा गणेश चतुर्थी के मौके पर गणेश महोत्सव के दूसरे दिन डमरू वादन आरती की गई। पूरे विधि विधान से मंदिर में भगवान गणेश की की आरती की गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साह से भाग लिया।



शहर के पुरानी सब्जी मंडी स्थित आठेवाला मंदिर में गुरूवार को गणेश चतुर्थी के मौके पर दूसरे दिन भी गणेश की पूजा अर्चना की गई। पूजा अर्चना पं। अनुराग शर्मा ने संपन्न कराई। कार्यक्रम के यजमान संजय संगल रहे। पंडित शिवम शर्मा ने बताया कि पूरे नौ दिन तक भगवान की सुबह व शाम के समय भव्य आरती का आयोजन किया जाएगा। 5 सितम्बर को दोपहर के समय विशाल भंडारे का आयोजन होगा वहीं 6 सितम्बर को सुबह पूजा अर्चना व दोपहर 1 बजे भगवान गणेश विसर्जन की शोभायात्रा निकाली जाएगी। दूसरी ओर 31 अगस्त को राधा रानी के जन्मोत्सव पर भी मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। रात 8 बजे कीर्तन का आयोजन होगा।



उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं को कार्यक्रम में भाग लेने का आहवान किया है। इस अवसर पर पं। शिवम शर्मा, प्रदीप शर्मा, प्रशांत शर्मा, निशांत शर्मा, सागर कुमा, हिमांशु, रोहित, नरेन्द्र शर्मा, पुष्पेन्द्र शर्मा, कृष्णकांत शर्मा, अमन मौजूद रहे।

## तीन एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** थाना कोतवाली शामली आदर्शमण्डी पुलिस द्वारा वांछित वारण्टी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 3 एनबीडब्ल्यू वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना कोतवाली शामली आदर्शमण्डी पुलिस द्वारा वांछित वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए तीन एनबीडब्ल्यू वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । अभियुक्त की गिरफ्तारी के संबंध में थाना कोतवाली शामलीध्आदर्शमण्डी पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त रामकुमार पुत्र भुल्लन नि. ग्राम झाल थाना कोतवाली शामली जनपद शामली, गंगादास पुत्र इलम सिंह नि0 ग्राम गोहरनी थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली, पाल पुत्र प्रकाश नि0 मौ0 रैदासपुर कस्बा बनत थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली हैं।

# स्कूटी की टक्कर से रसोइया गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** तेज रफ्तार स्कूटी की टक्कर से सीओ का सरकारी रसोइया गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सैंटर रेफर कर दिया गया।

उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग निवासी 56 वर्षीय जगदीश सरकारी रसोईया के तौर पर पिछले काफी समय से पुलिस क्षेत्राधिकारी के आवास पर कार्यरत हैं। बीती रात जगदीश किसी काम से सीओ परिसर से बाहर निकल कर सिविल कोर्ट परिसर की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार स्कूटी ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह मुंह के बल जमीन पर गिरे और घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर एकत्रित हुए लोगों ने सूचना पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय में देते हुए घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां से गंभीर अवस्था के चलते उन्हें मेरठ रेफर कर दिया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी रविकांत पाराशर ने बताया कि जगदीश किसी काम से बाहर निकले थे, इसी दौरान वह हादसे का शिकार हो गए। मेरठ अस्पताल में उनका उपचार चल रहा है, चिकित्सकों के मुताबिक वह कोमा में है। घटना के संबंध में जगद. ीश के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## स्पीड ब्रेकर से गुजरते समय बाईक सवार युवक उछलकर सड़क पर गिरकर हुआ घायल



**देवबन्द।** नगर के मेन रोड व मोहल्लो में बिना मानक के बनाये गए स्पीड ब्रेकर वाहन चालको के लिए जानलेवा बने हुए हैं। बड़ी खानकाह में बने हुए स्पीड ब्रेकर पर तेजी से उछल कर गिर जाने से युवक घायल हो गया। घटना स्थल पर एकत्रित हुए लोगो ने घायल युवक को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। सड़क के बीच बनाए गए स्पीड ब्रेकर से आए दिन हादसो को देखते हुए नगर वासियों ने पालिका प्रशासन से अवैध रूप व बिना मानक के बनाये गए स्पीड ब्रेकर को हटवाये की मांग की है।

मोहल्लावासी रिजवान, आमिर, वकील, रिहान आदि का कहना है कि एक व्यक्ति ने सड़क के बीच ऊंचा करके स्पीड ब्रेकर बना दिया है, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। बीते दिन भी रात के समय स्कूटी से जा रहा एक युवक ब्रेकर को देख नहीं पाया और हादसे का शिकार हो गया। जिसकी हालत नाजुक बनी हुई है। लोगों का कहना है कि यह स्पीड ब्रेकर बिना किसी अनुमति और मानक के बनाया गया है। उन्होंने प्रशासन से इसे हटवाने और इसको बनवाने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# राज्यमंत्री के प्रयासों से शुरू होगी विज्ञान की कक्षाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विज्ञान की कक्षाएं संचालित होने का रास्ता साफ हो गया है। लोक निर्माण विभाग राज्यमंत्री बृजेश सिंह के प्रयासों से सरकार ने विज्ञान की कक्षाओं से सुसज्जित नए भवन के लिए छह करोड़ 60 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। नए भवन का निर्माण जल्द आरंभ होगा। भवन निर्माण के बाद साइंस की कक्षाएं संचालित करने की कवायद शुरू होगी। क्षेत्रवासियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस कार्य के लिए राज्यमंत्री का अभिनंदन किया।



देवीकुंड के निकट बाबूपुर नगली मार्ग पर वर्ष 1983 में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की स्थापना हुई थी। महाविद्यालय में बीए, बीकाम और एमए की कक्षाओं का संचालन हो रहा है। जबकि इसमें विज्ञान संकाय नहीं है और पिछले करीब 40 वर्षों से इसमें साइंस की कक्षाएं संचालित करने की मांग क्षेत्रवासी करते चले आ रहे है। इस बीच कई सरकारें आई और गई लेकिन कभी यह मांग पूरी नहीं हो पाई। अब सरकार ने विज्ञान संकाय के भवन निर्माण के लिए छह करोड़ 60 लाख 23 हजार रुपये की धनराशि को स्वीकृति दी है। राज्यमंत्री बृजेश सिंह ने बताया कि उक्त धनराशि में से दो करोड़ रुपये की पहली किश्त जारी कर दी गई है। साइंस की कक्षाएं शुरू होने के बाद ऐसे छात्र-छात्राओं को अन्य कालेजों या शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा, जो विज्ञान संकाय से अपनी पढ़ाई करना चाहते है। राज्यमंत्री ने बताया कि शारदीय नवरात्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों नए भवन का शिलान्यास होगा। उधर, गुरुवार को भाजपा नगराध्यक्ष अरुण गुप्ता, पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शिव. राज सिंह रोड, गन्ना समिति चेयरमैन उपेंद्र सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विजय त्यागी समेत कार्यकर्ताओं व क्षेत्रवासियों ने जड़ौदा जट गांव स्थित आवास पर पहुंच कर राज्यमंत्री बृजेश सिंह का अभिनंदन किया।

# वृद्ध का कमरे के अंदर पड़ा मिला शव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** वृद्ध का शव कमरे के अंदर पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़कर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जहां से परिजन उसके शव को अपने साथ ले गए।

जनपद शामली के कस्बा कैराना निवासी 65 वर्षीय सलीम पिछले लम्बे समय से दारुल उलूम क्षेत्र के मोहल्ला टपरी में किराए के एक कमरे में रह रहा था। सलीम दारुल उलूम क्षेत्र में ही भीख मांग कर अपना गुजारा करता था। बीमारी के कारण उसके पैर खराब थे और वह देवबंद में रहकर किसी हकीम का इलाज भी करा रहा था। बताया जाता हे कि वृद्ध का कमरा पिछले दो दिनों से अंदर से बंद था जिसके चलते आस पास रहने वाले लोगों ने बुधवार की देर शाम खिडकी से भीतर झांककर देखा तो पता चला कि वृ्द्ध कमरे के भीतर मरा पड़ा हुआ है। तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी गई।

मौके पर पहुंची पुलिस ने जानकारी जुटाते हुए फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया जिसके बाद पंचनामा भर शव को मोर्चरी भिजवा दिया गया। सोशल मीडिया पर वृद्ध की मौत की खबर वायरल होने के बाद गुरुवार की सुबह उसके स्वजन सहारनपुर मोर्चरी पहुंच गए और पीएम के बाद वृद्ध का शव अपने साथ ले गए।

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन







**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जामिया तिब्बिया मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के तत्वावधान में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न बीमारियों से ग्रस्त रोगियों का चिकित्सीय परीक्षण कर उन्हें दवाएं दी गई।गांव हाशिमपुरा में लगाए गए शिविर का उदघाटन ग्राम प्रधान अब्दुल सत्तार ने व कालेज के उप प्राचार्य डा. मोहम्मद फसीह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शिविर में जामिया तिब्बिया अस्पताल के चिकित्सकों की टीम ने 240 रोगियों का परीक्षण कर दवाए दी साथ ही 60 रोगियों की फिजियोथैरेपी भी की गई। इस दौरान प्राचार्य डा. मोहम्मद फसीह ने ग्रामीणों को बरसात के मौसम में फैलने वाली बीमारियों व उनके रोकथाम के बारे में जागरुक किया। डा. महमूद अहमद, डा. मुजम्मिल, डा. मोहम्मद आजम, डा. हुदा, अबसार अहमद आदि चिकित्सक शामिल रहे।

# गैस सिलेंडर में आग लगने से मची अफरा तफरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**देवबन्द।** खाना पकाने के दौरान अचानक गैस सिलेंडर में आग लग जाने से परिवार में अफरा तफरी मच गई। मौके पर शोर सुनकर आस पास के लोगो ने व पुलिस ने आग पर काबू पाया।

मोहल्ला बड़जियाउलहक में आस मोहम्मद के मकान में महिलाएं रसोई में रात का खाना पका रही थी। इस दौरान रेगुलेटर लीकेज के चलते अचानक गैस सिलेंडर ने आग पकड़ ली। कुछ ही देर में आग ने भयानक रूप ले लिया। इसे देख परिवार में कोहराम मच गया। चीख पुकार की आवाज सुनकर पड़ोसी भी मौके पर पहुंचे। सूचना पुलिस को दी गई। जानकारी मिलते ही पीआरवी 112 के इंचार्ज पुष्पेंद्र कुमार समेत पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। पुलिसकर्मियों ने बेहद सूझबूझ का परिचय देते हुए बमशक्कत कपड़े व पानी आदि की मदद से आग बुझाई। आग लगने से जानी नुकसान तो नहीं हुआ लेकिन रसोई में रखा सामान जल गया। आस मोहम्मद के मुताबिक पुलिस की तत्परता से बड़ा हादसा होने से बच गया। हालंकि रसोई का सामान आग में जल गया है।

# विद्यार्थियों ने नृत्य, नाटक, देशभक्ति से ओत प्रोत की दी प्रस्तुतियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एसडी पब्लिक स्कूल में कल्पतरु एक बेशकीमती सुबह कार्यक्रम आयोजित किया गया। दो दिवासीय सांस्कृतिक उत्सव में कक्षा दसवीं व बारहवीं के छात्र-छात्राओं ने नृत्य, नाटक, वंदना व देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया।




एसडी पब्लिक स्कूल प्रागण में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना से होने के बाद कक्षा दसवीं व बारहवीं के विद्यार्थियों ने संतों तथा ऋषियों के जीवन पर आधारित नाटक-नृत्य, अंकनियों की कथा एवं प्रेरणादायी घटनाओं को जीवन्त रूप में प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में गुजराती नृत्य, महारास, प्राचीन भारत की सांस्कृतिक विविधता पर आधारित नृत्य की रंगा. रंग प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को उल्लासमय बना दिया। स्कूल की डायरेक्टर श्रीमती चंचल सखसेना ने कहा कि कल्पतरु जैसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, स्वानुभावक एवं संस्कारों का बीजारोपण करते हैं। हमें गर्व है कि हमारे विद्यार्थी राष्ट्र की सशक्त धारा बनकर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्रों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है। स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती भारती तिवारी ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि मेहनत और अनुशासन सफलता की कुंजी है। ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। उन्होने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी अध्यापकों के सहयोग व मार्गदर्शन की सराहना की।

कार्यक्रम में उपप्रधानाचार्य शिव कुमार शर्मा, इंजीनियर शशिकांत शर्मा, मिडिल विंग इंचार्ज श्रीमती गीता मित्तल, एक्टिविटी इंचार्ज श्रीमती प्रियंका सरदाना, श्रीमती सुप्रिया कोहली, श्रीमती रीतु सेनी का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर शैक्षणिक, सहशैक्षणिक गतिविधियों एवं उत्कृष्ट शैक्षिक उपलब्धियों के लिए मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया।

# स्योहारा में धूमधाम से मनाई गणेश चतुर्थी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** गणेश चतुर्थी का पर्व नगर में बड़ी धूमधाम और श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया। नगर में 100 से भी अधिक स्थानों पर गणेश भगवान की मूर्तियां विधि-विधान से स्थापित की गईं।



बसंत वाटिका राजघराने में गणेश भगवान की स्थापना विशेष आकर्षण का केंद्र रही। यहां ठाकुर मंदिर से पूजा अर्चना करने के बाद भव्य शोभायात्रा निकाल कर भगवान गणेश को रियासत में लाया गया। इस अवसर पर पंडित मनोज कुमार शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच स्थापना कराई। कार्यक्रम में कुंवर रंजय प्रताप सिंह, रानी संयोगिता सिंह, ममता रानी, बब्लू सहित आरएसपी इंटर कालेज का पूरा स्टाफ मौजूद रहा। श्रद्धालुओं ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर जमकर नृत्य किया और प्रसाद वितरण के साथ वातावरण भक्तिमय हो उठा। इसी तरह मौहल्ला वाल्मीकि समाज में भी शोभायात्रा निकाली गई और गणेश जी की मूर्ति स्थापित की गई। नगर के ठाकुर मंदिर, जाली वाला मंदिर, शिव चौक लक्ष्मी नारायण मंदिर, मिल स्थित मंदिर सहित विभिन्न प्रमुख स्थानों पर गणेश जी की प्रतिमाएं विराजमान की गईं। नगरभर में गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से वातावरण गूंज उठा और भक्तगण भगवान से सुख-समृद्धि की कामना करते नजर आए।

# पॉस्को का वांछित गिरफ्तार



**नागल।** स्थानीय पुलिस ने नाबालिग लड़की को अगवा कर ले जाने के वांछित आरोपी को दबिश के दौरान उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मिली जानकारी के मुता. बिक थाना प्रभारी रमेशचंद्र सिंह ने बताया कि गांव बढ़ेडी निवासी एक व्यक्ति ने गत 13 अगस्त को तहरीर देते हुए बताया था कि गांव मीरपुर मोहनपुर निवासी एक युवक उसकी नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर घर से अगवा कर ले गया है। पुलिस ने तत्काल मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी युवक सागर के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज करते हुए उसकी तलाश शुरू कर दी थी । पुलिस नाबालिग लडकी को पहले ही बरामद कर चुकी है। पुलिस ने बृहस्पतिवार सुबह आरोपी युवक को उसके घर से गिरफ्तार न्यायालय मे पेश कर दिया।

# शायर अफजल मंगलोरी को मिला अरब अमीरात में सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** ग्राम कासमपुर गढ़ी में बीते 14 अगस्त को जश्न ए आजादी के मौके पर अब्दुल रज्जाक फाउंडेशन व अब्दुल समी रॉयल एकेडमी के चेयरमैन शेख मौहम्मद जैद द्वारा आयोजित मुशायरा में आलमी शोहरत याफता शायर अफजल मंगलौरी ने शिरकत की थी, उसके कुछ दिन बाद ही उन्हें अरब अमीरात में इंटरनेशनल अवार्ड से नवाजा गया।

उत्तराखंड उर्दू अकादमी के साबिक नायब सदर आलमी शौहरत याफ्ता शायर अफजल मंगलौरी को दुबई और शारजाह में एजाज से सरफराज किया गया। अफजल मंगलौरी ने 23 व 25 अगस्त को यूएई में आलमी मुशायरे में हिस्सा लिया व 23 अगस्त को बज्मे आजमगढ़, शारजाह और 25 अगस्त को दुबई के मुशायरे में शिर. कत की। दुबई में मैक्वे ग्रुप के चेयरमैन मुशर्रफ अली खान व बज्मे आजमगढ़ के सचिव के अनुसार अफजल मंगलौरी को 25 अगस्त को मैक्वे ग्रुप्स और न्यू टेक ग्रुप्स दुबई की ओर से सम्मानित किया गया।

मालूम हो कि 1998 से अफजल मंगलौरी दुबई, शारजाह, दोहा कतर, सऊदी अरब, नेपाल, पाकिस्तान, मॉरीशस आदि देशों में भारत का प्रतिनिधित्व करते आ रहे हैं। गत माह नेपाल साहित्य अकादमी द्वारा भी अफजल मंगलौरी की नेपाल निशाने उर्दू सम्मान अवार्ड से नवाजा गया था।

एसकेवाई फंड के मैनेजिंग डायरेक्टर डा. सुरेश आचार्य, मौलाना आजाद ओपन यूनिवर्सिटी हैदराबाद के पूर्व सचिव व समाज सेवी शाहिद अली, भारतीय उद्यमी नवल किशोर भाटी, कादिर खान,आदि ने इस अवसर पर दुबई के होटल कॉनकॉर्ड क्रीक व्यू में आयोजित समारोह में अफजल मंगलौरी को अवार्ड व निशान ए एजाज वगैरह से नवाजा गया। इससे पूर्व शारजाह में ब्जमे आजमगढ़ द्वारा दानिश जिया के संयोजन में आयोजित आलमी मुशायरे व कवि सम्मेलन में अफजल मंगलोरी ने भाग लिया। जिसमें अमेरिका, लन्दन, सऊदी अरब, कनाडा सहित भारत के नाम. चीन शायरों ने शिरकत की। बज्म के महमान ए खुसूसी मुम्बई के विधायक अबु आसिम आजमी तथा मेहमान ए खास जिम्बाब्वे से तशरीफ लाए उद्योगपति बदर सिद्दीकी रहे। आलमी मुशायरे व कवि सम्मेलन की सदारत लंदन से तशरीफ लाये उस्ताद शायर फहीम अख्तर ने की। जिन शायरों व शायराओं ने मुशायरा में हिस्सा लिया उनमें भारत से जौहर कानपुरी, शबीना अदीब, शकील आजमी, हामिद भुसावली,जाह्नवी सहगल, मैकश आजमी, अज्म शाकरी, आशिका चन्देलया, अख्तर आजमी, हसन काजमी, फैज खलीलाबादी, परवेज अख्तर, तारिक जमाल, लन्दन से फहीम अख्तर, अमेरिका से हुमेरा गुल तश्ना, अरब अमीरात से कासिम फराही व हिना अब्बास खासतौर से रहे। मुशायरा की निजामत मारूफ रायबरेलवी ने किया गया। आखिर मे कमेटी के चेयरमैन हाजी मौहम्मद राशिद ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

मशहूर शायर अफजल मंगलौर ने मोबाइल पर दैनिक शाह टाइम्स को दिए इंटरव्यू में बताया कि मौजूदा हालात में उर्दू जबान और उर्दू के पढ़ने व बोलने, चाहने वाले की तादाद कम होती जा रही है जिसका खास सबब है हम लोग अपने बच्चों को इब्तिदाई तालीम मदरसों में उर्दू और अरबी न पढ़ाकर सीधे कॉन्वेंट स्कूलों में दाखिला करा रहे है। जिन स्कूलों में उर्दू जबान से कोई मतलब वास्ता नहीं है।

आज मुशायरों की हालत भी बद से बदतर हो गई है। शायरों को वाह- वाही दाद देने की बजाए तालियां बजा कर दाद दी जा रही हैं जो खिलाफ ए उर्दू अदब है। उर्दू जबान हिंदुस्तान की वह शीरी जबान है जो इंसान को जीने का सलीका, तहजीब, नफासत, शफाकत व इन्सानियत का दर्स देती है।



**इंटरनेशनल अवार्ड से नवाजा गया**

# वाल्मीकि कालोनी के मंदिर में प्रतिमा स्थापित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** मौहल्ला पहाड़ी दरवाजा स्थित वाल्मीकि कालोनी के मंदिर में पांच दिवसीय मूर्ति स्थापना महोत्सव के अंतर्गत श्रद्धालुओं की सामूहिक जय जयकार के बीच प्रथम पूजनीय भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित की गई। इस दौरान कार्यक्रम स्थल गणपति बप्पा मोरया मंगल मूर्ति मोरया तथा गणेश भगवान की जय के साथ ही अनेक पारंपरिक जयकारों से गूंज उठा।



इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा के सुपुत्र एवं युवा भाजपा नेता राणा प्रियंकर सिंह सामूहिक पूजन कार्यक्रम के मुख्य यजमान भी रहे। अन्य विशिष्ट अतिथियों में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह, पूर्व पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता, भाजपा के जिला मंत्री पुरुषोत्तम अग्रवाल, धामपुर मंडल के पूर्व अध्यक्ष राघव शरण गोयल, भूपेंद्र सैनी, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सरदार सतमीत सिंह मन्नी, पूर्व पालिका सभासद सरदार जसप्रीत सिंह चावला रॉकी, रोटेरियन दीपक अग्रवाल जेके आदि अनेक प्रतिष्ठित नागरिक शामिल रहे। जिन्होंने बुद्धि और विवेक के दाता भगवान गणेश के चरणों में अपनी श्रद्धा भावना प्रदर्शित की। सोनू वाल्मीकि के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचने पर सभी अतिथियों का वाल्मीकि समाज की ओर से चंद्रलोक चैनवाल, सत्यम गोदियाल, जीतू, राजा, अरुण कुमार, संदीप चैनवाल आदि अनेक युवाओं ने पारंपरिक जयकारों के बीच स्वागत किया। इन अतिथियों को पटके पहना कर सम्मानित भी किया गया।

# धामपुर में महाराष्ट्र पुलिस की दबिश

**धामपुर।** धामपुर का नाम एक बार फिर बाहरी राज्यों की पुलिस कार्रवाई से सुर्खियों में आ गया। महाराष्ट्र पुलिस आज सुबह धामपुर कोतवाली पहुंची और आमद दर्ज कराने के बाद ग्राम तिबड़ी निवासी शहनवाज को चोरी के मामले में हिरासत में लेकर अपने साथ ले गई।

मिली जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र के नूपुर जिले में हाल ही में चोरी की घटना हुई थी। जांच में नाम सामने आने के बाद पुलिस टीम धामपुर पहुंची और शहनवाज से पूछताछ की। औपचारिकता पूरी करने के बाद टीम आरोपी को अपने साथ महाराष्ट्र ले गई। गौरतलब है कि इसी महीने 2 अगस्त को उत्तराखंड की कोटद्वार पुलिस चोरी के मामले में धामपुर पहुंची थी और एक युवक को हिरासत में लिया था। वहीं उसी दिन देर शाम मध्य प्रदेश पुलिस की टीम ने भी धामपुर में दबिश दी थी, लेकिन मामले के 'सेटल' हो जाने पर टीम खाली हाथ लौट गई थी।

अब एक बार फिर महाराष्ट्र पुलिस की कार्रवाई से धामपुर की साख पर सवाल उठ रहे हैं। लगातार बाहरी राज्यों की पुलिस की दखलंदा. जी से स्थानीय लोग चर्चा कर रहे हैं कि आखिर धामपुर में बार-बार चोरी और अपराध से जुड़े नाम क्यों सामने आ रहे हैं।

## घायल किया

**चांदपुर।** ग्राम सेह थाना शिवाला कलां निवासी हरदीप सिंह पुत्र उत्तम चंद ने थाना थाना प्रभारी के नाम लिखे अपने प्रार्थना पत्र में कहा है कि वे जब अपने घर के दरवाजे पर आया तो गांव के ही पवन कुमार व चमन पुत्र चंद्रपाल सिंह, राजन पुत्र थमन सिंह व उज्जवल पुत्र पवन कुमार गाली गलौच करने लगे।

**सम्बंध विच्छेद**

मेरी पुत्री रूपल मेरे कहने सुनने में नहीं है और ना ही वह परिवार के किसी अन्य सदस्य की बात सुनती है इसके इसी गलत आचरण के कारण मैंने उससे संबंध विच्छेद करते हुए अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में इसका मेरे व मेरे परिवार के साथ कोई संबंध नहीं रहेगा।

छोटेलाल पुत्र जगदीश
निवासी ग्राम चंदेना कोली
थाना देवबंद जिला सहारनपुर

**सम्बंध विच्छेद**

मेरा पुत्र शाहवेज खान और पुत्रवधू समरीन मेरे कहने सुनने में नहीं है। दोनों ने अपनी मर्जी से शादी की थी। परेशान होकर मैंने इनसे अपने सम्बंध विच्छेद कर लिए दोनों को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया। भविष्य में इन दोनों के किसी कार्य के लिए मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

जावेद खान पुत्र अय्यूब खान
निवासी मुहल्ला पठानपुरा
देवबंद (सहारनपुर)

**सम्बंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र शिवकुमार पुत्रवधू स्वाति जो मेरे कहने सुनने में नहीं है से तंग व परेशान आकर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इनके किसी कार्य व लेनदेन का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

वेदप्रकाश पुत्र कलीराम
निवासी लालवाला रोड गांधी
कालोनी थाना देवबंद (सहारनपुर)

## खेल विशेष

### भारतीय मुक्केबाजों ने 26 पदक सुनिश्चित किए

**चीन, वार्ता।** भारत के जूनियर लड़के और लड़कियों ने चीन के झिंजियांग में आयोजित तीसरे बेल्ट एंड रोडष अंतर्राष्ट्रीय यूथ बॉक्सिंग गाला - अंडर-17 /अंडर-19/ अंडर- 23 अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर और टूर्नामेंट में लगातार शानदार जीत के साथ सुर्खियां बटोरीं। 26 सेमीफाइनलिस्टों के साथ, भारत ने 26 पदक पक्के कर लिए हैं। भारत ने 20 लड़कों और 20 लड़कियों सहित 58 सदस्यीय दल भेजा है, जिसे 12 कोच, 6 सहयोगी स्टाफ और 1 रेफरी एवं जज का समर्थन प्राप्त है। इस संस्करण में केवल अंडर-17 लड़के और लड़कियां ही भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इस टीम का चयन छठी अंडर-17 जूनियर लड़के और लड़कियों की राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 से किया गया है, जिसमें एशियाई युवा खेलों और गैर-एशियाई युवा खेलों के भार वर्गों के पदक विजेताओं को जगह मिली है। सेमीफाइनलिस्टों में ध्रुव खरब (46 किग्रा), उदय सिंह (46 किग्रा), फलक (48 किग्रा), पीयूष (50 किग्रा), आदित्य (52 किग्रा), उधम सिंह राघव (54 किग्रा), आशीष (54 किग्रा), देवेंद्र चौधरी (75 किग्रा), जयदीप सिंह हंजरा (80 किग्रा) और लोवेन गुलिया ( 80 किग्रा) शामिल हैं, जिन्होंने चीन, कोरिया, उज्बेकिस्तान और किर्गिस्तान के कड़े प्रतिद्वंद्वियों को हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया। 27 अगस्त को, भारतीय जूनियर लड़कियों ने शानदार जीत के साथ रिंग में अपना दबदबा बनाया। खुशी (46 किग्रा), भक्ति (50 किग्रा), राधामणि (60 किग्रा), हर्षिका (60 किग्रा), दीया (66 किग्रा), प्रिया (66 किग्रा), लक्ष्मी (46 किग्रा), चाहत (60 किग्रा), हिमांशी (66 किग्रा), हरनूर (66 किग्रा) और प्राची ( 80 किग्रा) सभी ने चीन और कोरिया के कड़े प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ प्रभावशाली जीत हासिल की।

# चैंपियनशिप के क्वार्टरफाइनल में सिंधु

● **वर्ल्ड नंबर-2 वांग झी को हराया, मिक्सड डबल्स में ध्रुव- तनिषा की भारतीय जोड़ी भी जीती**

**पेरिस, वार्ता।** डबल ओलिंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु ने बीडब्ल्यूएफ बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। उन्होंने गुरुवार को विमेंस सिंगल्स के राउंड ऑफ 16 मैच में चीन की वांग झी को सीधे गेम में हराकर बाहर कर दिया।

मिक्स्ड डबल्स इवेंट में भी भारतीय जोड़ी को सफलता मिली। वर्ल्ड नंबर-2 के खिलाफ हावी हैं सिंधु ओलिंपिक में सिल्वर और ब्रान्ज मेडल जीत चुकीं सिंधु ने वर्ल्ड नंबर-2 वांग झी के खिलाफ अपना दबदबा कायम रखा। सिंधु ने 5वें हेड टु हेड मैच में वांग को तीसरी बार हराया। वर्ल्ड नंबर-15 सिंधु ने पहला गेम कड़ी टक्कर के बाद 21-19 के अंतर से जीता। सिंधु ने पहला गेम जीतने के बाद दूसरे गेम में भी 12-6 के अंतर से बढ़त बना ली। उन्होंने इस बढ़त को कायम रखा



और 21-15 के अंतर से दूसरा गेम जीतकर मैच अपने नाम कर लिया। क्वार्टर फाइनल में सिंधु का सामना वर्ल्ड नंबर-1 साउथ कोरिया की आन से यंग से हो सकता है। वर्ल्ड नंबर-16 भारत के ध्रुव कपिला और तनिषा ख्रष्टो की जोड़ी ने 3 गेम में राउंड ऑफ 16 मैच जीता। वर्ल्ड नंबर-2 हान्ग कान्ग के तांग चुन मिन और से यिंग सुट ने दोनों को पहला गेम 21-19 के अंतर से हरा दिया। ध्रुव-तनिषा ने दूसरे गेम में वापसी की और 21-12 से जीत दर्ज कर मैच बराबर कर दिया। भारतीय जोड़ी ने 21-15 के अंतर से तीसरा गेम जीता और क्वार्टर फाइनल में एंट्री कर ली। ध्रुव कपिला और तनिषा दृष्टो की भारतीय जोड़ी ने वर्ल्ड नंबर-5 जोड़ी को हराया। प्रणय को वर्ल्ड नंबर-2 ने हराया मेंस सिंगल्स इवेंट में भारतीय चुनौती खत्म हो गई।

एचएस प्रणय को बुधवार देर रात राउंड ऑफ 32 में हार का सामना करना पड़ा। उन्हें वर्ल्ड नंबर-2 डेनमार्क के आंद्रेस ने 3 गेम में हरा दिया। आंद्रेस ने पहला गेम बेहद आसानी से 21-7 के अंतर से जीत लिया। प्रणय ने वापसी की और 21-17 से दूसरा गेम अपने नाम किया और मैच बराबरी पर ला दिया। तीसरे गेम में दोनों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली और एक समय स्कोर 21-21 से बराबर हो गया। एंटोनसेन ने फिर अटैकिंग गेम खेला और 23-21 से तीसरा गेम जीतकर मैच भी अपने नाम कर लिया। प्रणय से पहले राउंड ऑफ 64 में लक्ष्य सेन को वर्ल्ड नंबर-1 खिलाड़ी से हार का सामना करना पड़ा था।

# एफआईएच प्रो लीग भारत-पाक की होगी भिड़ंत

● **पाकिस्तान हॉकी की भागीदारी से टूर्नामेंट प्रारूप के तहत भारत बनाम पाक के दो मैच पक्के माने जा रहे है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** एफआईएच प्रो लीग 2025-26 सीजन में भारत और पाकिस्तान की हॉकी टीम भिड़ेंगी। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने गुरुवार को बताया कि न्यूजीलैंड के स्थान पर पाकिस्तान की हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग 2025-26 के सीजन में खेलेगी।

एफआईएच कहा कि पाकिस्तान पुरुष हॉकी टीम 2025-26 सीजन में शामिल होने का निमंत्रण स्वीकार करने के बाद पहली बार एफआईएच प्रो लीग में भाग लेगी। 2024-25 एफआईएच नेशंस कप विजेता न्यूजीलैंड के प्रतियोगिता से बाहर होने के बाद एफआईएच प्रो लीग 2025-26 में पाकिस्तान का प्रवेश हुआ है। मलेशिया में हुए टूर्नामेंट में उपविजेता होने के नाते, ग्रीन शर्ट्स पदोन्नति की कतार में वह अगली टीम थी।

पाकिस्तान हॉकी की भागीदारी से टूर्नामेंट प्रारूप के तहत भारत बनाम पाकिस्तान के दो हॉकी मैच पक्के माने जा रहे हैं। एफआईएच अध्यक्ष तैय्यब इकराम ने इस कदम को एक ऐतिहासिक क्षण बताते हुए कहा कि पाकिस्तान को शीर्ष प्रतियोगिताओं में वापस देखकर बहुत अच्छा लगा।

यह विश्व हॉकी के लिए वाकई एक प्रभावशाली उपलब्धि है। इकराम ने कहा कि उनकी वापसी न केवल एक समृद्ध और गौरवशाली इतिहास वाली टीम की वापसी का प्रतीक है, बल्कि एफआईएच हॉकी प्रो लीग की लोकप्रियता और पहुंच को भी बढ़ावा देती है।

# सात्विक-चिराग और कपिला-क्रैस्टो चौथे दिन अहम मुकाबले के लिए तैयार



**पेरिस, वार्ता।** पेरिस में चल रही बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप 2025 में भारत का अभियान आज और भी तेज हो गया है क्योंकि पीवी सिंधु का सामना दूसरी वरीयता प्राप्त वांग जी यी से होगा, जबकि पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी, साथ ही मिश्रित युगल जोड़ी ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो, शीर्ष रैंकिंग वाले प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अपने-अपने ड्रॉ में आगे बढ़ने का लक्ष्य रखेंगे। भारतीय शटलरों ने बुधवार को पेरिस में बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन किया।

● **भारतीय शटलरों ने पेरिस में बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया**

पीवी सिंधु ने मलेशिया की करुपाथेवन लेत्शाना को 21-19, 21-15 से हराकर अंतिम 16 में प्रवेश किया। नौवीं वरीयता प्राप्त सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने भी चीनी ताइपे की लियू-यांग को 22-20, 21-13 से हराकर अंतिम 16 में प्रवेश किया। मिश्रित युगल में, ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो ने सीधे गेमों में जीत हासिल की, जबकि रोहन कपूर और ऋत्विका गाडे को दुनिया की चौथे नंबर की मलेशियाई जोड़ी के हाथों हार का सामना करना पड़ा। मुख्य आकर्षण एचएस प्रणय का दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी एंडर्स एंटनसन के खिलाफ ऐतिहासिक मुकाबला था—प्रणय ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी की, निर्णायक गेम में दो मैच प्वाइंट भी हासिल किए, लेकिन अंततः 8-21, 21-17, 21-23 से हार गए।

# श्रीलंका ने जिम्बाब्वे दौरे के लिए 17 सदस्यीय टीम की घोषणा की

**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका ने जिम्बाब्वे के खिलाफ एकदिवसीय और टी-20 सीरीज के लिए चरित असालंका की अगुवाई वाली 17 सदस्यीय टीम की घोषणा की है।

चयनकर्ताओं ने जिम्बाब्वे दौरे के लिए चोटिल वानिंदु हसरंगा को टीम में शामिल नहीं किया है। ऐसे में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने वाले आठ टीमों के टूर्नामेंट में उनका खेलना संदिग्ध माना जा रहा है। टीम में पथुम निसंका , कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, कामिंडु मेंडिस और दासुन शनाका जैसे अनुभवी खिलाड़ी शामिल हैं। महेश थीक्षाना और दुनिथ वेल्लालेज को भी दी है। अनुभवी ऑलराउंडर चरित असालंका दोनों सीमित ओवरों

**अनुभवी ऑलराउंडर असालंका दोनों सीमित ओवरों की सीरीज में टीम की कप्तानी करेंगे**

की श्रृंखला में टीम की कप्तानी करेंगे। श्रीलंका और जिम्बाब्वे के बीच एकदिवसीय सीरीज की शुरुआत 29 अगस्त से तथा टी-20 सीरीज तीन सितंबर से हरारे में शुरू होगी। एकदिवसीय सीरीज का दूसरा मैच 31 अगस्त को हरारे में खेला जायेगा। वहीं दूसरा टी-20 मैच छह तथा तीसरा सात सितंबर को होगा। जिम्बाब्वे दौरे के लिए की टीम इस प्रकार है:- चरित असालंका (कप्तान), पथुम निसंका, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, नुवानिदु फर्नांडो, कामिंडु मेंडिस, कामिल मिशारा, विशेन हलंबगे, दासुन शनाका, डुनिथ



वेलालागे, चमिका करुणारत्ने, महीश थीक्षाना, दुशान हेमंथा, दुष्मंथा चमीरा, बिनुरा फर्नांडो, नुवान तुषारा और मथीशा पथिराना।

# राज्य लीगें प्रतिस्पर्धा को नहीं प्रतिभाओं को पोषित करती हैं: रोहन

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के अध्यक्ष रोहन जेटली ने गुरुवार को देश भर में टी-20 लीगों के उदय की सराहना करते हुए कहा कि ये टूर्नामेंट एक दूसरे के प्रतिस्पर्धी नहीं है, यह ऐसे मंच हैं जो कि नई प्रतिभाओं को खोजने और निखारने में मदद करते हैं।

डीडीसीए के अध्यक्ष जेटली ने कहा कि उनका मानना है कि इस तरह की पहल भारत के क्रिकेट पारिस्थितिकी तंत्र में गहराई लाती है और खेल के समग्र विकास में योगदान देती है। उन्होंने कहा कि राज्य लीग एक-दूसरे की प्रतिस्पर्धी नहीं हैं, वे अपने-अपने पारिस्थितिकी तंत्र को पोषित करती हैं। प्रत्येक राज्य का अपना प्रतिभा भंडार और संरचना होती है।

ज्यादा लीग का मतलब खिलाड़ियों के लिए अधिक अवसर हैं, और यह कुल

● **ये टूर्नामेंट एक दूसरे के प्रतिस्पर्धी नहीं है यह ऐसे मंच है जोकि नई प्रतिभाओं को खोजने और निखारने में मद्द करते है**

मिलाकर भारतीय क्रिकेट के लिए अच्छा है। दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के दूसरे संस्करण के बारे में बात करते हुए डीडीसीए अध्यक्ष ने इस बात पर बल दिया कि अपने पहले सीजन की तुलना में प्रतियोगिता का आकार, संगठन और गुणवत्ता बढ़ी है।

उन्होंने कहा कि लीग ने न केवल मैदान पर प्रदर्शन के मामले में मानक ऊंचा किया है, बल्कि राजधानी में पुरुष और महिला क्रिकेट दोनों के लिए एक मजबूत माहौल बनाने में भी महत्वपूर्ण प्रगति की है।

उन्होंने कहा कि एक प्रशासक के तौर पर, आप हमेशा पिछले सीजन से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करते हैं बेहतर संगठन, बेहतर तैयारी, बेहतर क्रियान्वयन। मुझे यह कहते हुए हर्ष हो रहा है कि इस साल लीग अधिक व्यवस्थित और पेशेवर है। टीमें बेहतर तैयारी कर रही हैं, टीम प्रबंधन अधिक चुस्त है तथा समग्र माहौल और भी मजबूत हुआ है। खिलाड़ी अधिक फिट, ज्यादा प्रतिबद्ध और बेहतर तैयारी कर रहे हैं।

वे हफ्तो से खेल की लय में हैं, और फिटनेस शिविर और मैच उन्हें घरेलू सीजन से पहले अपने चरम पर बनाए हुए हैं। उन्होंने इस सीरीजन में दो नई टीमों के मालिकों की पेशेवर रवैये की सराहना करते हुए कहा कि नए टीम मालिक इस माहौल में बहुत अच्छी तरह घुल-मिल गए हैं। उनका रवैया पेशेवर रहा है और मौजूदा टीमें भी सहयोगी रही हैं। यह देखकर बहुत खुशी होती है कि अधिक खिलाड़ियों को मौके मिल रहे हैं, जिससे लीग और मजबूत होती है।

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन

**नई दिल्ली, वार्ता।** श्याम लाल कॉलेज में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में 29 एवं 30 अगस्त 2025 को विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। यह दिवस हॉकी के महानायक मेजर ध्यानचंद की जयंती को समर्पित है। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. रबी नारायण कर ने बताया कि खेल केवल शारी. रिक स्वास्थ्य का साधन नहीं हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व कौशल विकसित करने का माध्यम भी हैं। उन्होंने कहा कि एक घंटा खेल के मैदान में का यह संदेश युवाओं को सक्रिय जीवनशैली अपनाने और खेलों को जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित करता है। 29 अगस्त को सुबह स्पोर्ट्स असेंबली से कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इसके बाद वॉलीबॉल और कबड्डी प्रतियोगिताएँ होंगी। इसी दिन राकेश , मुख्य संपादक खेल टुडे, 'ओलंपिक्स एवं पैरालंपिक्स' विषय पर व्याख्यान देंगे

# सबालेंका-अल्काराज तीसरे दौर में पहुंचे



**न्यूयॉर्क, वार्ता।** मौजूदा चैंपियन आर्यना सबालेंका ने महिला एकल के दूसरे दौर में पोलिना कुडरमेतोवा को 7-6 (4), 6-2 से हराया, जबकि स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने इटली के मटिया बेलुची को 6-1, 6-0, 6-3 से हराकर 2025 यूएस ओपन के पुरुष एकल के तीसरे दौर में प्रवेश किया।

विश्व की नंबर एक खिलाड़ी सबालेंका ने कुडरमेतोवा के खिलाफ धीमी

● **सबालेंका ने महिला एकल के दूसरे दौर में पोलिना को 7-6 ( 4 )6-2 से हराया**

शुरुआत की, ठीक उसी तरह जैसे उन्होंने स्विट्जरलैंड की रेबे. का मासरोवा के खिलाफ पहले दौर के मैच में की थी। पहले सेट के टाई-ब्रेकर में कड़ी टक्कर के बाद, तीन बार की ग्रैंड स्लैम विजेता ने बुधवार को दूसरे सेट में अपनी लय और जीत हासिल की। साल के अपने पहले ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कोशिश में लगी सबालेंका ने जीत के बाद कहा कि पहला सेट मेरे लिए बहुत कड़ा था। यह ज्यादातर सर्विस और पहले शॉट के बारे में था। मुझे खुशी है कि मैं दबाव को संभाल पाई और कुडरमेतोवा को जवाब दे पाई। दूसरे सेट में, मैं अपने रिटर्न गेम में काफी बेहतर महसूस कर रही थी, और मेरी सर्विस भी बेहतर थी।

दूसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज ने बेलुची पर सीधे सेटों में ज्यादा आसानी से जीत हासिल की। स्पेनिश खिलाड़ी ने कहा, ष्मैंने मैच की शुरुआत में कुछ लक्ष्य बनाए थे, और मैं पहली गेंद से लेकर आखिरी गेंद तक उन पर अमल करने की को. शिश कर रही हूँ। इसी चीज ने मुझे मैच में बने रहने, सकारात्मक बने रहने, हर समय आक्रामक बने रहने में बहुत मदद की। उतार-चढ़ाव नहीं आए। महिलाओं की अन्य शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी भी तीसरे दौर में पहुंच गईं, जहां घरेलू स्टार जेसिका पेगुला ने अन्ना ब्लिंकोवा को 6-1, 6-3 से हराया, और पांचवीं वरीयता प्राप्त मीरा एंड्रीवा ने अनस्तासिया पोटापोवा को 6-1, 6-3 से आसानी से हराया। पुरुष वर्ग में, चौथी वरीयता प्राप्त संयुक्त राज्य अमेरिका के टेलर फ्ट्ज ने दक्षिण अफीका के लॉयड हैरिस को 4-6, 7-6 (3), 6-2, 6-4 से हराया, जबकि 38 वर्षीय अनुभवी सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने दूसरे दौर में अमेरिका के ज़ाचरी स्वेज्दा को 6-7 (5), 6-3, 6-3, 6-1 से हराया।

### कैरेनो बुस्टा को हराकर शेल्टन तीसरे राउंड में पहुंचे

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** अमेरिका के बेन शेल्टन ने स्पेन के पाब्लो कैरेनो बुस्टा को हराकर यूएस ओपन के तीसरे दौर में जगह बना ली है। बुधवार रात खेले गए मुकाबले में शेल्टने शानदार खेल प्रदर्शन करते हुए अपने प्रतिद्वंद्वी बुस्टा पर आक्रामक हिटिंग के साथ 6-4, 6-2, 6-4 से जीत दर्ज की। 22 वर्षीय अमेरिकी खिलाड़ी शेल्टन ने हर सेट की शुरुआत में कैरेनो बुस्टा की सर्विस तोड़ी और 34 वर्षीय अनुभवी खिलाड़ी को कभी भी शांत नहीं होने दिया। शेल्टन ने अपने प्रतिद्वंद्वी के 18 के मुकाबले 42 विनर लगाए, जिसमें उनकी तेज़ बाएं हाथ की सर्विस, आक्रामक बेसलाइन हिटिंग और चतुर वैरिएशन का संयोजन था। शेल्टन अगले दौर में फांसीसी एड्रियन मन्नारिनो से भिड़ेंगे। 37 वर्षीय इस बाएं हाथ के खिलाड़ी ने ऑस्ट्रेलिया के जॉर्डन थॉम्पसन को 6-4, 6-7(5), 6-3, 6-3 से हराकर छठी बार न्यूयॉर्क में तीसरे दौर में प्रवेश किया। माना. रिनो ने शेल्टन के साथ अपने पिछले तीन मुकाबलों में से दो में जीत हासिल की है, हालांकि अमेरिकी खिलाड़ी ने इस महीने की शुरुआत में टोरंटो में उन्हें हराया था।

### एसएफएल फुटबॉल लीग 2025 का दूसरा संस्करण 27 सितम्बर से शुरू होगा

**मुंबई, वार्ता।** पश्चिमी भारत की सबसे रोमांचक ग्रासरूट फुटबॉल लीग वापस आ गई है। और यह पहले से कहीं ज्यादा बड़ी है। एसएफएल द्वारा आयोजित एसएफएल फुटबॉल लीग 2025 युवा एथलीटों के लिए संरचित, तकनीक-सक्षम प्रशिक्षण पर केंद्रित एक बहु-खेल अकादमी - 27 सितंबर, 2025 को शुरू होगी, जो मुंबई और पुणे दोनों में छह महीने का प्रतिस्पर्धी, तकनीक-संचालित युवा फुटबॉल लेकर आएगी। मुंबई में एक सफल शुरुआती सीजन के बाद, लीग का विस्तार पूरे क्षेत्र में एक जुड़े हुए ग्रासरूट फुटबॉल पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण की दिशा में एक बड़ा कदम है। एमएफए और पीडीएफए से आधिकारिक रूप से संबद्ध है।

# दलीप ट्रॉफी: गिल, जुरेल-ईश्वरन नहीं खेल पाए पहला मुकबला, शमी की वापसी

● **गिल को नॉर्थ जोन की टीम का कप्तान बनाया गया था लेकिन तबीयत खराब होने की वजह से वह पहला मैच नहीं खेल पाए**

**बेंगलुरु, वार्ता।** शुभमन गिल ईस्ट जोन के खिलाफ भारतीय घरेलू क्रिकेट के पहले दलीप ट्रॉफी मुकाबले में नहीं खेल पाए हैं, गिल की तबीयत पूरी तरह ठीक नहीं थी। गुरुवार को बीसीसीआई के बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में दलीप ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों की शुरुआत हो गई है। गिल को नॉर्थ जोन की टीम का कप्तान बनाया गया था, लेकिन तबीयत खराब होने की वजह से वह पहला मुकाबला नहीं खेल पाए। गिल को कौन सी बीमारी हुई है, इसकी जानकारी ने बीसीसीआई ने अब तक आधिकारिक तौर पर साझा नहीं की है। हालांकि इस बात की पूरी उम्मीद है कि वह 9 सितंबर से अबु धाबी में शुरू होने वाले एशिया कप के लिए रवाना होने से पहले फिट हो जाएंगे। दलीप ट्रॉफी के पहले मुक.



ाबले में उनकी अनुपस्थिति में हरियाणा के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज अंकित कुमार नॉर्थ जोन की टीम की कप्तानी कर रहे हैं, जबकि सर्विसेज के बल्लेबाज शुभम रोहिल्ला ने गिल के स्थान पर टीम में जगह बनाई है। गिल ने कप्तान के रूप में अपनी पहली सीरीज, तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया था, जहां उन्होंने पांच मैचों में 75-40 की औसत से 754 रन बनाते हुए कई रिकॉर्ड ध्वस्त किए थे। उन्हें एशिया कप के लिए भारतीय टीम का उप-कप्तान भी बनाया गया है। गिल के अलावा, नॉर्थ जोन की टीम में एशिया कप जाने वाले दो और सदस्य हैं: हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह, जो इस मैच के दौरान एक्शन में रहेंगे। उधर ईस्ट जोन की टीम में भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी चोट के बाद वापसी कर रहे हैं। वहीं ईस्ट जोन की टीम को भी झटका लगा है, उनके कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन बुखार के कारण बाहर हो गए हैं। ऑलराउंडर रियान पराग दलीप ट्रॉफी के पहले मैच में ईस्ट जोन की कप्तानी कर रहे हैं। तो वहीं विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल, जिन्हें नॉर्थ ईस्ट जोन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में सेंट्रल जोन का कप्तान बनाया गया था, वह भी चोट की वजह से बाहर हो गए हैं।

# आगामी घरेलू सत्र से पहले विजय ने शंकर तमिलनाडु को दिया झटका

**चेन्नई, वार्ता।** आगामी घरेलू सत्र 2025-26 के लिए ऑलराउंडर विजय शंकर ने अपने गृह राज्य तमिलनाडु को छोड़ने का फैसला कर लिया है। 34 वर्षीय विजय को इस संबंध में तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन (टीएनसीए) की ओर से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट भी मिल गया है।

बुची बाबू टूर्नामेंट में शंकर ने चेन्नई में हिमाचल प्रदेश के खिलाफ टीएनसीए इलेविन की ओर से खेला था लेकिन ईएसपीएनक्रिकइंफो को पता चला है कि जब उन्हें महाराष्ट्र के खिलाफ दूसरे मैच में बाहर बैठाया गया तो उन्होंने राज्य बदलने का फैसला कर लिया, शंकर ने निरंतर मौकों की तलाश में यह निर्णय लिया है। 2024-25 के घरेलू सत्र में शंकर को रणजी ट्रॉफी में पहले दो मैच खेलने के अवसर मिले और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के अधिकतर मुक़ाबलों में वह प्लेइंग इलेवन से बाहर रहे थे। इस फैसले के साथ तमिलनाडु के साथ शंकर का 11 वर्षों का कार्यकाल समाप्त हो गया, इस दौरान उन्होंने अपनी अगुवाई में अपने राज्य की टीम को विजय हजारे, देवधर और सैयद मुश्ताक अली खिताब जिताने में मदद की थी। दिसंबर 2012 में रणजी ट्रॉफ़ी डेब्यू के बाद उन्होंने मध्य क्रम में एस बद्रीनाथ की जगह भरने का प्रयास किया था और इस दौरान बल्लेबाजी क्रम में उन्हें बी इंद्रजीत का भी भरपूर साथ मिला।

शंकर ने तमिलनाडु के लिए रणजी ट्रॉफी की 81 पारियों में 44-25 की औसत से 3142 रन बनाए जिसमें 11 शतक और 16 अर्धशतक शामिल थे। उन्होंने अपनी मध्यम गति की तेज गें. दबाजी से रणजी ट्रॉफी में 53-93 की औसत से 43 विकेट भी हासिल किए।

# विधायक आशु मलिक ने उठाए जनहित के मुद्दे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सपा देहात विधायक आशु मलिक ने उत्तर प्रदेश याचिका समिति की बैठक में देहात विधानसभा क्षेत्र में व्याप्त विद्युत समस्याओं एवं अन्य जनहित मुद्दों को उठाकर उनके निस्तारण की मांग की।

विधायक आशु मलिक ने बैठक में कहा कि नगर निगम में वर्ष 2009 में शामिल की गई 32 आउटर ग्राम पंचायतों और प्रमुख कॉलोनियों मानकमऊ, एकता कॉलोनी, दानिश कॉलोनी, इनाम कॉलोनी, हबीबगढ़, काजीपुरा, रसूलपुर सहित अन्य इलाकों में आज भी जर्जर तार और पोल की समस्या कायम है। ऊर्जा विभाग द्वारा दिए गए जवाब में कहा गया कि आवश्यकतानुसार तार और पोल बदले जा चुके हैं, जबकि जमीनी हकीकत इसके विपरीत है।



उन्होंने कहा कि मानकमऊ स्थित वार्ड-31 की साईं विहार कॉलोनी में 80 प्रतिशत से अधिक आबादी वर्षों से निवास कर रही है, मगर आज तक यहां विद्युतीकरण नहीं हो सका। गरीब वर्ग से जुड़े इन परिवारों के पास जमा योजना के अंतर्गत भारी धनराशि जमा करने की क्षमता नहीं है, जिसके चलते वे अंधकार और असुविधा में जीवन जीने को मजबूर हैं। इस संबंध में स्थानीय लोगों का संयुक्त हस्ताक्षरित अभ्यावेदन भी विधायक ने समिति को सौंपा। ग्राम गागलहेड़ी में देहरादून रोड टंकी के पास, सन सिटी कॉलोनी और फातिमा मस्जिद कॉलोनी में वर्षों से ट्रांसफॉर्मर, खंभे और एबीसी तार नहीं लगाए गए हैं, जिससे निवासियों को 8-10 साल से बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है।

विधायक आशु मलिक ने ब्लॉक

**याचिका समिति की बैठक में बिजली सम्बन्धी समस्याएं दूर करने की मांग**

पुवांरका, बलियाखेड़ी और अन्य गांवों की समस्याओं को विस्तार से दर्ज कराया है। इसमें ओवरलोड ट्रांसफॉर्मरों को बदलने, जर्जर तारों को दुरुस्त करने, बिजली के खंभे स्थापित करने और नई लाइनों को जोड़ने की मांग की गई है।

उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना और मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बनाए गए घरों में अभी तक विद्युतीकरण का कार्य नहीं हुआ है। इस संबंध में उन्होंने जिलाधिकारी को 43 आवासों की सूची भी उपलब्ध कराई थी, परंतु कार्यवाही नहीं हो सकी। स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत 33 केवी अंडरग्राउंड लाइन का कार्य अधूरा रहने से शहर में दुर्घटना और यातायात अवरोध की समस्या बनी हुई है। उन्होंने इस कार्य को तत्काल पूर्ण कराने की मांग की।

इसके अलावा ज्वाला जी एक्सटेंशन पार्ट-2 ट्रोनिका सिटी वेलफेयर सोसायटी के निवासियों द्वारा भी अपनी कॉलोनी में विद्युतीकरण की मांग को विधायक ने समिति के समक्ष रखा और कहा कि इस क्षेत्र को भी किसी शासकीय योजना के अंतर्गत लाकर सरकारी व्यय पर विद्युतीकरण कराया जाए।

विधायक आशु मलिक ने कहा कि उन्होंने बार-बार सदन और शासन-प्रशासन के स्तर पर इन मुद्दों को उठाया, लेकिन अब तक ठोस कार्यवाही नहीं हुई। उन्होंने मांग की कि सरकार तत्काल प्रभाव से आवश्यक आदेश जारी करे ताकि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के निवासियों को उनके मौलिक अधिकार व बिजली की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

# मेयर व विधायक ने किया सड़कों के निर्माण कार्य का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज शहर के दो वार्डों में दो सड़कों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। दोनों सड़कों के निर्माण पर करीब 70 लाख रुपये की लागत आयेगी। नगर विधायक राजीव गुंबर भी इस दौरान मौजूद रहे।



महापौर डॉ. अजय कुमार व नगर विधायक राजीव गुंबर, महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई के साथ आज वार्ड नंबर 16 के नवीन नगर पहुंचे और नारियल फोड़कर व फीता काटकर सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस सड़क पर करीब 23 लाख रुपये का व्यय आयेगा। इसके अतिरिक्त महापौर व नगर विधायक ने वार्ड 54 नूर बस्ती में भी फीता काटकर सड़क का शुभारंभ किया। इस सड़क पर करीब 46 लाख रुपये की लागत आयेगी। इस अवसर पर महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन सुविधा एवं स्वच्छ वातावरण उपलब्ध होगा। नगर विधायक राजीव गुंबर ने कहा कि शहर में होने वाले निर्माण कार्यो से सहारनपुर समग्र विकास नई दिशा प्राप्त कर रहा है। इस दौरान भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष हेमंत अरोड़ा, अमित गगनेजा व क्षेत्रीय पार्षद सुलेख चंद व पार्षद कलीम अहमद के अलावा भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपाल मेहंदीरत्ता सहित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## फरार आरोपी दबोचा

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने नाबालिग किशोरी को अगवाह कर उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने वाले फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं अपर्हता किशोरी को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

बृहस्पतिवार को थाना प्रभारी निरीक्षक चन्द्रसेन सैनी की अगुवाई में पुलिस टीम द्वारा नाबालिग किशोरी को अगवाह कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले फरार आरोपी शहनवाज उर्फ सानू पुत्र नसीर निवासी ग्राम भोजपुर तगा थाना चिलकाना को ग्राम पटनी अडडा से गिरफ्तार किया गया है, वहीं अपहृता किशोरी को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया है। प्रभारी निरीक्षक श्री सैनी ने बताया है कि आरोपी के खिलाफ अपराध सम्बन्धी कानूनी कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# दुकानदार से मारपीट, उगाही का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिले के थाना फतेहपुर क्षेत्र के दतौली मुगल गांव निवासी एक कोल्ड ड्रिंक दुकानदार ने थाना कोतवाली देहात में सनसनीखेज शिकायत दर्ज कराई है।

पीड़ित ने आरोप लगाया कि अगस्त 2025 में शेखपुरा कदीम, थाना कोतवाली देहात, में पेपर मिल रोड पर बने पुल के पास एक कमरे पर उसे जाल में फंसाकर मारपीट, अश्लील वीडियो बनाने और उगाही का शिकार बनाया गया। इस मामले में मुगल मजरा और शेखपुरा कदीम के चार लोगों पर गंभीर आरोप हैं। पीड़ित के अनुसार, मुगल मजरा निवासी एक व्यक्ति ने उसे एक परेशान महिला से मिलवाया, जिसने मदद मांगी। मानवता दिखाते हुए पीड़ित ने बात की और मदद का भरोसा दिया। इसके बाद महिला के लगातार फोन आए। 9 अगस्त 2025 को सुबह 11 बजे पीड़ित शेखपुरा कदीम में महिला के बताए कमरे पर पहुंचा। वहां कुछ मिनटों में शेखपुरा कदीम के दो लोग आए, जिन्होंने मारपीट शुरू कर दी।

आरोप है कि महिला ने अपने कपड़े उतारे और उन लोगों ने पीड़ित के कपड़े जबरन उतारकर तमंचे के बल पर अश्लील वीडियो बनाया। इसके बाद, पीड़ित को तमंचे के बल पर टपरी गांव में एक मकान में ले जाया गया और बंद कर दिया गया। आरोपियों ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर चार लाख रुपये मांगे। इस दौरान दो अन्य लोग, जिनमें एक ने खुद को महिला का रिश्तेदार बताया और दूसरा बेहट क्षेत्र का था, वहां आए और मारपीट की। डर से पीड़ित ने दतौली मुगल के एक परिचित को एक लाख रुपये लाने को कहा, जिसे आरोपियों ने ले लिया। फिर भी मारपीट जारी रही और बड़ी मुश्किल से पीड़ित को छोड़ा गया।

घटना से भयभीत पीड़ित ने सामाजिक प्रतिष्ठा के डर से पहले चुप्पी साधी, लेकिन बाद में साहस जुटाकर पुलिस से शिकायत की। पीड़ित ने मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न का जिक्र करते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी वारदातें न हों। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**नाजायज चाकू के साथ बदमाश दबोचा**

**सहारनपुर।** थाना कुतुबशेर पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक एच. एन. सिं व उपनिरीक्षक असगर अली के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर एक आरोपी अरशद कनकटा पुत्र भूरा पाल्ली निवासी लोहानी सराय हाल पता फातमा मस्जिद के पास एकता कालोनी थाना कुतुबशेर को बंद गोदाम के सामने कमेला रोड नाला पटरी से दबोच लिया।

# दशलक्षण धर्म की दस दिवसीय पूजा प्रारम्भ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्राचीन धर्म नगरी में आज दशलक्षण महापर्व का शुभारंभ अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं उमंग के साथ हुआ। नगर के सभी 25 जिनालयों को भव्य, दिव्य एवं मनो. हारी ढंग से सजाया गया।

प्रात:काल की मंगल बेला में श्वेत और केसरिया वस्त्रों में स्त्री-पुरुष, युवा-वृद्ध एवं बालक-बालिकाएं साक्षात देवलोक के इन्द्र-इंद्राणी प्रतीत हो रहे थे। जैन बाग स्थित प्राचीन अतिशयकारी जैन मंदिर के श्री वीरोदय मंडपम् में परम पूज्य आचार्य प्रवर श्री विमर्शसागर जी महाराज, नौ मुनि महाराज और बीस आर्यिका माताओं के पावन सानिध्य में भगवान महावीर स्वामी के पवित्र जिनबिम्ब पर विश्व शांति एवं कल्याण की कामना से अभिषेक, शांतिधारा और पूजा-अर्चना की गई।



तत्पश्चात आचार्य श्री ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए दशलक्षण धर्म के प्रथम क्षमा धर्म पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि क्षमा आत्मा का स्वाभाविक गुण है। क्रोध आत्मा का धर्म नहीं है, बल्कि यह शरीर और आत्मा दोनों के लिए हानिकारक है। जैन समाज के अध्यक्ष राजेश कुमार जैन ने कहा कि क्षणिक क्रोध का परिणाम जीवनभर दुखदायी हो सकता है, यह बुद्धि और विवेक का नाश कर देता है। वहीं समाज के संरक्षक एवं भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष राकेश जैन ने कहा कि क्षणभर के क्रोध से व्यक्ति और समाज दोनों की अपूर्णनीय क्षति होती है। व्रती श्रावक सीए अनिल जैन ने कहा कि केवल जैन दर्शन ही क्रोध पर विजय प्राप्त कर क्षमा धारण करने का उपदेश देता है। भगवान पार्श्वनाथ का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि क्षमा ही मनुष्य को नर से नारायण और आत्मा से परमात्मा बना सकती है।

धर्मसभा में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी और गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे जिनमें राजेश कुमार जैन, राकेश जैन, चंद्र जैन, कुलभूषण जैन, अनुज जैन, संदीप जैन, विपिन जैन, अरुण जैन, नीना जैन, नितिन जैन, राजा जैन, आयुष जैन,वरिश्ठ पत्रकार नीना जैन, निखिल जैन, रवि जैन, विनोद जैन, आदित्य जैन, संजय जैन, नीरज जैन, रविंद्र जैन, पंकज विनय जैन बिन्नी, अतुल जैन, अजय जैन, दीपक जैन, मुकेश जैन, श्रेयांश जैन, राजीव जैन, प्रदीप जैन, प्रवीन जैन सहित सैकड़ों श्रावक-श्राविकाएं शामिल रहे।

# मेलों में संस्कृति का दर्शन: नरेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** विधानसभा बेहट के गांव कमालपुर में श्री जाहरवीर गोगा महाराज के मेले के शुभ अवसर पर हर वर्ष की भांति भंडारे का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पुर्व विधायक नरेश सैनी ने कहा कि लोक देवता जाहरवीर गोगा महाराज की श्रद्धा से की गयी पूजा आराधना विशेष समृद्धिमय फल देकर मनोक. ामना पूर्ण करती है। मेले भारतीय संस्कृति और सभ्यता का श्रंगार हैं। म्हाड़ी आदि के मेलों में हमारी भारतीय जीवन और संस्कृति का साक्षात दर्शन होता है। म्हाड़ी मेलों से सामाजिक सद्भाव, सांप्रदायिक सौहार्द एवं एकता तथा धार्मिक सहिष्णुता एवं आपसी भाईचारे की भावना बढ़ती है,इस अवसर पर सभी, श्रद्धालुओं को प्रशाद वितरण किया गया इस अवसर मुख्य रूप से गोगा महाडी मेले के आयोजक यस देव सैनी, डा मेघराज सैनी, मंडल अध्यक्ष अमित सेन, गन्ना समिति चौयरमेन मुल्की राज सैनी, सभासद अकुर सैनी, सहकारी समिति चौयरमेन विजय राणा, गन्ना डायरेक्टर अनुज प्रधान, राजकुमार प्रधान, अकुर सैनी, सोमिन्द् काम्बोज, दिनेश शर्मा, रोहित सैनी, गुरमीत सैनी, प्रवीण सैनी, डा भोपल, परित उपाध्याय, शिवम उपाध्याय, मोंटी सैनी धीरज जाट, बंटी सैनी आदि मौजूद रहे।

# पोक्सो एक्ट का वांछित पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** फतेहपुर थाना पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत वांछित एक आरोपी को सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया है।

थानाध्यक्ष सचिन पूनिया के कुशल नेतृत्व में उपनिरीक्षक विजय सिंह और हैड कांस्टेबल ललित कुमार की टीम ने आरोपी अंकित कुमार पुत्र पवन कुमार, निवासी ग्राम मुजफ्फराबाद, थाना फतेहपुर, जनपद सहारनपुर को ग्राम मुजफ्फराबाद स्थित बालाजी स्वीट हलवाई की दुकान के पास से धर दबोचा। आरोपी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही पूरी की जा रही है और उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। घटना की जानकारी के अनुसार, 24 अगस्त 2025 को वादी की लिखित तहरीर पर थाना फतेहपुर में मुकदमा संख्या 206/25, धारा 137(2) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया था। शिकायत में उल्लेख किया गया कि आरोपी विकास पुत्र प्रमोद, निवासी नंदपुर, थाना रामपुर मनिहारान, जनपद सहारनपुर ने वादी की नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का प्रयास किया था।

विवेचना के दौरान आरोपी अंकित कुमार का नाम प्रकाश में आया, जो इस अपराध में संलिप्त पाया गया। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया। यह गिरफ्तारी नाबालिगों के खिलाफ अपराधों पर अंकुश लगाने में पुलिस की सक्रिय भूमिका को रेखांकित करती है। स्थानीय निवासियों ने पुलिस की इस तत्परता की सराहना की है और ऐसी घटनाओं पर सख्ती बरतने की अपील की है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कोई कोताही नहीं बरती जाएगी।

# काजमी ब्रदर्स की धमाकेदार जीत




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** युवा शूटर हसन हैदर काजमी और हुसैन हैदर काजमी ने 23वीं उत्तराखंड स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन कर राइफल और पिस्टल दोनो पर कब्जा किया।

उत्तराखंड राइफल एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता में हसन हैदर काजमी ने अपनी बेहतरीन निशानेबाजी का प्रदर्शन करते हुए राइफल स्पर्धा में पहला स्थान प्राप्त किया और गोल्ड मेडल अपने नाम किया। वहीं, उनके छोटे भाई हुसैन हैदर काजमी ने अपनी सटीक पिस्टल निशानेबाजी से सबको चौंकाते हुए पिस्टल स्पर्धा में प्रथम स्थान हासिल किया और गोल्ड मेडल अपने नाम किया

पुरस्कार वितरण समारोह में दोनों खिलाड़ियों को भारतीय शूटिंग टीम के कोच और देश के दिग्गज निशानेबाज जसपाल राणा के भाई सुभाष राणा ने पदक पहनाकर सम्मानित किया।

# अवैध कार्यों पर बना विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** नगर पंचायत में अवैध कार्यों और प्रशासनिक अनियमितताओं का मामला सामने आया है।

अधिशासी अधिकारी कमलाकांत राजवंशी द्वारा 16 जून 2025 को जारी कार्यालय आदेश में स्पष्ट किया गया कि नगर पंचायत अध्यक्ष के पारिवारिक सदस्य, जिनमें मोनू मिर्जा उर्फ नवाब (चेयरमैन के पति के भाई) और अब्दुल राजिक शामिल हैं, कार्यालय में अनधिकृत हस्तक्षेप कर रहे हैं। इन व्यक्तियों पर कर्मचारियों पर दबाव डालने, अभिलेख मांगने और अभद्र व्यवहार करने के आरोप हैं। कर्मचारियों की लिखित शिकायत के बावजूद इनकी हठधर्मिता बरकरार है। शासनादेशों (3905/नौ-1-12-8 ई/96, 10 अक्टूबर 2012 और 3859/नौ-1-10-8ई/95, 23 दिसंबर 2010) के तहत ऐसे हस्तक्षेप पर रोक लगाई गई है। आदेश में इन व्यक्तियों को नगर पंचायत परिसर और कार्यों में दखल देने से प्रतिबंधित किया गया है, ताकि कर्मचारियों को भयमुक्त वातावरण में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का अवसर मिले। दूसरी ओर, एक ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट किए जाने का मामला भी चर्चा में है। नगर पंचायत कार्यालय में इस ठेकेदार के खिलाफ नोटिस चस्पा किया गया था, जिसमें उसे बिना टेंडर और अनुमति के कार्य करने से रोका गया था। इसके बावजूद, ठेकेदार कथित तौर पर रात में छुटमलपुर और फतेहपुर क्षेत्र में अवैध रूप से कार्य कर रहा है।

ब्रांड एम्बेसडर रजत राणा ने इस पर सवाल उठाते हुए कहा कि चेयरमैन के देवर मोनू मिर्जा उर्फ नवाब और ठेकेदार के खिलाफ अधिशासी अधिकारी ने नोटिस जारी किया था, जिसकी जानकारी पुलिस और उच्च अधिकारियों को भी दी गई थी। राणा ने आरोप लगाया कि ठेकेदार को न तो जिलाधिकारी, न ही अपर जिलाधिकारी और न ही अधिशासी अधिकारी का भय है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर यह ठेकेदार बिना अनुमति के कैसे कार्य कर रहा है और इसकी जांच क्यों नहीं हो रही।

इस मामले ने स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। स्थानीय लोगों ने इस अनियमितता की गहन जांच और कठोर कार्रवाई की मांग की है।

# लायंस क्लब मयूर के अध्यक्ष बने राजीव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** लायंस क्लब मयूर के अधिष्ठापन समारोह मे लायंस राजीव सचद. ेवा की अध्यक्ष के पद पर ताजापोशी की गई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गयी उसे पूरी ईमानदारी के साथ पूरा करेंगे। कार्यक्रम में एक दिव्यांग को ट्राई साईकिल, एक जरूरतमंद महिला को साईकिल प्रदान की गयी।

दिल्ली रोड स्थित एक होटल के सभागार में लायंस क्लब मयूर के द्वारा अधिष्ठापन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें लायंस राजीव सचदेवा की अध्यक्ष के पद व लायंस गोपाल मक्कड़ को सचिव, लायंस अभिषेक सिंघल को कोषाध्यक्षमनोनीत किया गया। अध्यक्ष मना. ेनीत होने पर लायंस राजीव सचदेवा ने कहा की वह समाज के उत्थान के लिए हमेशा कार्य करेंगे। उन्हें जो जिम्मेदारी सोपी गई है उसका वह ईमानदारी के साथ पालन करेंगे।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पीएमजेएफ लायंस सूरज बगला, पीएमजेएफ लायंस विनय मित्तल, पीएमजेएफ लायंस आदित्य गुप्ता का लायंस क्लब सहारनपुर मयूर के पदाधिकारियों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के द्वारा लायंस राजीव सचदेवा के अध्यक्ष पद समेत अन्य पदों की घोषणा की गई व उनको नए कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी गई। अधिष्ठापन समारोह में लायंस क्लब सहारनपुर मयूर के कई पदाधिकारी के द्वारा अपने विचार भी रखे गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लायंस अनुपम गर्ग, लायंस आशु सिंघल, लायंस मयंक अग्रवाल, लायंस रेखा अग्रवाल, लायंस मिताली सिंह, लायंस सुशील, लायंस संजीव राठी, लायंस सीए अनीश गर्ग, लायंस संजय कुमार, लायंस विवेक सिंघल आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम में लायंस क्लब सहारनपुर मयूर के द्वारा आर्य समाज स्कूल गिल कॉलोनी को एक वाटर कूलर, एक दिव्यांग व्यक्ति को ट्राई साइकिल व दूसरे को व्हीलचेयर, एक जरूरतमंद महिला को काम पर जाने हेतु साइकिल प्रदान की गई।

# बिना लाइसेंस वाहन चलाने वाले छात्रों पर होगी कार्रवाई: चन्द्रसेन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना प्रभारी द्वारा क्षेत्र के सभी हाई स्कूल एवं इंटर कॉलेजों के प्रधानाचार्यों की बैठक आयोजित कर यातायात से संबंधित निर्देश दिया गए।

बृहस्पतिवार दोपहर थाना परिसर में थाना प्रभारी चंदसेन सैनी ने स्कूल कॉलेजों के प्रधानाचार्यों की बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सभी स्कूल संचालक अपने वाहनों की फिटनेस एवं अन्य यातायात से संबंधित सभी प्रक्रियाएं पूरी कराएं। उन्होने काह कि अभिभावकों के साथ-साथ बच्चों के लिये सडक सुरक्षा स्कूल की भी जिम्मेदारी है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि 18 वर्ष से कम आयु के छात्र वाहन न चलाएं। 18 वर्ष आयु व ज्यादा आयु वाला कोई भी छात्र यदि बिना लाइसेंस वाहन चलाते मिला तो पुलिस चालानी कार्रवाई करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस से संबंधित किसी भी शिकायत की जानकारी प्रधानाचार्य सीधे उन्हें दे सकते हैं।

बैठक के दौरान कुछ प्रधानाचार्यों ने स्कूलों के आसपास बुलेट बाईक पर घूमने वाले मनचलों की समस्या उठाई। जिस पर थाना प्रभारी ने तत्काल अधीनस्थों को स्कूल टाइम में ड्यूटी लगाने और मनचलों की तलाश कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रधानाचार्य मुन्तजीर अलीग, विनोद कुमार, सन्नी तेगवाल, विकास जैन, सेठपाल सैनी, विकास सैनी, अजय सैनी आदि रहे।

# डीएम व एसएसपी ने की मेला तैयारियों की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी आगामी 2 से 27 सितम्बर तक आयोजित होने वाले ऐतिहासिक मेला गुघाल की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सम्बंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

डीएम एवं एसएसपी आज कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में मेला गुघाल की तैयारियों तथा शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु समीक्षा कर रहे थे। बैठक में डीएम ने मेला परिसर में सीसीटीवी कैमरे, बिजली, पेयजल, मजबूत बैरिकेटिंग, साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि संस्कृति एवं राष्ट्रीयता को बढाने वाले कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। नगर आयुक्त शिपु गिरी ने बताया कि 02 से



04 सितम्बर तक म्हाडी में मेले का आयोजन किया जाएगा तथा 05 से 27 सितम्बर तक गुघाल मेला आयोजित किया जाएगा। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि सभी विभाग सौंपी गयी जिम्मेदारियों का भली प्रकार से निर्वहन करना सुनिश्चित करें। मजिस्ट्रेट एवं पुलिस की डयूटी संयुक्त रूप से लगाई जाए। स्वास्थ्य व्यवस्था हेतु एंबुलेंस एवं चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। मौसम के अनुसार नाले एवं नालियों की साफ-सफाई के साथ ही फॉगिंग एवं एंटी लार्वा का छिड़काव सुनिश्चित किया जाए। मेला परिसर में पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि पार्किंग की उचित व्यवस्था की जाए। सुविधाओं एवं समस्याओं के निस्तारण के लिए कन्ट्रोल रूम की स्थापना की जाए। मेले में सुरक्षा के दृष्टिगत पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाए। खाद्य पदार्थों की जांच की जाए एवं प्रसाद के विक्रेताओं को स्वास्थ्य के दृष्टिगत प्रसाद को ढककर रखने के निर्देश दिए। खाद्य पदार्थ बनाने वाले स्टालों को टीन शेड से सुरक्षित किया जाए तथा एक निश्चित स्थान पर लगाया जाए जिससे अग्नि सुरक्षा व्यवस्था बनाई रखी जा सके। सभी खाद्य दुकानों पर रेट लिस्ट चस्पा हो। यातायात व्यवस्था बेहतर रखी जाए। मेले में लगने वाली दुकानों को उचित स्थानों पर लगवाया जाए। बिजली के तार लटके न हों तथा नियमानुसार विद्युत कनेक्शन दिए जाएं। पीडब्ल्यूडी द्वारा झूलों का तकनीकी परीक्षण करना सुनिश्चित किया जाए तथा कोई भी स्ट्रक्चर बिना अनुमति के न लगाया जाए। अग्निशमन विभाग को सुरक्षा के तहत प्रयाप्त मात्रा में आकस्मिक स्थिति में अग्निशमन वाहनों की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। नगर मजिस्ट्रेट और उपजिलाधिकारी मेला आयोजकों के साथ बैठक करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह, अपर नगर आयुक्त प्रदीप कुमार एसपी सिटी व्योम बिंदल, नगर मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह, सहित वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एक्सपाइरी डेट की बोतल मिलने पर नोकझोंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिहारीगढ़।** कस्बे के बुग्गावाला रोड स्थित परचून व्यापारी के प्रतिष्ठान पर बुधवार को फूड सेफ्टी विभाग द्वारा वहां बेचे जा रहे खाद्य सामान की जांच पड़ताल की गई तो एक ब्रांडेड कंपनी का एक्सपायरी डेट के सॉस की बोतल मिलने पर सैंपल की कार्रवाई करते हुए नोक-झोंक हो गई। इसी से नाराज फूड सेफ्टी इंस्पेक्टर ने दूकान पर पाई गई खामियां दर्ज करते हुए आरोपी के खिलाफ चालानी कार्रवाई कर दी है।



मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार को फूड सेफ्टी इंस्पेक्टर अमित कुमार वर्मा कस्बा बिहारीगढ़ स्थित बुग्गावाला रोड पर संचालित श्री जगदंबा ट्रेडर्स पर जांच करने पहुंचे, इस दौरान बताया जा रहा है कि दुकान से उन्होंने सॉस की बोतल उठाई और उस पर डेट चेक करने लगे तो वह एक्सपायर मिली। फूड सेफ्टी इंस्पेक्टर बेहट अमित कुमार ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि परचून व्यापारी द्वारा दूकान से बरामद सॉस का नमुना लेने के दौरान उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया है। बाद में जांच के दौरान दुकान का लाइसेंस भी रेहडी-फड़ी वाला मिला, जबकि मौके पर थोक सामान की बड़ी दुकान है। जहां सेल-परचेज काफी हो रही है। इस संबंध में नोटिस जारी किया जा रहा है। तथा एक्सपायरी डेट की सॉस बरामद होने पर चालान की कार्रवाई की गई है। उन्होंने कस्बे के दुकानदारों को इस बात के लिए सचेत किया है कि सभी खाद्य सम्मान बेचने वाले व्यापारी अपने व्यापार के हिसाब से लाइसेंस बनवाए, तथा दूकान से कोई भी ऐसा सामान बिक्री ना करें जिसकी गुणवत्ता खराब हो। उन्होंने कहा कि विभागीय जांच भविष्य में भी इसी तरह जारी रहेगी।

# यात्रा के बीच आतंकी

बिहार में राहुल के वोटर अधिकार यात्रा के 12वें दिन कुछ आतंकवादियों के बिहार में घुसने की बात सामने आई है, जिसके चलते वहां आतंकी एलर्ट भी जारी कर दिया गया है। सुरक्षा एजेंसियों की रिपोर्ट के बाद राहुल की यात्रा के दौरान अतिरिक्त सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है। जिस तरह वोटर अधिकारी यात्रा के सुरक्षा कार्यक्रम में बड़ा बदलाव दिखा, उससे साफ है कि खतरा भी बड़ा है। गुरुवार को राहुल गांधी की यात्रा सीतामणि में पहुंचे, वहां उनका जगह-जगह स्वागत हुआ। सीतामणि में कैंप के बाद वह सीधे जानकी मंदिर पहुंचे, यहां उनके स्वागत के लिए कई मंच थे, लेकिन राहुल बिना रुके सीधे मंदिर दर्शन गए और तय कार्यक्रम के अनुसार उनका जो रोड शॉ होना था, उसको सुरक्षा कारणों से रद्द कर दिया गया। इतना ही नहीं राहुल गांधी खुली गाड़ी की जगह पूरी तरह बंद गाड़ी से यात्रा कर रहे हैं।

बताया जा रहा है कि ये आतंकवादी जैश-ए-मोहम्मद से संबंध रखते हैं और नेपाल के रास्ते बिहार में प्रवेश कर गए हैं। निश्चित रूप से यह एक गंभीर मामला है। हालांकि अभी यह नहीं कहा जा सकता कि आतंकवादियों का क्या मकसद है, लेकिन इससे राहुल गांधी की यात्रा कहीं न कहीं जरूर प्रभावित होती दिखाई दे रही है, लेकिन एक बात साफ है कि तमाम बातों के बावजूद राहुल गांधी के तेवरों में किसी तरह की नर्मी आती दिखाई नहीं दे रही है और अब तो उन्होंने कर्नाटक के बाद लोकसभा व हरियाणा के चुनाव में हुई वोट चोरी का भी पर्दाफाश करने की बात कह डाली। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 2024 के लोकसभा और हरियाणा विधानसभा में हुई वोट चोरी का प्रमाण के साथ खुलासा करेंगे। निश्चित रूप से राहुल गांधी वोट चोरी के मुद्दे को कैश करने में काफी हद तक सफल होते दिखाई दे रहे हैं, जिस तरह बिहार की जनता ने उनकी बात पर ध्यान दिया है, वह केंद्र में बैठी मोदी सरकार के लिए कहीं न कहीं जरूर असहज की स्थिति पैदा करता है। भले ही केंद्र में बैठी सरकार राहुल गांधी के आरोपों को सिरे से नकार रही है, लेकिन यह तो मानना ही पड़ेगा कि कहीं न कहीं वह सहमी हुई दिखाई दे रही है और ठीक से बचाव करने की मुद्रा में दिखाई नहीं पड़ती। असल में जिस तरह इस पूरे मामले से निपटना चाहिए था केंद्र सरकार, उस तरह निपट नहीं पा रही है। होना तो यह चाहिए था कि केंद्र सरकार बिना किसी का पक्ष लिए नेता प्रतिपक्ष के आरोपों की जांच कराने का आश्वासन देती, लेकिन इसके उलट वह पूरी तरह चुनाव आयोग के पक्ष में खड़ी दिखाई दे रही है। जोकि ठीक नहीं है और कहीं से भी तर्कसंगत नहीं है। जाहिर है केंद्र सरकार के लिए मौजूदा हालात बिल्कुल भी इसके अनुकूल दिखाई नहीं दे रहे हैं और एक के बाद एक वह ऐसी गलती कर रही है, जिससे विपक्षी दलों में जहां एकजुटता बढ़ रही है, वहीं वह अपनी बात को और प्रभावशाली ढंग से कह रहे हैं। अब तो राहुल गांधी खुलकर अपने भाषणों में सीधे प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साध रहे हैं और मुख्य चुनाव आयोग का सरकार के साथ मिलकर काम करने की बात कह रहे हैं।


## राष्ट्रगान व राष्ट्रगीत किस भाषा में लिखे गए



टीएमसी किसी को भी लोगों का मताधिकार नहीं छीनने देगी, भाजपा बंगालियों पर भाषायी आतंक फैला रही है, भाजपा ने वोटर लिस्ट से मतदाताओं के नाम हटाने के मकसद से करवाए जा रहे सर्वे के लिए दूसरे राज्यों से 500 से ज्यादा टीमें बंगाल में भेजी हैं, लेकिन जब तक मैं जिंदा हूं, किसी को भी मता. धिकार नहीं छीनने दूंगी, आप खुद जांच करें कि आपका नाम अभी भी लिस्ट में है या नहीं, चुनाव आयोग राज्य सरकार के अधिकारियों को धमका रहा है, भाजपा स्वतंत्रता आंदोलन में बंगालियों की भूमिका को भुलाने की कोशिश कर रही है, अगर बंगाली भाषा ही नहीं है, तो राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत किस भाषा में लिखे गए हैं।

**ममता बनर्जी, सीएम, पश्चिम बंगाल**

# त्वरित सफलता के मंत्र: एक भ्रामक प्रलोभन





रजनीश कपूर

आज के डिजिटल युग में, जहां सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स ने सूचना के प्रसार को अभूतपूर्व गति दी है, ज्योतिष भी इस डिजिटल क्रांति का हिस्सा बन गया है। यूट्यूब, इंस्टाग्राम, और अन्य सोशल मीडिया मंचों पर ज्योतिष से संबंधित वीडियो की बाढ़ सी आ गई है। इनमें से कई वीडियो दावा करते हैं कि वे त्वरित सफलता के मंत्र, उपाय या टोटके प्रदान करते हैं, जो कुछ ही दिनों में जीवन की समस्याओं को हल कर सकते हैं, लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या यह वीडियो वास्तव में लोगों की मदद कर रहे हैं या यह केवल अज्ञानी और अनुभवहीन ज्योतिषियों द्वारा लोकप्रियता और दर्शकों की संख्या बढ़ाने का एक हथकंडा है? दूसरी ओर, पारंपरिक और अनुभवी ज्योतिषी जो जन्म कुंडली के गहन विश्लेषण के बाद ही उपाय सुझाते हैं, उनकी विश्वसनीयता और प्रामाणिकता की तुलना में यह तथाकथित त्वरित उपाय कितने प्रभावी हैं?

सोशल मीडिया पर उपलब्ध ज्योतिषीय वीडियो में अक्सर आकर्षक शीर्षक देखने को मिलते हैं, जैसे तीन दिन में धन प्राप्ति का चमत्कारी उपाय या इस मंत्र से बदल जाएगी आपकी किस्मत। यह वीडियो आमतौर पर छोटे, तेजी से संपादित और मनोरंजक होते हैं, जो दर्शकों का ध्यान तुरंत खींचते हैं। इनमें बताए गए उपाय सरल और त्वरित लगते हैं, जैसे किसी विशेष रंग का धागा बांधना, कोई मंत्र जपना या किसी वस्तु को घर में रखना। वृंदावन में कई वर्षों से ज्योतिष विद्या कर रहे सुप्रसिद्ध आचार्य राजेश पाण्डे के अनुसार, इन उपायों का कोई वैदिक या ज्योतिषीय आधार नहीं होता। ज्योतिष एक जटिल विद्या है, जिसमें ग्रहों, नक्षत्रों और कुंडली के बारह भावों का गहन अध्ययन शामिल होता है। बिना किसी व्यक्ति की जन्म कुंडली का विश्लेषण किए, सामान्य उपाय देना न केवल गैर-जिम्मेदाराना है, बल्कि यह लोगों को गलत दिशा में ले जा सकता है। आचार्य पाण्डे जी कहते हैं कि ऐसे वीडियो का उद्देश्य अक्सर दर्शकों की भावनाओं को भुनाना होता है। कम समय में ज्योतिष विद्या कभी भी नहीं सीखी जा सकती।

दिल्ली में कई वर्षों से ज्योतिष विद्या का कार्य कर रहे एक अन्य ज्योतिषाचार्य का विचार है कि आज के समय में, जहां लोग तनाव, आर्थिक समस्याओं और अनिश्चितता से जूझ रहे हैं, वे त्वरित समाधान की तलाश में होते हैं। इन वीडियो में दिए गए उपाय आशा की किरण की तरह प्रतीत होते हैं, लेकिन वास्तव में यह केवल सतही और अस्थाई प्रभाव डालते हैं। कई बार यह उपाय न केवल अप्रभावी साबित होते हैं, बल्कि लोगों का समय, धन और विश्वास भी बर्बाद करते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, प्रामाणिक और अनुभवी ज्योतिषी किसी भी उपाय को सुझाने से पहले व्यक्ति की जन्म कुंडली का गहन अध्ययन करते हैं। ज्योतिष शास्त्र में, प्रत्येक व्यक्ति की कुंडली अलग होती है, जो उनके जन्म के समय ग्रहों की स्थिति पर आधारित होती है। कुंडली में ग्रहों के गोचर, दशा, अंतर्दशा और विभिन्न योगों का विश्लेषण करके ही यह तय किया जाता है कि व्यक्ति को किस प्रकार के उपाय की आवश्यकता है। उदाहरण के लिए, यदि किसी व्यक्ति की कुंडली में शनि की साढ़ेसाती चल रही है, तो ज्योतिषी विशिष्ट मंत्र, दान, या पूजा की सलाह दे सकते हैं, जो उस व्यक्ति की स्थिति के लिए उपयुक्त हो। यह प्रक्रिया समय लेने वाली और जटिल होती है, लेकिन यह अधिक विश्वसनीय और प्रभावी होती है। प्रामाणिक ज्योतिषी यह भी समझते हैं कि ज्योतिष केवल भविष्यवाणी या उपाय देने तक सीमित नहीं है। यह एक मार्गदर्शन प्रणाली है, जो व्यक्ति को उनकी ताकत, कमजो. रियों और जीवन की संभावनाओं को समझने में मदद करती है। इसके विपरीत, तथाकथित त्वरित सफलता वीडियो सामान्यीकृत समाधान प्रदान करते हैं, जो हर व्यक्ति पर लागू नहीं हो सकते। उदाहरण के लिए, एक ही उपाय जो एक व्यक्ति के लिए लाभकारी हो सकता है, वह दूसरे के लिए हानिकारक भी हो सकता है, क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति की कुंडली अलग होती है।

यह विचारणीय है कि क्या यह त्वरित सफलता के मंत्र देने वाले वीडियो केवल लोकप्रियता और दर्शक संख्या बढ़ाने का एक हथकंडा हैं। सोशल मीडिया पर व्यूज, लाइक्स और सब्सक्राइबर्स की संख्या सीधे तौर पर आय से जुड़ी होती है। इसलिए, कई अनुभवहीन या स्वयंभू ज्योतिषी आकर्षक और सनसनीखेज सामग्री बनाकर दर्शकों को लुभाने की कोशिश करते हैं। वे जटिल ज्योतिषीय सिद्धांतों को सरल और त्वरित समाधानों में बदल देते हैं, जो वास्तव में ज्योतिष शास्त्र की गहराई को कमजोर करते हैं।

आचार्य पाण्डे जी के अनुसार, कुछ लोग केवल सतही जानकारी के आधार पर वीडियो बनाते हैं, जो किताबों, इंटरनेट, या अन्य स्रोतों से ली गई होती है। इनमें से कई स्वयंभू ज्योतिषियों के पास न तो औपचारिक प्रशिक्षण होता है और न ही गहन अनुभव। फिर भी, वे अपने आत्मविश्वास, आकर्षक प्रस्तुति और मार्केटिंग रणनीतियों के दम पर लाखों दर्शकों तक पहुंच जाते हैं। यह न केवल ज्योतिष की विश्वसनीयता को कम करता है, बल्कि उन लोगों को भी निराश करता है, जो इन उपायों पर भरोसा करते हैं।

ज्योतिष एक प्राचीन और सम्मानित विद्या है, जिसका उपयोग सदियों से लोगों के मार्गदर्शन के लिए किया जाता रहा है, लेकिन इस तरह के भ्रामक वीडियो इसकी साख को नुकसान पहुंचा रहे हैं। जब लोग इन तथाकथित उपायों को आजमाते हैं और उन्हें कोई लाभ नहीं मिलता, तो वे न केवल उन वीडियो पर विश्वास खो देते हैं, बल्कि पूरे ज्योतिष शास्त्र पर ही सवाल उठाने लगते हैं। यह उन अनुभवी ज्योतिषियों के लिए भी चुनौती बनता है, जो वर्षों के अध्ययन और अभ्यास के बाद लोगों की मदद करते हैं।

अंत में, यह कहना गलत नहीं होगा कि त्वरित सफलता के मंत्र देने वाले ज्योतिषीय वीडियो अधिकांशत: भ्रामक और लोकप्रियता के लिए बनाए जाते हैं। ए वीडियो लोगों की भावनाओं और आशाओं का शोषण करते हैं, वो भी बिना किसी ठोस आधार के। दूसरी ओर, प्रामाणिक ज्योतिषी, जो कुंडली के गहन विश्लेषण के बाद उपाय सुझाते हैं, अधिक विश्वसनीय और प्रभावी होते हैं। इसलिए, लोगों को चाहिए कि वे ऐसे वीडियो पर आंख मूंदकर भरोसा करने के बजाय, किसी अनुभवी और विश्वसनीय ज्योतिषी से संपर्क करें।ज्योतिष एक विज्ञान और कला का मिश्रण है, जो तभी प्रभावी होता है जब इसे गंभीरता और जिम्मेदारी से अपनाया जाए। त्वरित सफलता का लालच छोड़कर, हमें धैर्य और समझदारी के साथ सही मार्गदर्शन की तलाश करनी चाहिए। तभी हम ज्योतिष के वास्तविक लाभों को प्राप्त कर सकते हैं और इस प्राचीन विद्या की गरिमा को बनाए रख सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# क्या लीथियम याद्दाश्त बचाने में मददगार है

**लीथियम प्राकृतिक रूप से चट्टानों, समुद्री पानी, कुछ सब्जियों जैसे पत्ता गोभी और टमाटर और कुछ क्षेत्रों के पीने के पानी में पाया जाता है। फिर भी विशेषज्ञ इस खोज को काफी महत्वपूर्ण मानते हैं और एंटी-एमिलॉइड दवाओं में हालिया प्रगति के बावजूद, इसे एक प्रभावी उपचार के रूप में देखते हैं। हालांकि यह नतीजे उम्मीद जगाने वाले हैं, लेकिन महज इन नतीजों के आधार पर लीथियम सप्लीमेंट न लेने लगें।**

लीथियम धातु का उपयोग फोन और लैपटॉप की बैटरियों में किया जाता है, लेकिन चिकित्सा, खासकर मानसिक स्वास्थ्य सम्बंधी चिकित्सा, में भी लीथियम का उपयोग होता है। इसका उपयोग मूडवर्धक के तौर पर सॉफ्ट ड्रिंक तथा बाइपोलर डिसऑर्डर में मूड स्विंग नियंत्रित करने के लिए किया जाता रहा है। और अब नेचर पत्रिका में प्रकाशित एक हालिया अध्ययन के अनुसार लीथियम याददाश्त और दिमाग की सेहत के लिए भी अहम हो सकता है।

इस अध्ययन में हारवर्ड के न्यूरोसाइंटिस्ट ब्रूस यैंकनर और उनकी टीम ने मृत्यु के पश्चात सैकड़ों बुजुर्गों के मस्तिष्क का अध्ययन किया। इनमें से कुछ को अल्जाइमर था, कुछ में हल्की स्मृतिभ्रंश की समस्या थी, और बाकी पूरी तरह स्वस्थ थे। उन्होंने पाया कि अल्जाइमर और मामूली संज्ञानात्मक समस्या वाले लोगों के मस्तिष्क में लीथियम का स्तर स्वस्थ लोगों की तुलना में कम था और तो और, ऐसे लोगों में जो लीथियम था वह भी ज्यादातर अल्जाइमर से जुड़े एमिलॉइड प्लाक के बीच फंसा था जिससे दिमाग के सामान्य कार्य के लिए और भी कम लीथियम बचा था।

मस्तिष्क में लीथियम का कम स्तर मिलना सिर्फ पहला कदम था। इसके बाद टीम ने जांचा कि क्या लीथियम का स्तर बढ़ाने से मदद मिल सकती है। उन्होंने लीथियम ओरोटेट नामक यौगिक को उन चूहों पर आजमाया जिन्हें आनुवंशिक रूप से अल्जाइमर जैसे लक्षण विकसित करने के लिए तैयार किया गया था। गौरतलब है कि बाइपोलर डिसऑर्डर की चिकित्सा में लीथियम के एक अन्य लवण लीथियम कार्बोनेट का इस्तेमाल किया जाता है।



उन्होंने पाया कि जिन चूहों को पीने के पानी में थोड़ी मात्रा में लीथियम ओरोटेट दिया गया, उनमें एमिलॉइड प्लाक्स या टाउ नहीं बना। यहां तक कि जिन वृद्ध चूहों की याददाश्त कमजोर हो चुकी थी, वे फिर से चीजों को पहचानने और भूल-भुलैया में रास्ता ढूंढने लगे। इसमें सबसे अहम बात यह रही कि इतनी कम मात्रा में लीथियम देने से किडनी या थायरॉयड को वह नुकसान नहीं हुआ जो कभी-कभी लीथियम कार्बोनेट से हो जाता है। दूसरी ओर, जिन चूहों को लीथियम की कमी वाला आहार दिया गया, उनकी याददाश्त कमजोर हो गई और उनके मस्तिष्क में और अधिक प्लाक्स बनने लगे।

गौरतलब है कि लीथियम प्राकृतिक रूप से चट्टानों, समुद्री पानी, कुछ सब्जियों जैसे पत्ता गोभी और टमाटर और कुछ क्षेत्रों के पीने के पानी में पाया जाता है। फिर भी विशेषज्ञ इस खोज को काफी महत्वपूर्ण मानते हैं और एंटी-एमिलॉइड दवाओं में हालिया प्रगति के बावजूद, इसे एक प्रभावी उपचार के रूप में देखते हैं।

हालांकि यह नतीजे उम्मीद जगाने वाले हैं, लेकिन महज इन नतीजों के आधार पर लीथियम सप्लीमेंट न लेने लगें। एक तो अभी यह अध्ययन बस चूहों पर हुआ है, दूसरा डॉक्टर की सलाह के बिना इसे न लें।

**स्रोत फीचर्स**

# मेजर ध्यानचंद: भारत का हॉकी का विजार्ड, खेलों का स्वर्णिम सूरज





योगेश कुमार गोयल

खेलों की दुनिया में भारत अब नई ताकत के रूप में उभर रहा है और देश में प्रतिवर्ष हॉकी के पूर्व कप्तान मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर मेजर ध्यानचंद की स्मृति में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न खेल स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार दिया जाता है। 29 अगस्त 1905 को उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद में जन्मे ध्यानचंद हॉकी के ऐसे महान खिलाड़ी और देशभक्त थे कि उनके करिश्माई खेल से प्रभावित होकर जब एक बार जर्मनी के तानाशाह हिटलर ने उन्हें अपने देश जर्मनी की ओर से खेलने का न्यौता दिया था, तो ध्यानचंद ने उसे विनम्रतापूर्वक ठुकराकर सदा अपने देश के लिए खेलने का प्रण लिया। हालांकि उन्हें बचपन में खेलने का कोई शौक नहीं था और साधारण शिक्षा ग्रहण करने के बाद वे 16 वर्ष की आयु में दिल्ली में सेना की प्रथम ब्राह्मण रेजीमेंट में सिपाही के रूप में भर्ती हो गए थे। सेना में भर्ती होने तक उनके दिल में हॉकी के प्रति कोई लगाव नहीं था।

सेना में भर्ती होने के बाद ध्यानचंद को हॉकी खेलने के लिए प्रेरित किया हॉकी खिलाड़ी सूबेदार मेजर तिवारी ने, जिनकी देखरेख में ही ध्यानचंद हॉकी खेलने लगे और बहुत थोड़े समय में ही हॉकी के ऐसे खिलाड़ी बन गए कि उनकी हॉकी स्टिक मैदान में दनादन गोल दागने लगी। उनकी हॉकी स्टिक से गेंद अक्सर इस कदर चिपकी रहती थी कि विरोधी टीम के खिलाड़ियों को लगता था, जैसे ध्यानचंद किसी जादुई हॉकी स्टिक से खेल रहे हैं। इसी शक के आधार पर एक बार हॉलैंड में उनकी हॉकी स्टिक तोड़कर भी देखी गई कि कहीं उसमें कोई चुम्बक या गोंद तो नहीं लगा है लेकिन किसी को कुछ नहीं मिला। उन्हें अपने जमाने का हॉकी का सबसे बेहतरीन खिलाड़ी माना जाता है, जिसमें गोल करने की कमाल की क्षमता थी। भारतीय ओलम्पिक संघ द्वारा ध्यानचंद को शताब्दी का खिलाड़ी घोषित किया गया था।

1922 में सेना में भर्ती होने के बाद से 1926 तक ध्यानचंद ने केवल आर्मी हॉकी और रेजीमेंट गेम्स खेले। उसके बाद उन्हें भारतीय सेना टीम के लिए चुना गया, जिसे न्यूजीलैंड में जाकर खेलना था। उस दौरान हुए कुल 21 मैचों में से उनकी टीम ने 18 मैच जीते जबकि दो मैच ड्रा हुए और केवल एक मैच उनकी टीम हारी। मैचों में ध्यानचंद के सराहनीय प्रदर्शन के कारण भारत लौटते ही उन्हें लांस नायक बना दिया गया और उन्हें सेना की हॉकी टीम में स्थाई जगह मिल गई। 1928 में एम्सटर्डम में होने वाले ओलम्पिक के लिए भारतीय टीम का चयन करने हेतु भारतीय हॉकी फेडरेशन द्वारा टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें कुल पांच टीमों ने हिस्सा लिया। ध्यानचंद को सेना द्वारा यूनाइटेड प्रोविंस की ओर से टूर्नामेंट में खेलने की अनुमति मिल गई और अपने शानदार प्रदर्शन के चलते उन्हें ओलम्पिक में हिस्सा लेने वाली टीम में जगह मिल गई। 1928, 1932 और 1936 के ओलम्पिक खेलों में ध्यानचंद ने न केवल भारत का नेतृत्व किया बल्कि लगातार तीनों ओलम्पिक में भारत को स्वर्ण पदक भी दिलाए। भारतीय हॉकी टीम की ओर से 17 मई 1928 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने ओलम्पिक डेब्यू में ध्यानचंद ने तीन गोल करते हुए भारत को 6-0 से जीत दिलाई। एम्सटर्डम में आयोजित उस ओलम्पिक में ध्यानचंद ने सर्वाधिक 14 गोल किए थे। तब वहां के एक स्थानीय अखबार ने उनके शॉट्स से प्रभावित होकर लिखा था कि यह हॉकी नहीं बल्कि जादू था, ध्यानचंद वास्तव में हॉकी के जादूगर हैं। 1932 के लॉस एंजिल्स ओलम्पिक में ध्यानचंद और उनके भाई रूप सिंह ने भारत की ओर से एक मुकाबले में कुल 35 में से 25 गोल किए। उस ओलम्पिक के कुल 37 मैचों में भारत के कुल 330 गोल में से अकेले ध्यानचंद ने ही 133 गोल किए थे। 1936 के बर्लिन ओलम्पिक में तो उन्होंने इतना बेहतरीन प्रदर्शन किया कि तानाशाह हिटलर ने उन्हें हॉकी का जादूगर उपाधि दे डाली, जिसके बाद से हर कोई उन्हें इसी नाम से जानने लगा। हालांकि 1936 के ओलम्पिक खेल शुरू होने से पहले एक अभ्यास मैच के दौरान भारतीय टीम जर्मनी से 4-1 से हार गई थी। उस हार से ध्यानचंद इतने व्यथित हुए कि उन्होंने इस बारे में अपनी आत्मकथा गोल में लिखा, मैं जब तक जीवित रहूंगा, उस हार को कभी नहीं भूलूंगा। उस हार ने हमें इतना हिलाकर रख दिया था कि हम पूरी रात सो नहीं पाए। दो बार के ओलम्पिक चौम्पियन केशव दत्त का ध्यानचंद के बारे में कहना था कि वह हॉकी के मैदान को उस ढ़ंग से देख सकते थे, जैसे शतरंज का खिलाड़ी चेस बोर्ड को देखता है। इसी प्रकार भारतीय ओलम्पिक टीम के कप्तान रहे गुरुबख्श सिंह का कहना था कि 54 साल की उम्र में भी ध्यानचंद से भारतीय टीम का कोई भी खिलाड़ी बुली में उनसे गेंद नहीं छीन सकता था। मेजर ध्यानचंद ने 43 वर्ष की उम्र में वर्ष 1948 में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कहा। हॉकी में बेमिसाल प्रदर्शन के कारण ही उन्हें सेना में पदोन्नति मिलती गई और वे सूबेदार, लेफ्टिनेंट तथा कैप्टन बनने के बाद मेजर पद तक भी पहुंचे और 1956 में 51 वर्ष की आयु में सेना से मेजर पद से सेवानिवृत्त हुए। उसी वर्ष उन्हें भारत सरकार द्वारा पद्मभूषण सम्मान से सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्ति के बाद वे माउंट आबू में हॉकी कोच के रूप में कार्यरत रहे और बाद में कई वर्षों तक पाटियाला के नेशनल इंस्टीटड्यूट ऑफ स्पोर्ट्स में चीफ हॉकी कोच बन गए। 3 दिसम्बर 1979 को उन्होंने दिल्ली के एम्स में अंतिम सांस ली। अपने कैरियर में उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ एक हजार से भी ज्यादा गोल दागे। भारत सरकार द्वारा मेजर ध्यानचंद के सम्मान में वर्ष 2002 में नेशनल स्टेडियम का नाम बदलकर मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम कर दिया गया। ध्यानचंद इतने महान हॉकी खिलाड़ी थे कि वियना के स्पोर्ट्स क्लब में उनकी चार हाथों में चार हॉकी स्टिक लिए एक मूर्ति लगाई गई है और उन्हें एक देवता के रूप में दर्शाया गया है। भारत में उनके जन्मदिन को राष्ट्रीय खेल दिवस घोषित किया गया है और इसी दिन विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

### ट्रम्प के मंत्री बोलेः H-1B वीजा एक स्कैम, फ्लोरिडा गवर्नर ने कहाः अमेरिकियों की नौकरी छीन रहे भारतीय

# टैरिफ के बाद वीजा पर अमेरिका सख्त



- विदेशी पत्रकारों को 240 दिन का वीजा मिलेगा
- वीजा धारकों की निगरानी आसान होगी और दुरुपयोग पर रोक लगेगी
- अमेरिका में जारी होने वाला एच-1बी वीजा लगभग 75 प्रतिशत भारतीयों को मिलता है

**वाशिंगटन।** टैरिफ के बाद अब अमेरिका वर्क वीजा, स्टूडेंट वीजा और ग्रीन कार्ड पर भी सख्ती दिखाने लगा है। सरकार ने नए नियम लाने की तैयारी की है, जिनके तहत विदेशी छात्रों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में आने वाले लोगों और विदेशी पत्रकारों की वीजा अवधि कम की जाएगी।

अभी तक इन लोगों को जरूरत के हिसाब से अमेरिका में रहने की इजाजत थी। लेकिन नए नियम के मुताबिक, विदेशी छात्र और सांस्कृतिक मेहमानों को 4 साल तक का वीजा मिलेगा। विदेशी पत्रकारों को 240 दिन का वीजा मिलेगा। ट्रम्प प्रशासन का कहना है कि इससे वीजा धारकों की निगरानी आसान होगी और दुरुपयोग पर रोक लगेगी। लेकिन इस फैसले का सीधा असर भारतीय आईटी कंपनियों और अमेरिका में पढ़ने व काम करने वाले भारतीयों पर पड़ सकता है। इस बीच अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक और फ्लोरिडा के गवर्नर रान डिसेंटिस ने एच-1बी वीजा को 'घोटाला' बताया है।

डिसेंटिस का कहना है कि इस वीजा का सबसे ज्यादा फायदा भारत के लोगों को मिल रहा है। अमेरिका में जारी होने वाले एच-1बी वीजा का लगभग 75 प्रतिशत भारतीयों को मिलता है। भारत हर साल लाखों इंजीनियरिंग और कंप्यूटर साइंस के ग्रेजुएट तैयार करता है, जो अमेरिका की टेक इंडस्ट्री में बड़ी भूमिका निभाते हैं। इंफोसिस, टीसीएस, विप्रो, काग्निजेंट और एचसीएल जैसी कंपनियां सबसे ज्यादा एच-1बी वीजा स्पान्सर करती हैं। इसीलिए कहा जाता है कि भारत अमेरिका को सामान से ज्यादा लोग यानी इंजीनियर, कोडर और छात्र एक्सपोर्ट करता है। स्टूडेंट (एफ वीजा) और एक्सचेंज वीजा (जे वीजा) को लेकर भी ट्रम्प प्रशासन सख्त है। पहले से नियम यह था कि जब तक छात्र का एडमिशन रहता है, उसे रहने की अनुमति मिलती है। लेकिन अब नया नियम यह है कि छात्र और एक्सचेंज वीजा सिर्फ 4 साल तक ही मान्य होंगे। विदेशी पत्रकारों (आई वीजा) की अवधि 240 दिन तय की जाएगी, जिसे बाद में बढ़ाया जा सकता है। अमेरिका में 1978 से नियम है कि छात्रों और एक्सचेंज वीजा लेने वालों को 'डयूरेशन आफ स्टेटस' के आधार पर एंट्री मिलती थी। यानी अगर किसी छात्र का दाखिला जारी है, तो उसे बिना बार-बार इमिग्रेशन चेक के अमेरिका में रहने की अनुमति मिल जाती थी। इससे वे अपनी पढ़ाई या एक्सचेंज प्रोग्राम खत्म होने तक रुक सकते थे, लेकिन ट्रम्प प्रशासन का कहना है कि यह व्यवस्था 'परमानेंट स्टूडेंट्स' पैदा कर रही है। इसलिए नए नियमों में एफ और जे वीजा की वैधता अधिकतम 4 साल तक सीमित होगी। अगर कोई छात्र या एक्सचेंज प्रोग्राम इससे लंबा है, तो उसे वीजा एक्सटेंशन के लिए अलग से आवेदन करना होगा। भारतीय छात्र अमेरिका में बड़ी संख्या में मास्टर और पीएचडी करने जाते हैं। पढ़ाई के बाद वे ओपीटी प्रोग्राम के जरिए एच-1बी में प्रवेश करते हैं। ट्रम्प प्रशासन इस रास्ते को भी सीमित करने की कोशिश कर रहा है। मंत्री हावर्ड लुटनिक ने कहा कि मौजूदा एच-1बी सिस्टम असल में एक घोटाला है, जो अमेरिकी नौकरियों को विदेशी कर्मचारियों से भर रहा है। उन्होंने दावा किया कि ग्रीन कार्ड और एच-1बी दोनों सिस्टम को बदला जाएगा ताकि अमेरिका सिर्फ टाप टैलेंट को आकर्षित करे। लुटनिक ने कहा कि औसत अमेरिकी की सैलरी 75000 डालर है, जबकि औसत ग्रीन कार्ड यूजर 66000 डालर कमाता है। यानी अमेरिका को घाटा हो रहा है। लुटनिक के मुताबिक ट्रम्प इस सिस्टम को बदलेंगे और 'गोल्ड कार्ड' लाएंगे। वहीं, फ्लोरिडा के गवर्नर रान डेसेंटिस ने आरोप लगाया कि कई कंपनियां अमेरिकी कर्मचारियों को निकालकर एच-1बी कर्मचारियों को रख रही हैं। उन्होंने कहा कि पहले यह दावा किया जाता था कि एच-1बी से दुनिया का सबसे बेहतरीन टैलेंट आता है, लेकिन असलियत में ऐसा नहीं है।



नई दिल्ली। पुराने रेलवे पुल पर खतरे के निशान से ऊपर बहती यमुना नदी।

## भारत-कतर के बीच व्यापार, निवेश संबंध के विस्तार से चर्चा

**नई दिल्ली।** भारत और कतर ने प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक में आर्थिक सहयोग के साथ साथ कारोबार के अवसरों के विस्तार तथा उभरते क्षेत्रों निवेश को प्रोत्साहित करने के विषय में गहन बातचीत की है। इस बैठक में भारतीय दल का नेतृत्व पंकज चौधरी और कतर के दल का नेतृत्व वहां के विदेश व्यापार राज्य मंत्री डॉ अहमद बिन मोहम्मद अल सईद ने किया। चौधरी ने बैठक के बाद सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इस ऐतिहासिक द्विपक्षीय बैठक में भारत और कतर के बीच व्यापार, निवेश और रणनीतिक सहयोग सहयोग के नए रास्ते खोलने पर गहन चर्चा की गई। चौधरी ने कहा कि दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को मजबूत करने, व्यावसायिक अवसरों के विस्तार तथा उभरते क्षेत्रों में निवेश के अवसरों के संवर्धन पर विशेष रूप से चर्चा की।

## ट्रम्प ने भारत पर बेवजह साधा निशाना

- चीन ने रूस से ज्यादा तेल खरीदा, डेमोक्रेट्स ने टैरिफ को बताया मनमाना

**वाशिंगटन।** अमेरिकी संसद की विदेश मामलों की समिति में शामिल डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की आलोचना की है कि उन्होंने रूस से तेल खरीदने के मामले में केवल भारत पर टैरिफ लगाए हैं, जबकि चीन और अन्य देशों को छूट दी गई है, जो ज्यादा मात्रा में तेल खरीद रहे हैं। समिति ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ट्रम्प का केवल टैरिफ से केवल भारत को निशाना बनाना अमेरिकियों को नुकसान पहुंचा रहा है और अमेरिका-भारत संबंधों को कमजोर कर रहा है।

समिति ने ट्रम्प प्रशासन के इरादे पर सवाल उठाते हुए कहा कि ऐसा लग रहा है, जैसे इस मुद्दे के यूक्रेन से कोई लेना-देना नहीं है। एक मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए समिति ने कहा, अगर ट्रम्प प्रशासन ने रूस से तेल खरीदने वाले किसी भी देश के खिलाफ सेकंडरी टैरिफ लागू करने की बात की होती तो बात अलग होती। लेकिन केवल भारत को निशाना बनाने से सबसे उलझन वाली नीति सामने आई है। चीन रूस का सबसे बड़ा तेल आयातक है और अभी भी रियायती दामों पर तेल खरीद रहा है और उसे अभी तक ऐसी कोई सजा नहीं मिली है। समिति की ओर से एक्स पर यह पोस्ट साझा की है। उसी दिन अमेरिका की ओर से भारत पर 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लागू हुए हैं। इससे पहले अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा विभाग (सीबीपी) की ओर से मसौदा नोटिस जारी किया गया था, जिसमें बताया गया था कि यह आदेश 27 अगस्त से लागू होगा।

## मोदी-जिनपिंग 31 अगस्त को चीन में मिलेंगे

### गलवान झड़प के बाद दूसरी औपचारिक मुलाकात, सीमा विवाद पर वार्ता संभव



- मोदी व जिनपिंग आखिरी बार पिछले साल अक्टूबर में ब्रिक्स समिट के दौरान रूस के कजान में मिले थे

**बीजिंग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग 31 अगस्त को चीन के तियानजिन शहर में होने वाली एससीओ समिट के दौरान मुलाकात करेंगे। 2020 में हुई गलवान झड़प के बाद दोनों नेताओं की यह दूसरी औपचारिक मुलाकात होगी।

मोदी और जिनपिंग आखिरी बार पिछले साल अक्टूबर में ब्रिक्स समिट के दौरान रूस के कजान में मिले थे। इसके बाद भारत और चीन में सीमा विवाद को बातचीत के जरिए सुलझाने पर सहमति बनी थी। पीएम मोदी इस दौरे में जिनपिंग के अलावा रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और कई सेंट्रल एशियाई देशों के नेताओं से भी मुलाकात करेंगे। मोदी-जिनपिंग की मुलाकात में एक बार फिर सीमा विवाद पर बातचीत हो सकती है। चीन में 31 अगस्त से 1 सितम्बर तक एससीओ समिट की बैठक होने वाली है। इसमें 20 से ज्यादा देशों के नेता शामिल होंगे। पिछले महीने विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने चीन का दौरा किया था, जहां उन्होंने राष्ट्रपति शी जिनपिंग और विदेश मंत्री वांग ई से मुलाकात की। जयशंकर ने जल संसाधन डेटा शेयर करने, व्यापार प्रतिबंधों, एलएसी पर तनाव कम करने और आतंकवाद और उग्रवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने जैसे मुद्दों पर बात की थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस मुलाकात ने मोदी की चीन यात्रा का रोडमैप तैयार किया था। एस जयशंकर ने पिछले महीने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात कर उन्हें भारत-चीन के रिश्तों में हुई प्रगति के बारे में बताया था। मोदी और जिनपिंग ने आखिरी बार अक्टूबर 2024 में रूस के कजान में ब्रिक्स समिट के दौरान मुलाकात की थी। इस दौरान दोनों के बीच द्विपक्षीय बातचीत भी हुई थी। 50 मिनट की बातचीत में पीएम मोदी ने कहा था कि श्सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। आपसी विश्वास, आपसी सम्मान और आपसी संवेदनशीलता हमारे संबंधों की नींव बनी रहनी चाहिए। 2024 में कजान समिट के दौरान मोदी और जिनपिंग की बाइलैटरल मीटिंग की फोटो। तब दोनों नेताओं ने करीब 50 मिनट बातचीत की थी। पीएम मोदी की यह चीन यात्रा ऐसे समय पर हो रही है, जब सारी दुनिया अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की टैरिफ नीतियों से जूझ रही है। ट्रम्प ने भारत पर रूसी तेल और हथियार खरीद की वजह से 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। भारत, चीन के बाद दुनिया में रूसी तेल का सबसे बड़ी खरीदार है। भारत हर दिन रूस से 17.8 लाख बैरल क्रूड आयल खरीदता है। शी जिनपिंग आखिरी बार 2019 में भारत दौरे पर आए थे।

## अमेरिका के लिए डाक सेवा पर मैक्सिकों की भी अस्थायी रोक

- यूरोपीय संघ और कुछ अन्य देशों की डाक सेवाओं ने भी ऐसे ही कदम उठाया है

**मैक्सिको।** मैक्सिको ने कहा कि वह अस्थाई रूप से अमेरिका को अपने डाक पार्सल भेजना बंद कर रहा है। यह फैसला अमेरिका में कम मूल्य वाले पार्सल पर लगने वाले कर की छूट खत्म होने से पहले लिया गया है, जिसे डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन खत्म करने जा रहा है। इससे पहले यूरोपीय संघ और कुछ अन्य देशों की डाक सेवाओं ने भी ऐसे ही कदम उठा हैं। वह भी अमेरिका के इस नए नियम को लेकर स्पष्ट स्थिति का इंतजार कर रही हैं।

यह फैसला उस समय आया है, जब मैक्सिको और ट्रम्प प्रशासन के बीच बीते कई महीनों से वार्ता जारी है, ताकि व्यापक टैरिफ से बचा जा सके। यह 'डी मिनिमिस' छूट के नाम से जानी जाती है, जिसके तहत 800 अमेरिकी डालर से कम कीमत वाले पार्सल अमेरिका में बिना टैरिफ के भेजे जा सकते हैं। यह छूट शुक्रवार को खत्म हो रही है। अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा विभाग के मुताबिक, 2024 में इस छूट के तहत कुल 1.36 अरब पार्सल भेजे गए ते, जिनकी कीमत 64.6 अरब डालर थी। मैक्सिको सरकार ने कहा कि उसकी डाक सेवा 'कोरियोज डी मेक्सिको' बुधवार से अमेरिका को पार्सल भेजने की सेवा अस्थाई रूप से रोक रही है। सरकार के बयान में कहा गया, मैक्सिको अमेरिकी अधिकारियों और अंतर्राष्ट्रीय डाक संगठनों से बातचीत कर रहा है, ताकि सेवाओं को व्यवस्थित तरीके से दोबारा बहाल किया जा सके, जिससे उपभोक्ताओं का भरोसा बना रहे और वस्तुओं की डिलीवरी में बाधा न आए

## अमेरिकी स्कूल पर गोलीबारी, 2 बच्चों की मौत

### हथियारों पर लिखाः ट्रम्प को मारो, भारत पर परमाणु बम गिराओ

- हमलावर ने खुद को भी गोली मारी



**वाशिंगटन।** अमेरिका के मिनेसोटा राज्य में एक कैथोलिक स्कूल में हुई गोलीबारी में दो बच्चों और हमलावर समेत 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 17 लोग घायल हैं, जिनमें 14 बच्चे हैं। यह घटना उस वक्त हुई जब स्कूल में सामूहिक प्रार्थना सभा चल रही थी। मारे गए दोनों बच्चों की उम्र 8 और 10 साल है।

पुलिस ने मीडिया को बताया कि हमलावर ने खुद को गोली मार ली, जिससे उसकी भी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि हादसे के वक्त दोनों बच्चे बेंच पर बैठे थे। हमलावर के पास तीन हथियार थे-एक राइफल, एक शाटगन और एक पिस्टल। हमलावर के बंदूकों पर 'डोनाल्ड ट्रम्प को मार डालो' और 'भारत पर परमाणु बम गिराओ' जैसे नारे लिखे थे। दो दिन पहले यानी सोमवार को ही स्कूल की गर्मियों की छुट्टियां खत्म हुई थीं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि उन्हें इस घटना की पूरी जानकारी दी गई है। एफबीआई ने फौरन कार्रवाई की और वे वहां मौजूद हैं। व्हाइट हाउस हालात पर नजर रख रहा है। हमलावर की पहचान 23 वर्षीय राबिन वेस्टमैन के रूप में हुई है। वेस्टमैन ने 2020 में अपना नाम बदल दिया था। इस हमले की दो वीडियो रोबिन डब्ल्यू नामक यूटयूब चैनल पर डाले गए थे, लेकिन बाद में वीडियो समेत चैनल भी डिलीट कर दिया गया। मोबाइल फोन से शूट किए गए लगभग 10 मिनट लंबे वीडियो में हथियारों, गोला-बारूद और भरी हुई मैगजीन का जखीरा दिखाया गया है। मैगजीन पर डोनाल्ड ट्रम्प को मार डालो, ट्रम्प को अभी मार डालो, इजरायल का पतन होना चाहिए, और इजराइल को जला दो जैसे नारे लिखे थे। इनमें से एक हथियार पर 'न्यूक इंडिया' (भारत पर परमाणु हमला) भी लिखा हुआ था।

## दक्षिण-पश्चिमी जापान में हुआ ज्वालामुखी विस्फोट

**टोक्यो।** जापान के दक्षिण-पश्चिमी मुख्य क्यूशू द्वीप स्थित ज्वालामुखी माउंट शिनमो में आज हुए विस्फोट के बाद 5500 मीटर ऊंचाई तक धूल और धुएं का गुबार दर्ज किया गया। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी है। क्योदो न्यूज़ ने जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) के हवाले से बताया कि कागोशिमा और मियाज़ाकी प्रान्तों के बीच स्थित 1421 मीटर ऊंचा ज्वालामुखी स्थानीय समयानुसार सुबह 4:53 बजे फटा, जिससे ज्वालामुखी लावा और धूल का गुबार क्रेटर से 5000 मीटर ऊपर पहुंच गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि जेएमए ने 5 अंकों वाले सतर्कता स्तर पैमाने से अब स्तर तीन का अलर्ट जारी कर दिया है और लोगों से मियाज़ाकी और कागोशिमा क्षेत्रों में क्रेटर के पास नहीं जाने का आग्रह किया है।

## ट्रम्प के सलाहकार ने यूक्रेन जंग को मोदी वॉर बताया

### बोलेः रूसी तेल खरीद इसे बढ़ा रहे, आज सौदे बंद करो, कल एक्स्ट्रा टैरिफ खत्म हो जाएगा



- भारतीय नेता हमारी आंखों में आंखें डालकर कहते हैं कि हम रूसी तेल खरीदना बंद नहीं करेंगेः पीटर नवारो

**वाशिंगटन।** ट्रम्प के ट्रेड सलाहकार पीटर नवारो ने यूक्रेन जंग को 'मोदी वार' बताया है। नवारो ने ब्लूमबर्ग टीवी के इंटरव्यू में भारत पर जंग को बढ़ावा देने और दोहरा खेल खेलने का आरोप लगाया। नवारो ने कहा कि भारत रूस से सस्ता तेल खरीदकर उसे रिफाइन करता है और ऊंची कीमत पर बेचता है। इससे रूस को जंग के लिए पैसा मिलता है और वो यूक्रेन पर हमला करता है।

नवारो ने चेतावनी देते हुए कहा कि रूस और चीन के साथ भारत के बढ़ते संबंध दुनिया के लिए खतरा बन सकते हैं। उन्होंने कहाः भारत तुम तानाशाहों के साथ मिल रहे हो। चीन ने अक्साई चिन और तुम्हारे कई इलाके पर कब्जा कर लिया। और रूस? जाने भी दो। ये आपके दोस्त नहीं हैं। नवारो ने कहा कि भारतीय नेता हमारी आंखों में आंखें डालकर कहते हैं कि हम रूसी तेल खरीदना बंद नहीं करेंगे। अब इसका क्या मतलब है? उन्होंने रूस पर भारत को बेचे गए तेल के बदले मिलने वाले पैसों से युद्ध मशीनरी को चलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहाः रूस, यूक्रेन पर हमले कर वहां के लोगों को मारता है। फिर यूक्रेन हमारे और यूरोप के पास आकर कहता है कि हमें और पैसा दो। इस तरह अमेरिकी टैक्सपेयर्स को नुकसान होता है। नवारो ने अमेरिकी सामानों पर लगने वाले भारतीय टैरिफ की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि भारत की नीतियों से अमेरिका में सभी को नुकसान हो रहा है। अमेरिकी जनता, कारोबार, कामगार सब हार रहे हैं, क्योंकि भारत ने बहुत ऊंचे टैरिफ लगा रखे हैं। इसकी वजह से अमेरिका में नौकरियां जा रही हैं, कारखाने बंद हो रहे हैं, लोगों की आमदनी और बढ़ी हुई मजदूरी भी खत्म हो रही है। अमेरिकी टैक्सपेयर्स को भी घाटा उठाना पड़ रहा है, क्योंकि उनका पैसा आखिरकार मो नवारो ने तेल आयात पर भारत के दावों को खारिज किया। उन्होंने मोदी पर एरोगेंट (घमंडी) होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भारत का हर रोज 15 लाख बैरल रूसी तेल खरीदना, यूक्रेनी लोगों को मारने के लिए हथियार, ड्रोन और बम खरीदने के लिए काफी है। दरअसल, ट्रम्प पहले भी भारत पर रूसी तेल खरीद कर यूक्रेन जंग को बढ़ावा देने का आरोप लगा चुके हैं।

इसे भारत ने गलत बताते हुए कहा था कि हम अपने देश की जरूरतों के हिसाब से फैसले लेते हैं। नवारो की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब अमेरिका ने भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। इस कदम से अमेरिका को भारत के 66 प्रतिशत निर्यात पर असर पड़ने की आशंका है। भारत-अमेरिका के बीच 2024-25 में द्विपक्षीय व्यापार 131.8 अरब डालर था। नवारो ने टैरिफ बढ़ाने का बचाव करते हुए भारतीय व्यापार नीतियों को अनुचित बताया।

## हम भारत पर टैरिफ का समर्थन नहीं करतेः ऑस्ट्रेलिया

### ऑस्ट्रेलियाई व्यापार मंत्री डान फैरेल ने मुक्त और निष्पक्ष व्यापार के प्रति प्रतिबद्धता पर दिया जोर



- हमारा मानना है कि समृद्धि सुनिश्चित करने का सबसे अच्छा तरीका मुक्त, निष्पक्ष और खुला व्यापार जारी रखनाः फैरेल

**सिडनी।** डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत पर टैरिफ लगाए जाने के बाद आस्ट्रेलियाई व्यापार मंत्री डान फैरेल ने भारत का समर्थन किया है और अपने देश की 'मुक्त और निष्पक्ष व्यापार' के प्रति प्रतिबद्धता पर जोर दिया है। उन्होंने कहा, हम एक ऐसे देश हैं जो मुक्त और निष्पक्ष व्यापार में विश्वास करते हैं। हमारा मानना है कि समृद्धि सुनिश्चित करने का सबसे अच्छा तरीका मुक्त, निष्पक्ष और खुला व्यापार जारी रखना है।

हम आस्ट्रेलिया या भारत पर टैरिफ लगाने का समर्थन नहीं करते। उन्होंने जोर देकर कहा, संरक्षणवाद कोई रास्ता नहीं है। यह मुक्त और निष्पक्ष व्यापार है। आस्ट्रेलियाई व्यापार मंत्री डान फैरेल की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब आस्ट्रेलिया और भारत व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) पर काम कर रहे हैं। पिछले हफ्ते आस्ट्रेलिया ने अपने शीर्ष वार्ताकार को दोनों देशों के बीच सार्थक चर्चा के लिए नई दिल्ली भेजा था। फैरेल ने कहा कि हमने सप्ताह भर चर्चाएं कीं और पीयूष गोयल के साथ मेरी दो जूम काल हुईं। डान फैरेल ने कहा कि आस्ट्रेलिया और भारत के बीच सद्भावना साथ ही वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियां, जहां मुक्त और निष्पक्ष व्यापार का मार्ग प्रशस्त करेंगे। भारत-आस्ट्रेलिया के बीच पहले से ही आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता है। जिस पर अप्रैल, 2022 में हस्ताक्षर किए गए थे। यह आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने, विभिन्न प्रकार की वस्तुओं पर शुल्क समाप्त करने और सेवा बाज़ारों को खोलने के लिए एक अंतरिम मुक्त व्यापार समझौते के रूप में कार्य करता है। आस्ट्रेलियाई व्यापार मंत्री ने कहा हम और भी बहुत कुछ कर सकते हैं। मेरा उद्देश्य व्यापार बढ़ाना और मज़बूत सामुदायिक संबंध बनाना है। यही निश्चित रूप से गोयल के लिए संदेश है। व्यापार के अलावा, आस्ट्रेलिया भारत में निवेश बढ़ाने का इच्छुक है और इसे जीवन स्तर में सुधार के साथ एक संपन्न लोकतंत्र के रूप में मान्यता देता है। फैरेल ने कहा कि हम भारत जैसे देशों के साथ काम करना चाहते हैं। हमें भारत में अपार अवसर दिखाई दे रहे हैं। वर्तमान सरकार की नीतियों की बदौलत, जीवन स्तर में सुधार हो रहा है। हमें आस्ट्रेलिया के लिए शानदार अवसर दिखाई दे रहे हैं।

## ऑस्ट्रेलिया की सरकार 500 अतिरिक्त शुल्कों में करेगी कटौती

- हम अपनी बात पर अड़िग हैं और हम चाहते हैं कि देश व्यापार बाधाओं को दूर करें

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया सरकार ने आज कहा कि वह उत्पादकता बढ़ाने और मुक्त व्यापार को प्रोत्साहित करने के प्रयासों के तहत 500 और 'अतिरिक्त' शुल्कों में कटौती करेगी।

राजकोष प्रमुख जिम चाल्मर्स, व्यापार मंत्री डॉन फैरेल और उद्योग एवं नवाचार मंत्री टिम आयर्स ने आज घोषणा करते हुए कहा कि व्यवसायों पर स्वीकृति संबंधी बोझ कम करने के लिए टायर, वाइन ग्लास और टेलीविज़न जैसी वस्तुओं पर लगने वाले छोटे शुल्क अगले वित्तीय वर्ष की शुरुआत, एक जुलाई, 2026 से हटा दिए जाएंगे। चाल्मर्स ने कैनबरा में संवाददाताओं से कहा कि टायरों पर मौजूदा आयात शुल्क से हर साल 80 हजार ऑस्ट्रेलियाई डॉलर से कम राजस्व प्राप्त होता है, लेकिन इन्हें हटाने से व्यवसायों को सालाना अनुपालन लागत में तीन करोड़ 20 लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर से जयादा की बचत होगी। फैरेल ने कहा कि हम अपनी बात पर अड़िग हैं और हम चाहते हैं कि देश व्यापार बाधाओं को दूर करें। हम बाकी दुनिया को दिखा रहे हैं कि हम इस मुद्दे को लेकर कितने गंभीर हैं। गौरतलब है कि सरकार ने 2024 में कुछ सब्जियों, रेफ्रिजरेटर और रबर सहित 457 वस्तुओं पर लगे अतिरिक्त शुल्कों को समाप्त कर दिया।

